सूर्योदय प्रातः 5:21 | सूर्यास्त संध्या 6:13 | पखवाड़ा | चैत्र शु. पूर्णिमा, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 35° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024, वर्ष : 15, अंक : 70, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,648.62 | 560.29 (0.77%) |
| निफ्टी | 22,336.40 | 189.40 (0.86%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम, 22 carat)

| | |
|---|---|
| सोना | 67,550.00 |
| चांदी | 855.00 |

## एक झलक

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से उत्तराखंड के दौरे पर

**देहरादून :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। राष्ट्रपति के 23 और 24 अप्रैल के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा में नियुक्त समस्त पुलिस बल की सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने ब्रीफिंग की। सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा के दौरान आलाधिकारियों ने कर्मचारियों को सजग और सतर्क रहकर कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए।

### एनआईए ने नौ स्थानों पर की छापेमारी

**जम्मू :** पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी शाखा से जुड़े जम्मू-कश्मीर आतंकी साजिश मामले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पूरे कश्मीर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। नवगठित शाखाओं और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों से जुड़े हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स के परिसरों पर की गई छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा और दस्तावेजों वाले कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। जैसे कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्ब-उल-मुजाहिदीन, अल-बद्र, अल-कायदा इन संगठनों के समर्थकों और कैडरों के परिसरों की भी बड़े पैमाने पर तलाशी ली गई।

### मोदी के बयान पर कांग्रेस की तीखी प्रतिक्रिया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बांसवाड़ा रैली में दिए गए एक बयान पर कांग्रेस और विपक्ष की कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हमारे घोषणा पत्र की हमारी 25 गारंटियां सबके लिए हैं। वहीं कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र की कॉपी प्रधानमंत्री कार्यालय भी भेजी जाएगी।

### ममता करप्शन के स्लीपर सेल की मुखिया : भाजपा

**नयी दिल्ली :** कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा 2016 की एसएससी भर्ती के सम्पूर्ण पैनल को अवैध ठहराने के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को करप्शन के स्लीपर सेल की मुखिया बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में प्रवक्ता सयैद जफर इस्लाम ने कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में हुए भर्ती घोटाले पर मुहर लगा दी है।

## अंदर के पन्नों पर


3 शहरी मतदाता अपने मतदान केन्द्रों की लें जानकारी...

5 आम के पौधे लगा कर लिया धरती बचाने का संकल्प...

7 इंडिया गठबंधन की बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा...

9 परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं लोग : सीएम...

10 सीएसके और सुपर जाइंट्स में होगी कड़ी टक्कर...


# दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, जवानों का हौसला बढ़ाया

- माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहनेवाले सैनिकों को खिलायी मिठाई
- सियाचिन बेस कैम्प में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा चुनाव प्रचार की व्यस्तताओं के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सियाचिन पहुंचे। दुनिया की सबसे ऊंची "बैटल फील्ड" में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से बातचीत करके उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने के लिए सैनिकों का हौसला बढ़ाया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस बार होली का पर्व सैनिकों के साथ मनाने के लिए सियाचिन जाना था, लेकिन अचानक मौसम खराब होने की वजह से अंतिम समय में कार्यक्रम बदलना पड़ा। इसके बाद राजनाथ सिंह ने लेह के मिलिट्री स्टेशन में जाकर सशस्त्र बलों के साथ होली का त्योहार मनाया था। उन्होंने उसी समय सियाचिन में तैनात कमांडिंग ऑफिसर से जल्द सियाचिन आकर पाकिस्तान के मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात करने का वादा किया था। इसके बाद वे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं और रैलियों में व्यस्त हो गये। इस बीच भारतीय वायु सेना ने 13 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ चलाये गये "ऑपरेशन मेघदूत" की 40वीं वर्षगांठ मनायी, लेकिन रक्षामंत्री चुनावी व्यस्तताओं के कारण इस कार्यक्रम में भी नहीं शामिल हो सके। इस बीच सोमवार की सुबह रक्षा मंत्री सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ लेह, लद्दाख में थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद रक्षामंत्री सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की। उन्होंने सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों पर तैनात जवानों से बातचीत में उनके सामने आनेवाली चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। रक्षा मंत्री ने जवानों को मिठाई खिला कर उनका हौसला बढ़ाया और "भारत माता की जय" का उद्घोष किया।

रक्षामंत्री ने कहा कि सियाचिन में "ऑपरेशन मेघदूत" की सफलता हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। दुनिया के सबसे ऊंचे इस युद्धक्षेत्र में हमारी सेनाओं ने जो बहादुरी दिखायी है, उस पर हमें नाज है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अलीगढ़ के नुमाइश मैदान की चुनावी सभा में गरजे मोदी ; कहा

# कांग्रेस की नजर आपकी मेहनत की कमाई पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली/अलीगढ़ :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन पर जम कर हमला बोला। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन के खतरनाक इरादों से लोगों को आगाह कर रहा हूं। कांग्रेस की नजर आपकी कमाई पर है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आयी, तो वह सबकी सम्पत्ति की जांच करायेंगे। वह आपकी सम्पत्ति लेकर लोगों में बांट देंगे। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह कांग्रेस का घोषणा पत्र कह रहा है। सरकार के नाम पर कांग्रेस आपकी सम्पत्ति छीन लेगी। यह माओवादी सोच है। यह कम्युनिस्टों की सोच है। आपकी मेहनत की कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारनी चाहती है। माताओं, बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा, यह कांग्रेस कहती है। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूट कर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है। किसी गरीब को उसमें से कुछ नहीं दिया है। उल्टे वे गरीबों से छीनना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है। अलीगढ़ की जनता से प्रार्थना करने और आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। अच्छे भारत और विकसित भारत की चाबी भी आपके पास ही है। अब देश को गरीबी, भ्रष्टचार, परिवारवादी राजनीति से पूरी तरह से मुक्त कराने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले बार्डर पर आये दिन गोले दगते थे। आतंकी बम फोड़ते थे। अयोध्या और काशी को नहीं छोड़े। हर बड़े शहर में बम धमाका। अब उस सीरियल बम धमाके पर ब्रेक लग गया है। अब मोदी-योगी का कमाल है कि यह सब बंद हो गया है। पहले अलीगढ़ में भी आये दिन कर्फ्यू लगता था। अब ऐसा नहीं है।

मोदी ने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती सपा की पहचान थी। इसी से उनकी राजनीति चलती थी। एक समय था कि बेटियां बाहर निकल नहीं सकती थीं। आज योगी सरकार में कोई गुंडा सिर नहीं उठा सकता है। पहले हज कोटा कम होता था। उसमें भी घूसखोरी चलती थी। ज्यादातर पैसे वाले लोग ही जा पाते थे। हमारी सरकार ने हज का कोटा ही नहीं बढ़ाया, बल्कि प्रक्रिया को आसान भी बनाया। पहले अकेली महिलाएं हज करने नहीं जा सकती थीं। हमने उसे भी दुरुस्त किया। आज बहुत-सी मुस्लिम माताएं-बहनें हमें आशीर्वाद दे ● शेष पृष्ठ 11 पर

### पीएम की सभा में आने के लिए अक्षत देकर दिया जायेगा आमंत्रण

**अररिया :** फारबिसगंज के हवाई फील्ड के मैदान में 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। इसमें शामिल होने के लिए आमजनों के घर-घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता अक्षत देकर आमंत्रण देंगे। यह जानकारी बिहार सरकार के मंत्री एवं प्रधानमंत्री के फारबिसगंज में आयोजित कार्यक्रम के प्रभारी नीरज कुमार बबलू ने दी। विधायक विद्यासागर केशरी के आवास में संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के उपरांत पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कहीं।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 26 अप्रैल के कार्यक्रम के ऐतिहासिक होने का दावा किया। उन्होंने जानकारी ● शेष पृष्ठ 11 पर

# वेंकैया नायडू, डॉ. पद्मा सुब्रमण्यम व बिंदेश्वर पाठक समेत कई हस्तियां पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-कमें वर्ष 2024 के लिए 03 पद्म विभूषण, 07 पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति भवन के दरबार हाल में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण प्रदान किया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक की पत्नी अमोला ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

राष्ट्रपति ने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पॉप गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, डॉ. सीताराम जिन्दल, हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. तेजस मधुसूदन पटेल, दत्तात्रेय अंबादास मायालू और डॉ. चन्द्रेश्वर प्रसाद ठाकुर को पद्म भूषण प्रदान किया।

राष्ट्रपति ने इसके अलावा टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और असम के ओजपली लोक नर्तक द्रोण भुइयां सहित अन्य को पद्मश्री प्रदान किया।

इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार तीन ● शेष पृष्ठ 11 पर

### पूर्व जस्टिस गांगुली ने मांगा ममता का इस्तीफा

**कोलकाता :** राज्य में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के जरिए हुई 25 हजार से अधिक नियुक्तियों को कलकत्ता हाई कोर्ट से रद्द किये जाने के बाद कोलकाता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और तमलुक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए तुरन्त ममता बनर्जी के इस्तीफा की मांग की है। उन्होंने कहा, 'अदालत ने उचित फैसला दिया है, लेकिन आज मेरे लिए राहत का दिन नहीं है। क्योंकि, मेरा राज्य इसी मुख्यमंत्री के अधीन चल रहा है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# नाबालिग रेप पीड़िता को 30 हफ्ते का गर्भ गिराने की मिली इजाजत

- देश की सबसे बड़ी अदालत ने बदला अपना ही नियम?

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग रेप पीड़िता को 30 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत दे दी है। सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने 14 वर्षीय लड़की की गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने अस्पताल द्वारा प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर, जिसमें नाबालिग की चिकित्सीय समाप्ति की राय दी गयी थी और कहा गया था कि गर्भावस्था जारी रहने से नाबालिग के शारीरिक और मानसिकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला के पीठ ने की। इससे पहले, कोर्ट ने मुंबई के एक अस्पताल से मेडिकल गर्भपात कराने या ● शेष पृष्ठ 11 पर

# रामलला के दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त

- राम दरबार में 90 विदेशी रामभक्तों ने हनुमान चालीसा पढ़ने के साथ किये रामलला के दर्शन

एजेंसी

**अयोध्या :** श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड एंबेसडर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगा कर किया गया। इससे पहले रविवार की शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में शामिल हुए थे। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंच कर राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। सोमवार को सभी ने श्रीराम मंदिर में बैठ कर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने रामलला के दर्शन किये।

अयोध्या पहुंचनेवालों में प्रमुख रूप से भूटान के ● शेष पृष्ठ 11 पर

### प. बंगाल में थी 26/11 जैसे हमले की योजना

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी कर हमले की योजना बना रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस ने उसे मुंबई के माहिम इलाके से गिरफ्तार किया है। शख्स की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई है। कोलकाता पुलिस ने दावा किया है कि राजाराम आतंकी है और उसका कनेक्शन मुंबई हमलों के हैंडलर डेविड हेडली से भी रहा है। इतना ही नहीं एसटीएफ का दावा है कि राजाराम कोलकाता में मुंबई के 26/11 जैसे हमले की साजिश रच रहा था।

# आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए : अर्जुन मुंडा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए। इसके लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है और यह तभी सम्भव है जब आप लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देंगे। अर्जुन मुंडा सोमवार को कर्रा प्रखंड के लापा और उड़ीकेल गांव में आयोजित चुनावी सभाओं को सम्बोधित कर रहे थे।

मुंडा ने कहा कि 60 वर्षों तक देश में शासन करनेवालों ने गांवों के विकास को अवरुद्ध करके रखा। उन्होंने कहा कि विकास के लिए हमें परम्परा और परिवर्तन को साथ लेकर चलना होगा। विकसित भारत के लिए हमें विकास में गतिशीलता लानी होगी। एक ओर हम ऑर्गेनिक फूड की बात करते हैं और गोबर से दूर होते जा रह हैं। विकास के लिए समयबद्ध काम होना चाहिए। घड़ी के बंद होने से समय नहीं ● शेष पृष्ठ 11 पर

# मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया : अमित शाह

एजेंसी

**रायपुर/कांकेर :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ की कांकेर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि, 'मोदी जी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड और अगले 25 साल का एजेंडा है। चार पीढ़ियों से राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का समर्थन नहीं किया। कांग्रेस ने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को पैसा नहीं दिया और ना ही किसानों को पैसा दिया। कांग्रेस ने तेंदु पत्ता वालों को बोनस नहीं दिया, घरों में गैस, बिजली, शौचालय और नल से जल नहीं दिया। कांग्रेस की सरकार ने किसानों के धान को कभी 3,100 रुपये में नहीं खरीदा। मोदी सरकार में गरीबों को आवास, गैस, बिजली, शौचालय, मुफ्त अनाज और नल से जल देने का काम किया जा रहा है। नरेन्द्र मोदी ने 60 करोड़ गरीबों को 05 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य का खर्चा निःशुल्क कर दिया है। मोदी 3.0 में 70 साल से ऊपर सभी वरिष्ठ नागरिकों को 05 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जायेगी।'

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक अनुच्छेद 370 को बनाये रखा, लेकिन मोदी जी ने 05 अगस्त, 2019 को इसे समाप्त कर दिया। इस देश से आतंकवाद को पूर्णतया खत्म और नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर लाने का काम मोदी जी ने किया है। मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है।

अमित शाह ने कहा, 'राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासन में 05 साल तक महादेव एप कांड चलता रहा। महज 04 महीने के अंदर भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार ने 90 से ज्यादा नक्सलवादियों को समाप्त करने का काम किया है। 123 लोग गिरफ्तार हुए, 250 लोगों ने समर्पण किया। आज आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश से नक्सलवाद जड़ से खत्म हो चुका है। आनेवाले दो वर्षों में मोदी सरकार छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेगी।

उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने सालों तक आदिवासी मंत्रालय नहीं बनाया, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य भी बनाया और आदिवासी मंत्रालय का भी गठन किया। मोदी जी ने जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास की दिशा में काम किया है। आजादी के बाद पहली बार मोदी सरकार में ओडिशा के गरीब आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति का दर्जा दिया गया, जिससे आदिवासियों का गौरव बढ़ा है। मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में 200 करोड़ रुपये की लागत से 10 आदिवासी संग्रहालय का निर्माण किया गया है। कांग्रेस की सरकार में आदिवासियों के लिए बजट 24 हजार करोड़ रुपये था, लेकिन मोदी जी ने इस बजट को बढ़ा कर 01 लाख 24 हजार करोड़ रुपये कर दिया। मोदी सरकार में तेंदु पत्ता के लिए बोनस दिया गया, एकलव्य स्कूल का निर्माण हुआ और 01 लाख छात्रों को छत्रवृत्ति दी गयी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने घोषणापत्र में सम्पत्ति के सर्वे ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### सीआईटी में टीसीएस ने किया प्री प्लेसमेंट टॉक का आयोजन

**अनगड़ा :** आईटी सेक्टर की नामचीन कंपनी टीसीएस ने सोमवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में इंजीनिरिंग के फाइनल व प्री फाइनल सेशन के विद्यार्थियों के लिए प्री प्लेसमेंट टॉक का आयोजन किया। सत्र के दौरान कंपनी के एच. आर टीम के संदीप रॉय एवं आकाश घोष ने विद्यार्थियों को सम्बोधित कर कंपनी की चयन प्रकिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। व विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब दिया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने चयन के लिए टीसीएस द्वारा सालाना आयोजित होने वाले (एनक्यूटी) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रकिया के अलावे इंटर्नशिप, करिंअर ग्रोथ, अपग्रेड स्किल्स, कटऑफ, टेस्ट पैटर्न के बेसिक व एडवांस आदि की जानकारी दी। मौके पर चीफ कोर्डिनेटर प्रो. अंकित सिंह, प्रोफेसर इंचार्ज ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ के पी दत्ता, कौशिक चटेर्जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। संभावना है कि कंपनी जल्द ही संस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करेगी। सत्र में कंप्यूटर साइंस के अलावे इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनिरिंग के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी से विधायक सलाहकार ने की अपील

**ओरमांझी :** खिजरी विधायक सलाहकार रमेश उरांव ने केंद्रीय नेतृत्व को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अपील की है। उन्होंने कहा कि लगभग एक साल पहले झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पद पर आदिवासी अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग कर रहे झारखंड प्रदेश स्तर के चार नेताओं आलोक कुमार दुबे, डा० राजेश कुमार गुप्ता, किशोर नाथ शाहदेव, साधूचरण गोप को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। जो गलत हुआ है। पुनः 2024 के लोकसभा चुनाव में इन चारों नेताओं का झारखंड प्रदेश के विभिन्न इंडिया गठबंधन के लोकसभा के उम्मीदवार को भारी बहुमत से जीताने के लिए अत्यंत आवश्यकता इसलिए निलंबन को वापस लिया जाए और चुनाव में काम करने की जिम्मेवारी देने की आवश्यकता है। उपरोक्त चारों नेताओं का उपयोग रांची,लोहरदगा धनबाद,खूंटी इत्यादि 14 लोकसभा क्षेत्रों में काफी उपयोगी है। इसलिए पार्टी में उन चारों नेताओं की वापसी पर विचार किया जाना चाहिए।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने किया कीटनाशक दवा का छिड़काव

**रांची :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रांची समर्पण शाखा ने 22 अप्रैल 2024 को हात्मा बस्ती, सिद्धू कान्हु पार्क के नजदीक* में कीटनाशक दवा का छिड़काव सुबह 8 बजे किया। शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा, धरती मां के समान है हमे खुद इसे साफ रख के इसका सम्मान करना चाहिए। पर्यावरण एवं स्वच्छता प्रभारी रितु पोद्दार और सयोजिका राधा ड्रोलिया जी के नेतृत्व में यह कार्य संपन्न हुआ। शाखा सदस्यों ने बस्ती के लोगो से बात कर उन्हे साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल,रितु पोद्दार,कविता सोमानी,राधा ड्रोलिया उपस्थित थी।

### तेज रफ्तार बाइक पोल से टकराई, दो घायल

**भुरकुंडा :** ओपी क्षेत्र के सौंदा 'डी' पंचायत में सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों के सहयोग से एंबुलेंस पर भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए एक को रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार भुरकुंडा पावर हाउस निवासी राजकुमार भुईयां (42वर्ष) और सौंदा निवासी कृष्ण कुमार लोहार (17वर्ष) बाइक पर भुरकुंडा से सौंदा डी की ओर जा रहे थे।

# झामुमो नेता के आवास पर समाज विरोधी तत्वों का हमला

- लाठी-डंडे से लैस थे सभी हमलावर
- मार-पीट कर किया बुरी तरह घायल
- छह नामजद समेत 15 पर एफआईआर
- तीन भेजे गये जेल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओरमांझी थाना क्षेत्र के चकला गांव निवासी सह झामुमो के पूर्व केंद्रीय अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष अब्दुल कुद्दूस अंसारी के घर में पड़ोसियों ने कुटे गांव के लोगों से मिलकर धावा बोल दिया और लाठी-डंडे से हमला कर उनके बेटे सहित अन्य परिजनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना रविवार की रात 9 बजे की है। गंभीर रूप से घायल झामुमो नेता का पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में अब्दुल कुद्दूस अंसारी ने 6 नामजद सहित15 लोगों के खिलाफ ओरमांझी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार अब्दुल कुद्दूस अंसारी रविवार की रात अपने घर के अंदर बैठे हुए थे। इसी दौरान कुटे निवासी इसराफिल अंसारी,एजाज अंसारी,एनामुल अंसारी,चकला निवासी चिराग अंसारी, नेयाज अंसारी, मिन्हाज अंसारी व अन्य 10 से 15 की संख्या में लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर अचानक आ धमके और अंदर घुस गए।इस के बाद गाली-गलौज करते हुए उनके पुत्र,बहु व छोटे-छोटे बच्चे और बच्चियों पर लाठी-डंडे,राड,हाकी स्टिक और अन्य धारदार हथियार से हमला करने लगे।हल्ला सुनकर गांव वाले जमा हो गए और हमलावरों से किसी तरह बचाया।अपने आप को गांव वालों से घिरता देख सभी हमलावर वहां से भागने में सफल रहे।हमले में मुनिस अख्तर के सिर में गंभीर चोट आई है और उसके दोनों हाथ भी टूट गए हैं।मुनिस को जान से मारने की नियत से बेरहमी के साथ मारा गया है। हमलावर जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी देते हुए गए हैं।इधर,पुलिस ने फौरी तौर पर कार्रवाई करते हुए नामजद तीन आरोपियों मिन्हाज अंसारी, एनामुल अंसारी और एजाज अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।आरोप है कि एक आरोपी इसराफिल अंसारी को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर थाने ले गई थी। लेकिन,वह थाने से फरार होने में सफल रहा। पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## डीएवी उरीमारी में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** डीएवी उरीमारी में पृथ्वी दिवस पर सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं में जागरूकता हेतु क्विज, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार रॉय ने पृथ्वी दिवस की महत्ता एवं उसकी शुरूआत तथा 2024 का विषय ह्लग्रह बनाम प्लास्टिकह्व पर अपने विचारों से छात्र- छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमें प्लास्टिक प्रदूषण के गंभीर मुद्दे पर ध्यान देना होगा और ग्रहों के स्वास्थ्य के लिए प्लास्टिक को समाप्त करना होगा। तत्पश्चात प्रार्थना सभा में ग्रीन ओलंपियाड में चयनित लगभग 100 छात्र-छात्राओं में प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। सीसीएल द्वारा बलकूदरा, भुरकुंडा में आयोजित खान सुरक्षा सप्ताह में शामिल प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कारों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में में डीके मंडल, असीम घटक, एसके पाण्डेय, हरिहर पाढ़ी, सचिन कुमार तिवारी, एसबी सिंह, आर एन मिश्रा, दीनू बंधू दास, रवि रंजन गुप्ता, बी प्रुस्टी, एन के वत्स, मंजू सिन्हा, पुष्पांजलि प्रधान, बबीता कुमारी, रश्मि कुमारी, ए.के. सिंह, राज कुमार सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चिलचिलाती गर्मी में गोला प्रखंड के एक दर्जन पंचायतों में किया धुंआधार प्रचार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ने लगा है वहीं मौसम में गर्मी में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है। ऐसे में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र में 43 डिग्री सेल्सियस तापमान में चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी में जंगलों और पहाड़ों से घिरे पुरुलिया और बोकारो जिले के सीमांत क्षेत्र के गाँव- गली- डगर में देर शाम तक पसीना बहाते हुए जनसंपर्क और जनसंवाद करते रहे। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने जनसंपर्क और जन संवाद के दौरान आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर वोट देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का अपील की। मनीष जायसवाल का गोला चौक पहुँचने पर भाजपा कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। जिसके बाद गोला प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत स्थित ग्राम चक्रवाली से अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। तत्पश्चात खाखरा, ऊपर खाखरा, चोकाद, पतरातु, डुंडीगाछी, बेटूलकलां, बिसा, मुरुडीह, संग्रामपुर, अवराडीह, सुथरपुर, ऊपर बरगा, हेठ बरगा, बरलंगा बस्ती, सरगडीह, डिमरा, सोकला, सोनडिमरा, नावाडीह, हारूबेड़ा, कोराम्बे, घाघरा, छोटकी हेसल, पूरबडीह, रायपुरा, बाघाकुदर, बरियातू सहित अन्य गाँवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। जहाँ हर गाँव में स्थानीय लोगों ने प्रचंड गर्मी के बावजूद भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मनीष जायसवाल का अभिनंदन किया और आने वाले चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया । रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित बरलंगा भाजपा मंडल के तुफानी दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल द्वारा खोरठा भाषा में भाषण देना और खटिया में बैठकर ग्रामीणों संग संवाद करने की प्रतिभा देख जहाँ स्थानीय मतदाताओं को अपनापन का एहसास कराया वहीं उनके इस तरह से प्रचार के तरीके स्थानीय ग्रामीण मतदाता को खूब भा रहा है। मनीष जायसवाल की सादगी और साफगोई की चर्चा उनके पहले दौरे से ही क्षेत्र में शुरू हो चुका है। एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल पिछले करीब 20 दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 20 भाजपा मंडलों का तुफानी दौरा कर चुके हैं। इस दौरान वे प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक पंचायतों के दर्जनों गांवों का दौरा कर अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चला रहें हैं और लोगों को यह एहसास करा रहें हैं की मनीष जायसवाल भी गाँव का बेटा है और हमेशा सुलभता के साथ उपलब्ध रहता है ।

## हावड़ा-जबलपुर ट्रेन के एक कोच में खराब एसी से यात्रियों को हुई परेशानी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** हावड़ा से जबलपुर जानेवाली शक्तिपुंज एक्सप्रेस के एक एसी कोच में एसी खराब होने से यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। कोच में सफर कर रहे एक यात्री ने परेशानी को लेकर / रेलमदद पर ट्वीट भी किया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर 01:10 बजे शक्तिपुंज एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा से जबलपुर के लिए रवाना हुई। इस दौरान एसी कोच ठ-3 के एसी में तकनीकी खराबी के कारण यात्रियों को परेशानी होने लगी। एसी ऑन होने के बावजूद काम नहीं कर रहा था। इसे लेकर टीटीई से शिकायत की गई। वहीं एक यात्री दीपायन मुखर्जी ने / रेलमदद को ट्वीट करते हुए शिकायत दर्ज कराई। ह्यरेलवेसेवाह्य ने त्वरित रूप मामले को संज्ञान में लिया। रेफरेंस नंबर 2024042109772 के तहत शिकायत पर संबंधित अधिकारियों और विभागों को निर्देशित किया गया। इधर, ट्रेन शाम 08:55 बजे बजे बरकाकाना पहुंची। जहां कोच के यात्री काफी परेशान दिखे। हावड़ा से बरकाकाना पहुंचे दीपायन मुखर्जी ने बताया कि सफर के दौरान टेक्नीशियन की टीम ने एसी ठीक करने का प्रयास किया लेकिन गड़बड़ी ठीक नहीं हो सकी। भीषण गर्मी में यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी है। इस असुविधा पर रेलवे को यात्रियों का पैसा रिफंड करना चाहिए। वहीं हावड़ा से गढ़वा जा रहे कृष्णा प्रसाद ने कहा कि ट्रेन परिचालन से पूर्व तकनीकी खराबियों को दूर कर लेना चाहिए। जिससे सवारियों को परेशानी उठानी न पड़े। वहीं मामले पर रेलवे अधिकारियों की मानें तो कोच में एसी चालू था, लेकिन प्रोपर तरीके से कूलिंग नहीं हो पा रहा था। बताया जाता है कि चंद्रपुरा स्टेशन से टेक्नीशियनों ने मरम्मती करते हुए गड़बड़ी में काफी हद तक सुधार कर लिया।

## एला एंग्लाइज में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

### धरती को बचाये रखने के लिए वनों का संरक्षण बेहद जरूरी : विजयंत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** एह्वला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। अवसर पर पौधरोपण के आलावा चित्र कला ओर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी वर्गों के छात्र, छात्राएं ने हिस्सा लिया। जिनमें विवेक,सुजल, आयुष, सौरभ प्रजापति, सृष्टि रंगीला प्रिया शर्मा, श्रेया, शिवानी, कुमुद, कृष्णा, छवि, आलिया, आरसी, स्वाति, सोनाली, परी, रीता, विदुषी, नाथ्या मिश्रा, वैष्णवी, नमन प्रार्थी, स्नेहा वर्मा, गुंजन, प्रिया, पम्मी, शाहीन,फातिमा सहित अन्य शामिल रहे।मौके पर स्कूल के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि आज प्रकृति विभिन्न प्रकार के जलवायु संकटों से जूझ रही है। इन संकटों से बचने के लिए पौधरोपण के साथ-साथ वनों का संरक्षण जरूरी है। इसके लिए सभी को जागरूक होने और सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है।अवसर पर चित्र-कला और भाषण के माध्यम से वन संपदा के महत्व को समझाते हुए पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। साथ ही अधिक से अधिक पौधरोपण करने और प्रदूषण पर रोक लगाने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में टीचर धर्मेश सोनी, जय किशोर महतो, सूरज देव सिंह, अंजली सिन्हा, कंचन सोनी, कृष्ण कुमार अंबष्ठा, कंचन दास, मोहनलाल बेदिया सहित अन्य ने योगदान दिया।

## कांके विधानसभा चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन सम्पन्न

### यह मोदी का दौड़ता हुआ भारत है, ना थकता है ना झुकता है दुश्मनों की आंखों में आंख डाल कर बात करनेवाला भारत है : संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** कांके विधानसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन संपन्न हुआ कांके रिंग रोड पर कांके विधानसभा चुनावी कार्यालय रांची लोकसभा के अंतर्गत खोला गया इस अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू कांके के लोकप्रिय विधायक समरी लाल, मनोज महतो बाजपेई संयोजक संजीव विजय वर्गीय रमाकांत महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सह प्रदेश के महामंत्री आदित्य साहू ने कहा ने अपने संबोधन में कहा यह चुनाव देश के दिशा और दशा तय करेगी इसलिए हम सबों को 25 मई को अपने-अपने बूथ पर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की जरूरत है भाजपा का मंत्र है बूथ जीतो चुनाव जीतो इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ पर डटकर खड़ा रहना है और मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है ताकि ज्यादा से ज्यादा मत का प्रयोग हो सके। इस अवसर पर सांसद सेठ ने कहा यह मोदी का दौड़ता हुआ भारत है ना थकता है ना झुकता है दुश्मनों के आंखों में आंख डालकर बात करने वाला भारत है पहले ऐसा होता था कि पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ करा करके कश्मीर, पंजाब, आदि जगहों पर हमले करवा देता था तब भारत इसका महज मौखिक ही विरोध दर्ज करता था, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकर या परिपाटी बदली और आतंक को उसी के घर में घुसकर जवाब देने की सेना को खुली छूट दे दी सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के जरिए भारतीय सेना ने यह बता दिया कि भारतीय सेना वक्त आने पर कुछ भी करने में सक्षम है।

## चैत पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होनेवाले मेला को लेकर बुढ़मू में आपातकालीन बैठक हुई सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** चैत पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाली मेला को लेकर बुढ़मू में एक आपातकालीन बैठक सोमवार को किया गया। बैठक का अध्यक्षता विरेन्द्र कुमार दिपक एवं संचालन पनेश्वर महतो के द्वारा किया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को गुरहा गाढ़ा स्थल में लवगढ़ा, कोर्री, अनातु व वेतांगी गांव के नेतृत्व में भब्य झांकियों के साथ अस्त्र-शस्त्र चालन एवं मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला के सफल आयोजन में संरक्षक जिप सदस्य मनोज बाजपेई, प्रमुख सतनारायण मुंडा, मुखिया देवंती देवी, धनेश्वर महतो, कजरू महतो, राजेश पहान, बबलू महतो, कालेश्वर महतो, सुरेंद्र महतो, कामेश्वर महतो, विनोद महतो, गंगाधर महतो सहित अन्य के द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

## श्री अग्रसेन स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों के बीच मना अर्थ डे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** पटेल नगर स्थित श्री अग्रसेन स्कूल में सोमवार को अर्थ डे के अवसर पर पेंटिंग, स्लोगन, भाषण एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न कक्षाओं से करीब दो सौ प्रतिभागी शामिल हुए। बच्चों ने अर्थ डे से संबंधित पेंटिंग, स्लोगन, पोस्टर, कविता के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। पृथ्वी के नष्ट होने के कारणों एवं उसके संरक्षण के उपायों पर चर्चा की गई। बच्चों व शिक्षकों ने धरती को नष्ट होने से बचाने का संकल्प दोहराया। अर्थ डे मनाने के इतिहास और पृथ्वी से जुड़े रोचक तथ्यों से भी बच्चों को अवगत कराया गया। अवसर पर विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए मनुष्य प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग की शिकार हो रही है। पृथ्वी हमारा घर है। हमारी जिम्मेवारी है कि हम इसे आनेवाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखें। पर्यावरण क्षरण से मानव स्वास्थ्य, वन्यजीव और पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान हो रहा है। पृथ्वी दिवस जैसे आयोजन से हम लोगों के बीच इस गंभीर मुद्दे पर जागरूकता फैलाकर हालात को सुधारने में सहयोग कर सकते हैं। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि आज धरती व प्रकृति पर अत्याचार काफी बढ़ गया है, जो पूरी दुनिया के लिए कहीं से भी अच्छा नहीं है। दोहन के कारण जलस्रोत समाप्त हो रहे हैं। पेड़-पौधों को काटे जाने से धरती बंजर बनती जा रही है। हवा जहरीली हो गयी है। यह बात अब हमें पूरी गंभीरता से सोचनी होगी कि हम अपने आनेवाली पीढ़ी के लिए कैसी धरती छोड़ना चाहते हैं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## लोकतंत्र के महापर्व के सफल क्रियान्वयन को लेकर हुआ बैठक का आयोजन

### सीओ व बीडीओ ने बूथों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की समीक्षा, दिये कई निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** लोकतंत्र के महापर्व की सफलता को लेकर सीओ प्रताप मिंज व बीडीओ राहुल उरांव की अगुवाई में सोमवार को प्रखंड के कई सेक्टरों में बैठक का आयोजन किया गया। जहां एक और विधि व्यवस्था के साथ सफल क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिया गया। वही स्वीप कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरंडा और राजकीय मध्य विद्यालय नरकोपी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर वोट प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा की लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है जिसका सफल क्रियान्वयन हम सब की जिम्मेदारी है। इसलिए यह जरूरी है कि न केवल वोट के दिन को ही बल्कि उसकी संपूर्ण तैयारी में गुजरने वाले हर एक दिन को हम उत्सव की तरह मनाएं और इसकी तैयारी में लगे रहे। सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र में सभी सुविधा मुहैया कराना हम सब का दायित्व है। बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अलावे मतदान कर्मी एवं पुलिस बल की सुविधाओं का भी खास ख्याल रखना है। साथ ही साथ मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों,जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से कहा कि हम सब का फर्ज है कि हम सभी मिलकर लोगों को जागरुक करते हुए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान बुथों से संबंधित जानकारी ली गई और दिशा निर्देश भी दिए गए। खासतौर पर ब्लू एवं संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया के लोगों को प्रेरित और जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाए। पदाधिकारियों ने बच्चों के साथ संयुक्त रूप से मध्यान भोजन ग्रहण किया। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की जनप्रतिनिधि के अलावे क्षेत्रीय कमी भी उपस्थित थे।

# आठ साल बाद भी नहीं बना मॉडल स्कूल का भवन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार ने प्रखंड के टेरो राजकीय बुनियादी उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में 2016 में करोड़ों की लागत से मॉडल स्कूल भवन निर्माण कार्य शुरू किया, लेकिन आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। भवन निर्माण पूर्ण कराने के लिए जिम्मेदार उदासीन हैं। भवन का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में निराशा है। वही मॉडल स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक व ग्रामीण का कहना है कि अधूरा भवन रहने से आम जनता की राशि का दुरुपयोग हो रहा है। भवन बनने से इस स्कूल में पढ़नेवाले बच्चे-बच्चियों को मूलभूत सुविधाएं मिलती। बच्चों को अभी कोई सुविधा नहीं मिल रही है। बच्चे प्रतिदिन अपने घर से ही विद्यालय आना-जाना करते हैं, जबकि उन्हें आवासीय व्यवस्था के साथ स्कूल में ही रहकर पढ़ाई करनी है।

**सरकार का उदासीन रवैया**

**केंद्रीय** विद्यालय की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों को अंग्रेजी भाषा में बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से स्थापित मॉडल स्कूल सरकार की उदासीन रवैया के कारण आज बेकार साबित हो रहा है। स्थापना के दो दशक बाद भी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट बालिक विद्यालय परिसर में चल रहे मॉडल स्कूल के पास न तो अपना भवन है और ना ही पर्याप्त संख्या में शिक्षक ही है।मॉडल स्कूल जैसा कि नाम से किसी अच्छे भवन,बेहतर शिक्षण व्यवस्था,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की छवि हमारे मन में उभरती है। इससे बिल्कुल अलग है प्रखंड में चल रहे मॉडल स्कूल की। लेकिन ऐसी स्थिति में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात सोचना भी बेमानी होगी। यह बात और है कि संसाधनों के अभाव के बावजूद मॉडल स्कूल के बच्चे साल-दर-साल बेहतर रिजल्ट कर रहे हैं। फिर भी सरकार मॉडल स्कूलों की तरफ ध्यान नहीं दे रही है। सरकार की बेरुखी का सीधा असर विद्यालय पर पड़ रहा है जिसके चलते छात्रों की संख्या घटती जा रही है। वहीं चालू सत्र में घटकर 101 रह गए हैं। शिक्षकों की कमी के कारण अभिभावक भी अब इस विद्यालय में अपने बच्चों को नामांकन करने से कतरा रहे हैं।

**कक्षा पांच और शिक्षक महज चार**

**मॉडल** स्कूल में फिलहाल कक्षा छह से लेकर दस तक पढ़ाई होती है। यानी कुल पांच कक्षाओं के लिए मात्र चार शिक्षक ही यहां कार्यरत हैं। विज्ञान व संस्कृत के शिक्षक ही नहीं है। बेहतर तरीके से पढ़ाई के लिए कम से कम विषय वार पढ़ाई के लिए यहां नौ शिक्षकों की आवश्यकता है।

**आठ साल में नहीं बन पाया भवन**

**वर्ष** 2010 में मॉडल स्कूल को स्वीकृति मिलने के बाद तत्कालीन व्यवस्था के तौर पर प्रखंड मुख्यालय के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के एक हिस्से में इसे चालू किया गया। उम्मीद थी कि जल्द ही विद्यालय का अपना भवन बनेगा तथा बच्चे बेहतर व अच्छे माहौल में पढ़ सकेंगे। लेकिन आठ साल बाद भी भवन अधूरा है तथा निर्माण कार्य फिलहाल ठप पड़ा हुआ है। निमार्णाधीन भवन के चारों तरफ झाड़ियां उग आई है। परिसर में बन रहे मॉडल स्कूल का भवन अधूरा पड़ा है। सरकार ने मॉडल स्कूल के लिये करोड़ों की लागत से विद्यालय भवन का निर्माण करवाया, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते स्कूल भवन का निर्माण नहीं हो रहा है। मॉडल स्कूल के लिए बनाया गया नया भवन करीब आठ साल से अधूरा पड़ा है। जिम्मेदार कुम्भकर्णी निद्रा में सोये हुए है। जब स्कूल का ही भविष्य तय नहीं तो बच्चों का भविष्य कैसे होगा?

स्कूलों में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता हैं लकिन जब ये स्कूल ही दम तोड़ने लगे तो बच्चों का भविष्य कहां तक टिक पाएंगे। प्रखंड के इस मॉडल स्कूल में ना शिक्षक है ना ही पुस्तक, ना ही भवन है और ना ही शेक्षणिक संसाधन।झारखंड सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में मेधावी छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा देने के लिए मॉडल विद्यालय

## आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पृथ्वी दिवस का किया आयोजन

### पृथ्वी के बिगड़ते स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए सभी सचेत हों : डॉ. एन हरि बाबू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** सोमवार को आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. रूपम शर्मा द्वारा ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। व्याख्यान में विद्यार्थियों को पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर एन हरि बाबू ने पर्यावरण की सुरक्षा एवं प्रदूषण रोकने के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी के बिगड़ते स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए हम सभी सचेत हो और उन बातों पर ख्याल रखें जिससे पृथ्वी की सेहत बेहतर रहे इसी उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें छात्र वैज्ञानिकों के पर्यावरण के मानव स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभाव के बारे में विचार सुन सके।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रूपम शर्मा ने की। मौके पर मुख्य रूप से किरण कुमारी, बबीता कुमारी एवं सरिता कुमारी एवं सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## एक झलक

### यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्य जायेंगे वियतनाम

**रांची** : युथ हॉस्टलस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखण्ड राज्य शाखा के पदाधिकारी वियतनाम जायेंगे. ये पदाधिकारी वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और हनोई के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों का दौरा करेंगे. यूथ हॉस्टलस एसोसिएशन के अंतर्राष्ट्रीय और रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. इसकी जानकारी देते हुए युथ हॉस्टलस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखण्ड राज्य के चेयरमैन श्री शिवेन्द्र दुबे ने बताया की झारखण्ड राज्य के रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन प्रयासरत है और इस वर्ष से नेतरहाट, पारसनाथ और देवघर ट्रेकिंग और ट्रेनिंग एक्सपीडिशन का आयोजन किया जायेगा। इस वियतनाम यात्रा के संयोजक श्री उदय साहू ने बताया की यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है और हमारा दल 25 अप्रैल को रवाना होगा।
झारखण्ड से वियतनाम जा रहें इस दल मे उदय साहू, मनोज महतो, राजकुमार जैन, शैलेन्द्र कुमार, मनोज साहू, शिवेन्द्र दुबे शामिल है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन आज अमन अग्रवाल होंगे सम्मानित

**रांची** : रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को अपराह्न 2:30 बजे महाराजा अग्रसेन भवन मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि अग्रवाल समाज के युवा अग्रणी चाईबासा निवासी अमन अग्रवाल का प्रतिभा सम्मान समारोह मे सम्मानित किया जाएगा। अमन अग्रवाल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के पद पर 544 में रैंक से पास होकर समाज का मान बढ़ाया है। अमर अग्रवाल के पिता मनोज अग्रवाल एवं माता श्रीमती बबीता अग्रवाल है। एवं अमन के चाचा जी रविंद्र अग्रवाल आईएएस है। जो वर्तमान में केरल राज्य में प्रिंसिपल सेक्रेट्री फाइनेंस के पद पर कार्यरत हैं। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी है।

### झारखण्ड में मुसलमानों को नजरंदाज करना राजनीतिक दलों को पड़ेगा भारी: सगीर अंसारी

**रांची** : झारखण्ड में लगभग 20 प्रतिशत मुसलमानों की आबादी है। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों ने इतनी बड़ी आबादी को नजर अंदाज किया है। तथकथित सेकुलर दलें मुसलमानों को सिर्फ वोटबैंक समझती है। जिसका खामियाजा 2024 के लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। उक्त बातें ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद सगीर अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि आखरी वक्त तक उम्मीद थी कि 14 में से कम से कम 2 सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इंडिया गठबंधन के द्वारा एक भी सीट पर मुसलमान को प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर पूरे समाज में आक्रोश देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नारा दिया के जिनकी जितनी आबादी उनकी उतनी हिस्सेदारी। लेकिन कांग्रेस ने ही झारखण्ड में इस नारे का पालन नहीं किया।
उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज आश्वस्त था कि इस बार इंडिया अलाइंस झारखण्ड में मुस्लिम प्रतियाशी जरूर देगी लेकिन ऐसा न कर के कांग्रेस के पुराने सिपाहियों को नजरअंदाज करते हुए नए चेहरों को टिकट दे दिया गया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक में मुसलमानों को अछूत समझा जाने लगा है चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सब के सब मुसलमानों को सिर्फ वोट देने वाली मशीन समझ कर रखा है। भाजपा मुसलमान को टिकट नहीं देती है यह तो जग जाहिर है मगर इंडिया गठबंधन में भी मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं देना यह समझ से बाहर है।उन्होंने कहा कि झारखंड के 14 लोकसभा सीट में से अधिकांश सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। अगर इंडिया गठबंधन इस पर गहन विचार विमर्श नहीं करती है तो आने वाले चुनाव में भी इसका असर देखने को मिलेगा।

### हटिया के विधायक नवीन जायसवाल की माता जी के आकस्मिक निधन पर संजय सेठ ने जतायी संवेदना

**रांची** : हटिया के विधायक नवीन जायसवाल के माता जी के आकस्मिक निधन पर रांची के सांसद संजय सेठ ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। श्री सेठ ने कहा ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं इस दुख की घड़ी में ईश्वर उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# शहरी मतदाता अपने मतदान केन्द्रों की लें जानकारी

- मतदाताओं के बीच उनके मतदान केन्द्रों की जानकारी हेतु चलायें जागरूकता अभियान
- जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने क्षेत्र के न्यूनतम मतदान प्रतिशतवाले मतदान केन्द्रों की स्वयं करें भौतिक समीक्षा : के. रवि कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : लोक सभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केन्द्र मॉडल मतदान केन्द्र के रूप में विकसित किये गये हैं। मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए इन मॉडल मतदान केन्द्रों को थीम बेस्ड मतदान केन्द्र के रूप में विकसित करें पदाधिकारी। मतदान के दिन मतदाताओं को अपने मतदान केन्द्र ढूंढने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इस हेतु उन्हें अपने मतदान केन्द्रों की जानकारी लेने के लिए प्रेरित करें। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले जिले धनबाद, बोकारो, राःची एवं पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ सम्बन्धित जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु किये जा रहे कार्यों एवं तैयार कार्ययोजनाओं का निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के क्रम में कहीं।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य करना है। उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगड़िया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केनाद्र से जुड़े मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए माइकिंग के जरिये मतदान दिवस की जानकारी देने और मतदान के महत्त्व को लेकर जागरूकता फैलाने के निर्देश निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं में बने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों से मिलकर इनके संस्थानों में शत प्रतिशत मतदाताओं को पंजीकृत करें। साथ ही, उन्हें मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी देते हुए इसके सदुपयोग के लिए प्रेरित करें।
के. रवि कुमार ने कहा कि स्वीप के कार्यक्रम से सभी लोगों को नवाचारी प्रयासों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ वैसे मतदान केन्द्र, जहां मतदान प्रतिशत कम था, उनको टारगेट कर सम्बन्धित कारणों को दूर करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बनी सोसायटी को टारगेट कर वहां मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ यंग वोटर को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए संस्थाओं में कराये जानेवाले स्वीप कार्यक्रमों के समय उन संस्थानों के अर्हता प्राप्त कर चुके योग्य मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र शत प्रतिशत बन चुके हैं, इसकी भी पुष्टि कर लें। उन्होंने गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए डेमोक्रेसी रूम बनाने एवं उनसे प्रोजेक्ट के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रोजेक्ट प्राप्त करा लें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के कार्यों को वृहत स्तर पर कराते हुए कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर कारणों की समीक्षा कर लक्षित होकर जागरूकता फैलायें। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों की स्वयं भौतिक समीक्षा करने के निर्देश दिये।
इस अवसर पर रांची, धनबाद, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा अपने जिलों में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। साथ ही, तैयार कार्ययोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।
इस अवसर पर निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता उपस्थित थे।

## अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट ने मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर हुई बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार आज दिनांक 22 अप्रैल 2024 को लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी श्री संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती उर्वशी पाण्डेय, आवश्यक सेवाओं से जुडे. संस्थान के प्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे। बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत ने डाक मतपत्र संबंधित सभी बारिकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।

## कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडिंग का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : सिंहान विमल आनंद नाग के मार्गदर्शन पर और इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट( इस्मा) के तत्वाधान में लालचंद लोहार तथा इबरार अंसारी कराटे यूनिट के बच्चों का एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 60 बच्चों ने येलो से लेकर ब्राउन बेल्ट तक में भाग लिया बच्चे काफी उत्साहित दिखे इस बेल्ट ग्रेडिंग में जो बच्चे पीला बेल्ट-निपुण गुप्ता, शरिया साजिद, कृष्ण कुमार संडील, यश कर्मकार, आयुष राज, राघव रमन, फ्रांसिस सोय मुरहूम, अनुष्का कुमारी, श्रेष्ठ सिन्हा, अरिकेत सिंघानिया, नक्श शुक्ला , शिवांश संजीव शर्मा, हर्षिका तिर्की, आर्यिका सिंघानिया, ऑरेंज बेल्ट - आकाश तिग्गा, लकी तिर्की, रिया कुमारी भारती कुमारी, राधिका स्वराज, अनुष्का खलखो, सुप्रिया कुमारी, ग्रीन बेल्ट-अध्याय शर्मा,विनायक राम ,इशांत प्रकाश ,नव्या पहल, नैरेती कश्यप, निधि कुमारी, जैस्मिन जहान, मानसी कुमारी, एंजेल तिग्गा, क्रिस्पिन लकड़ा, ब्लू बेल्ट-अहाना करमाकर, समीर प्रताप सिंह, हार्दिक कुमार, निलभ सानिध्य, अंश धान ,पर्पल बेल्ट-अयाना अली, याशिका, श्रद्धा होरो, ब्राउन (iv)- धर्मेश कुजूर, असद राजा, शानवी सिंह,उत्कर्ष रजक,अंकित कुमार महतो, ब्राउन(iii)- आरजू अली, इशायु कृष्णा, ब्राउन(ii)- साक्षी संपत, मनीष राज लकड़ा, अमन राज लकड़ा, शारोन बेक, प्रेशियस बेक ब्राउन (1) शमीन अहमद, सुमैल अहमद, फरहान अंसारी, कौसर अली ने प्राप्त किए। इस कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडिंग के अवसर पर इस्मा के तकनीकी निर्देशक शिहान विमल आनंद नाग, महासचिव कमल किशोर कच्छप ,सीनियर वाइस प्रेसिडेंट नौशाद खान कलेवर कर्मकार गुलाम गौस, गुलाम जावेद, बेनेट मलिंग्स, शशि सुमन, अबरार अंसारी, लालचंद लोहार, पिंटू कुमार, गुमन गाड़ी साजिद खान शेखर कुमार राहुल मुंडा तथा अभिभावकगण उपस्थित हुए।

## पृथ्वी की समृद्धि व संरक्षण के लिए डीएवी हेहल के शिक्षकों-विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में 'विश्व पृथ्वी दिवस' 'ग्रह बनाम प्लास्टिक' थीम पर मनाया गया। जिसके संरक्षण एवं समृद्धि के लिए शिक्षकों एवं बच्चों ने संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के द्वारा पृथ्वी संरक्षण एवं सम्वर्द्धन के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस० के० मिश्रा ने अपने जागरूकता सन्देश में अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि पृथ्वी हमारी माँ है और हम इसके पुत्र हैं।क्योंकि पृथ्वी ही सम्पूर्ण सृष्टि का आधार है।इसकी हरीतिमा को बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।जल,वायु एवं पृथ्वी का संरक्षण ही जीवन का मूलाधार है।अतः हमें इनकी शुद्धता बनाए रखना चाहिए। पृथ्वी दिवस की शुरूआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका से हुई थी।जो आज पूरे विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को जागरूक होना होगा। आधुनिक जीवन एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के चकाचौंध में प्रकृति को नजर अंदाज कर हम आने वाली पीढ़ी के लिए जहर घोल रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के सुंदर आयोजन के लिए हर्ष व्यक्त किया।वहीं सीसीए कमिटी तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि पृथ्वी दिवस के अवसर पर हम अपनी धरती माता की रक्षा का संकल्प लें।इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्री महावीर मंडल रांची श्री रामनवमी श्रृंगार समिति के झंडा उतारी का होगा कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : श्री महावीर मंडल रांची द्वारा स्थापित 1929 का प्रथम झंडा का 23 अप्रैल को श्री महावीर मंदिर महावीर चौक के मुख्य पुजारी शारदा नाथ उपाध्याय अमित मिश्रा श्री महावीर मंडल रांची श्री रामनवमी श्रृंगार समिति के तत्वावधान में झंडा उतारी का कार्यक्रम होगा। श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व मंत्री शंकर प्रसाद ने बताया की 7 बज कर 15 मिनट में आरती पूजा पाठ के साथ श्री बजरंगबली का प्रथम झंडा को उतारा जाएगा शंकर प्रसाद ने सभी झंड़े धारी अखाड़े वाले बंधु से विनती किया की श्री महावीर मंडल के झंडे उतारी के बाद सभी अपने अपने अखाड़े से विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद झंडा उतार ले और अगले वर्ष धूम धाम से श्री रामनवमी महोत्सव आयोजित करने का संकल्प ले शंकर प्रसाद ने श्री रामनवमी महोत्सव आयोजक समिति से आग्रह किया की सड़क चौक चौराहे में जो झंडा लगाए है उन्हे उतार ले और रोड में जो गड्ढे बन गए है उन्हे भर दे ताकि किसी को रोड में तकलीफ ना हो।

## विश्व अर्थ दिवस पर आर्मी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं को दर्शाते हुए एक दिलचस्प रिपोर्टिंग प्रस्तुत की

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : विश्व अर्थ दिवस के अवसर पर, आर्मी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं को दर्शाते हुए एक दिलचस्प रिपोर्टिंग प्रस्तुत की। उनके द्वारा बनायी गयी पेंटिंग्स में उनके विचार, सपने और आशाएं दिखाई गईं, जो आर्थिक विकास और उनकी सोच के माध्यम से समाज में परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करती हैं। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर, एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जागरूक करना है, और इसे एक रोचक और रंगीन तरीके से करने का प्रयास है

**प्रतियोगिता का विवरण:**
इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभाशाली युवा और बच्चे पृथ्वी के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न आदर्शों, संदेशों और चित्रों को पेंट करवा।
**मुख्य उद्देश्य:**
- स्थानीय टैलेंट को प्रोत्साहित करने का मौका
- पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जागरूक करने का एक नया तरीका
- सामाजिक संदेशों को रंगीन और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर

विजेताओं के नाम प्रथम पुरस्कार दिशा संतरा 6उ, द्वितीय पुरस्कार तेजस्वी क्लास 8, द्वितीय पुरस्कार उन्नति क्लास 7, तथा साक्षी कंचन, अन्वी, भाविका को कंसोलेशन पुरस्कार से नवाजा गया। निर्णायक मंडली में हुसैन तथा श्रीमती निशा राय हेड मिस्ट्रेस थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कला शिक्षक मोहम्मद साबिर हुसैन का योगदान रहा। प्राचार्य महोदय अभय कुमार सिंह ने विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों को उसका महत्व बताया।

## गुरु नानक सेवक जत्था ने जरूरतमंद 60 बच्चों के बीच लंच बॉक्स एवं इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का किया वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा 22 अप्रैल, सोमवार को ओरमांझी के गांगुटोला गांव में जरूरतमंद बच्चों के बीच लंच बॉक्स एवं इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया गया। स्थानीय समाजसेवी दीपा चौरसिया के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में कुल 60 बच्चों के बीच लंच बॉक्स एवं इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया गया। समाज के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि जत्था द्वारा पिछले 15 सालों से ठंड में कंबल का वितरण, अनाथ आश्रम में बच्चों को उनकी पसंद का खाना मुहैया कराना,वृद्ध आश्रम में वृद्धों को उनकी जरूरत का सामान उपलब्ध कराना, रक्तदान शिविर लगाना एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधा रोपण आदि

कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में गुरुनानक सेवक जत्था के सूरज झंडई, जीत सिंह, वंश डावरा, साहिल सरदाना, आयुष गांधी, गीत सचदेवा, वरुण गेरा, रुद्र गिरधर, रक्षित कोहली, आयुष पपनेजा समेत अन्य शामिल थे।

## जीत मंत्र क्लासेस का हुआ उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : जीत मंत्र क्लासेस पंचम तल्ला गैलक्सी मॉल रातू रोड रांची में उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि आरिफ नासिर बट और जीत मंत्र के निदेशक जितेन्द्र प्रसाद और रंजन कुमार ने सयुक्त रुप से फीता काट कर किया। जितेंद्र प्रसाद ने कहा कि यहां बच्चों को हमें वैसी दुनिया का सपना दिखाते हैं जहां सीखना एवं रोमांच है और हर बच्चा अपनी अनूठी महाशक्तियों को खोजना है। यहां छात्रों को हर अध्याय के नोट्स ,सप्ताहिक जांच परीक्षा, पुरस्कार वितरण, अनुभवी शिक्षकों द्वारा सभी विषय की तैयारी ,कमजोर छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं, शंका का समाधान के लिए अलग से कक्षा , मजेदार तरीकों से अंग्रेजी बोलना सिखाया जाता है। पूरा कैंपस सीसीटीवी और अग्नि अलार्म से सुसज्जित है। यहां सबसे कम फीस 999 रुपए सालाना पर क्लास 7 से क्लास 12 तक की सभी विषय को पढ़ाई की जाती है । छात्रों को फ्री डेमो क्लास ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों की सुविधा है। जीत मंत्र क्लासेस में छात्रों की सुविधा के लिए वाई-फाई पूरे कैंपस में और छात्रों के लिए लाइब्रेरी की भी सुविधा उपलब्ध है। छात्रों को यहां वैदिक गणित, रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डांस, संगीत, कला और शिल्प योग और ध्यान, कार्यशालाएं वोलंट्रिंग, हिंदी इंग्लिश, संस्कृत भाषा समेत सभी तरह की शिक्षा दी जाती है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक जितेंद्र प्रसाद, रंजन कुमार, मनोरंजन सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू में अर्थ डे पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर कि ओर से पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर आज सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू रोड में ₹पर्यावरण संरक्षण अभियान₹ के तहत विद्यार्थियो के बीच एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से युवा पर्यावरणविद डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू स्कूल कि प्राचार्या सुतापा भट्टाचार्य, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने अपने अपने विचार बच्चों से साझा किए। सभी ने कहा कि वृक्ष। रोपण के साथ साथ पोधो कि देखभाल भी बहुत जरूरी है। यदि हर एक बच्चा एक पोधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो कुछ हद तक हम प्रदूषण से मुक्ति पा सकते है। अगर हमें स्वास्थ्य रहना है तो पेड़ पौधों की रक्षा करनी होगी।हम पृथ्वी का जन्म दिवस मना रहें है। हमारा उद्देश्य हरियाली को वापस लाना चाहिए। आज जंगलों को काट कर वहा इमारतें बनाई जा रही हैं। पेड़ो की कमी से प्रदूषण बढ़ रहा है। हम सिर्फ शहरों को स्मार्ट कर रहें हैं, गावों पर ध्यान नहीं देते हैं।आज सभी नदियां प्रदूषित हो रही है। जिसका कारण हम सभी हैं। सभी ने बच्चों को हरियाली बढ़ाने का संकल्प भी दिलाया साथ ही साथ धरती माता की रक्षा के लिए पौधारोपण, जैविक खेती को बढावा, वर्षा जल संग्रह, परंपरागत जल स्त्रोतों को पुर्नजीवित करने की अपील भी की। इस अवसर पर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति पेंटिंग बनाकर सभी रांची वासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अपील भी किया। इस अवसर पर पल्लवी कुमारी, स्वेता परिधा, आमिर सोहेल, अंकिता चौरसिया सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### श्री श्री हनुमान मंदिर का तीसरे वर्ष गांठ पर कलश यात्रा निकली, हुआ दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान

## धार्मिक अनुष्ठान होते रहने से आपसी भाईचारा और प्रगाढ़ होता है : संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ओरमांझी** : श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर व श्री श्री हनुमान मंदिर तेतरिया टोला का तीसरे वर्ष गांठ पर कलश यात्रा निकालकर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र कुरूम तेतरिया टोला में स्थापित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर व श्री श्री हनुमान मंदिर का तीतृय वर्ष गांठ पर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इसी क्रम में सोमवार को सुबह में दोनों मंदिर परिसर से गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ जय श्री राम हर हर महादेव आदि जयकारे लगाते हुए कलश यात्रा निकाली गई जो गुरगाई स्थित भैरवी नदी के तट पहुंच कर आचार्य दिवाकर पाठक व उपासक सुनील महतो रामकिशोर महतो परमेश्वर महतो जयमंगल महतो के द्वारा विधि-विधान पूर्वक मंत्रोंचार के साथ गंगा मां की पुजा आराधना कर कलश में जल भर कर मंदिर परिसर में कलश स्थापित अनुष्ठान सुरू किया गया। मौके पर रांची सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू,पुर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता, पुजा समिति अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही उपमुखिया संतोष गुप्ता, विक्रांत तिवारी आनन्द महतो विहिप मंत्री शशी मेहता रंधीर चौधरी खिलेश्वर महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा इस तरह के आयोजन होते रहने से आपस में मेलजोल प्यार बढ़ता है जिससे सम्बन्ध और प्रगाढ़ होते जिससे गांव समाज का विकास में भी बल मिलता है। वहीं इसके सफल आयोजन करने में समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सचिव रामकिशोर महतो उपसचिव दिनेश महतो कोषाध्यक्ष उमेश महतो संरक्षक चन्द्र मोहन महतो कृष्णा कुमार महतो रामजीत महतो कलेश्वर महतो काली शंकर महतो कैलाश महतो राजेंद्र कुमार चौधरी गोपाल महतो विन्देश्वर महतो,चुनीलाल महतो विजय महतो सदस्य जगेश्वर महतो परमेश्वर महतो रोहित महतो छोटन महतो डेगलाल महतो दिल महतो राजकिशोर महतो जयमंगल महतो विमल महतो कुलदीप महतो राजेंद्र महतो रमेश महतो अर्जून महतो देव प्रकार महतो सहित मंदिर परिसर के सभी लोग उपस्थित थे।

## विश्व हिन्दू परिषद झारखंड प्रांत ने की प्रेस वार्ता आयोजित

**रांची** : विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत द्वारा होटल ग्रीन एकर्स में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। वार्ता में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत अध्यक्ष श्री चंद्रकांत रायपत ने बताया पूरे प्रांत में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ तथा साथ ही विश्व हिंदू परिषद का केंद्रीय कार्यक्रम रामोत्सव जो 9 अप्रैल से प्रांत के सभी जिलों के प्रखंडों एवं पंचायतों में लगभग 11000 स्थान पर आयोजित किए गए। श्री रामोत्सव के बाद 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव विहिप के द्वारा पुरे प्रांत में मनाया जाएगा। इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव का तैयारी कर रहे हैं। इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारी पूरे प्रांत में की जा रही है। प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र जी ने बताया कि प्रांत के लगभग 31000 स्थान में मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा जिसमें अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के अन्य लोग भी सम्मिलित होंगे। एकल अभियान से रेखा जैन ने बताया हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा सभी पर कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई हैं।

## श्री धोली सती दादी जी की उत्सव मनाया गया महिलाओं ने किया मंगल पाठ एवं भजन कीर्तन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**नाचो गाओ खुशी मनाओ दादी आई है..**
**सजा है प्यारा दरबार दादी जी का**
**रांची** : श्री धोली सती दादी प्रचार समिति कोलकाता के तत्वाधान में भगवती प्रसाद सर्राफ के आवास मे श्री धोली सती दादी जी की उत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण हर्षोल्लास धूमधाम के साथ मनाया गया। दादी जी की दरबार का अलौकिक श्रृंगार किया गया। दादी उत्सव का शुभारंभ शाम 5 बजे गणेश पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात भगवती प्रसाद सर्राफ, मधु सर्राफ सपरिवार के साथ पूरे विधि विधान से पूजन कर पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर सवामणि भोग प्रसाद लगाया गया। तत्पश्चात श्री धोली सती दादी प्रचार समिति कोलकाता के 16 सदस्यीय दादी भक्तों की टीम के साथ पधारे प्रच

# उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर व कमिशिनंग के लिए चिह्नित कमरों का किया निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार 22 अप्रैल को आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच एवं कमिशिनंग के लिए चिन्हित कमरों में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए धनबाद एवं झरिया विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों एवं कमिशिनंग के लिए चिह्नित कमरों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी,

सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की।

उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।

मौके पर डीडीसी सादात अनवर, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बैठक आयोजित

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत स्थित पंचायत भवन में रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सभी वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया एवं सखी मंडल के सक्रिय सदस्य के साथ पंचायत सेवक जग नारायण राम ने बैठक किया। बैठक में पंचायत सेवक ने कहा कि जितने भी पंचायत में मतदाता हैं सभी निष्पक्ष और बिना लोभ लालच के अपना मतदान करेंगे। वैसे व्यक्ति जिनकी उम्र 85 वर्ष या उससे अधिक है या दिव्यांग हैं या अपना वोट देने के लिए जाने में असमर्थ हैं वैसे लोगों के लिए जिले के दो कर्मी वीडियो ग्राफर के साथ उनके घर जाएंगे और निष्पक्ष रुप से मतदान करवाएंगे। साथ ही पिछले पांच साल की अपेक्षा इस साल 80% से अधिक मतदान करने के लिए संबंधित लोगों से आग्रह किया। जिस व्यक्ति की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है और अभी तक मतदाता सूची में किसी कारणवश नाम नहीं जुड़ पता है वह नजदीकी बी०एल०ओ० आंगनबाड़ी सेविका के पास जाकर अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा लें।

## एक झलक

### डेरोज़ियो बोर्डिंग स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस का उत्सव

**हजारीबाग :** सिंदूर स्थित डेरोज़ियो बोर्डिंग स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र और शिक्षकों ने एक साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की। छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने के लिए पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम में भाग लिया और विभिन्न विषयों पर अनोखे और विचारशील पोस्टर बनाए। इस समारोह में बच्चों ने स्पीच भी प्रस्तुत की। समारोह के अंत में स्कूल के निर्देशक राजेश राज ने बच्चों को एक प्रेरणास्रोत बातचीत के माध्यम से विश्व पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में जागरूक किया।

### हजारीबाग लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतगणना स्थल/स्ट्रांग रूम के रूम में चिह्नित, चुनाव आयोग की मिली स्वीकृति

**हजारीबाग :** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त 14 हजारीबाग के संसदीय क्षेत्र (21 बरही,22 बड़कागांव,23 रामगढ़, 24 मांडू एवं 25 हजारीबाग विधान सभा क्षेत्र) के लिए कृषि उत्पादन बाजार समिति, हजारीबाग को मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम के रुप में चिन्हित किया गया है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

### हजारीबाग जिले में 2100 स्थानों में होगा हनुमान चालीसा पाठ : विश्व हिंदू परिषद

**हजारीबाग :** विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग जिला मंत्री अरविंद मेहता ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन दिवस पर ग्राम एवं नगर स्तर पर 2100 स्थानो में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हो ऐसा आग्रह है। हम सभी के लिए यह अति आनंद का विषय है कि इस वर्ष अयोध्या में प्रभु श्री रामलला अपने नव्य, दिव्य और भव्य मंदिर में विराजित हो चुके हैं। श्री राम काज में उनके भक्त हनुमान की भूमिका से हम सभी परिचित हैं। रामभक्त हनुमान बल बुद्धि और विवेक के साक्षात देवता हैं। वह रोग ,दुख और भय का हरण करने वाले हैं। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले इन सभी से मुक्त हो जाते हैं। इस बार मंगलवार के दिन बजरंगबली का जन्मोत्सव का दिन होने से उनकी आराधना अति मंगलदायक है। श्री हनुमान चालीसा पाठ के सामूहिक आयोजन के माध्यम से हनुमत आराधना कर धर्म, समाज एवं राष्ट्र के व्यापक हित हेतु हम प्रार्थना करें, जिससे हमारा राष्ट्र सभी संकटों को मात कर बलशाली और वैभवशाली बने। अत: निवेदन है श्री हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आप विशेष रूप से सहभागी बने।

### युवक ने सोशल मीडिया पर किया आपत्तिजनक फोटो अपलोड

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी थाना क्षेत्र के गुरी गाव का एक प्रेमी द्वारा गांव के ही एक नाबालिग युवती का सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तस्वीर डाले जाने से आहत होकर युवती ने अपनी जान दे दी। मामला रविवार के शाम करीब सात बजे की है। परिजनों ने कटकमसांडी थाने को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाप्रभारी देवदत्त कुमार सिंह दल बल के साथ गुरी गांव घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे मे लिया और रविवार को सुबह पोस्टमार्टम हेतु एसबीएमएच भेज दिया। घटना के बाबत युवती के पित उमेश यादव ने बताया कि गांव के ही एक 30 वर्षीय युवक अजीत कुमार महतो ने बहला फुसलाकर मेरी नाबालिग पुत्री को भगा ले गया। परिजनों ने युवक युवती को पकड़कर थाने को सुपुर्द करने के लिए ढौठवा पंचायत के मुखिया जयप्रकाश केसरी से सम्पर्क किया। मगर युवती के परिजनो ने बताया कि मुखिया टाल मटोल करता रहा। परिजनो का यह कहना है कि समय पर युवक युवती को थाने ले जाते तो शायद यह घटना नही होती। इसी बीच युवक ने युवती के आपत्तिजनक तस्वीर को सोशल मीडिया पर डाल दिया। बहरहाल, नाबालिग युवती के असामयिक मौत को लेकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## मनीष जायसवाल ने 250 पंचायत के 500 गांवों में किया तूफानी जनसंपर्क

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल का टिकट कन्फर्म होने के तुरंत बाद से पिछले करीब 50 दिनों से अनवरत बिना रुके, बिना थके, आंधी- तूफान, बारिश और 42- 44 डिग्री तापमान गर्मी में अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक जनता के बीच बने रहते हैं। शुरूआती दौर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा हजारीबाग सदर, बड़कागांव, मांडू, बरही और रामगढ़ के कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा, चतरा जिला अंतर्गत पिपरवार, रामगढ़ जिले के अंतिम और सुदूरवर्ती पश्चिमी बंगाल राज्य के पुरुलिया जिले के सिमाना क्षेत्र से सटे बरलंगा से लेकर हजारीबाग जिले के अंतिम छोर बिहार राज्य के गया जिले के सिमाना क्षेत्र से सटे चोरदाहा चेकपोस्ट तक पहुंच बनाते हुए क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें अपना प्रणाम प्रेषित किए। तत्पश्चात हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी 34 भाजपा मंडलों के भाजपा कार्यकताओं संग परिचयात्मक बैठक के समन्वय स्थापित कर उनसे चुनाव अभियान में अपने तरीके से मैदान में उतरते और प्रचार प्रसार में सहयोग करने का अपील किया। जिसके बाद एनडीए गठबंधन में शामिल क्षेत्र के आजसू सहित अन्य दलों के कार्यकताओं से संपर्क साधकर उनतक अपनी पहुंच बनाई। तत्पश्चात सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के गांवों तक पहुंचने का निर्णय लिया और पिछले करीब 21 दिनों से लगातार एक दिन- एक भाजपा मंडल क्षेत्र के दौरे को पूर्ण किया। सुबह से देर शाम तक प्रतिदिन एक भाजपा मंडल क्षेत्र के तूफानी दौरे के क्रम में प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायत के डेढ़ दर्जन गांवों में अपना चुनावी जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम चलाया।

## लोस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का जनसंपर्क अभियान हुआ तेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने आगामी लोकसभा चुनाव हेतु जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को उन्होंने पांच पंचायतों के विभिन्न गांवों का दौरा कर गठबंधन को वोट करने की अपील की। जनसंपर्क के क्रम में उन्होंने सबसे पहले विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चानो पंचायत का दौरा किया। इसके बाद सारुकूदर, गोविंदपुर, खरना फिर भेलवारा पंचायत के गावों का दौरा किया। इस दौरान जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति में बदलाव आज देश की मांग है। दक्षिण से आ रही

खबरों ने इसे सच भी साबित कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस के 5 न्यायों को गिना कर लोगों से कहा कि आपके सपने तभी पूरे होंगे जब आप बदलाव लाएंगे। उन्होंने सभी से बिना किसी बहकावे के मतदान करने को आग्रह किया। स्थानीय पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस वर्ष जनता स्थानीय सांसद बना कर टेकलाल बाबू के सपने को पूरा करने का काम करेगी।

जनसंपर्क के दौरान गठबंधन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जेपी पटेल का विभिन्न जगहों पर स्वागत किया। ग्रामीणों ने भी फूल माला पहना कर जेपी पटेल के प्रति स्नेह जताते हुए आशीर्वाद दिया। जनसंपर्क में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष टेकोचंद महतो, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, चानो पंचायत समिति सदस्य खिरिया देवी, सारुकुदर पंचायत समिति सदस्य महेश महतो, मुखिया उत्तम महतो, परमेश्वर महतो, हेमलाल महतो,अनिल राय, बालेश्वर महतो, राहुल कुमार, शेख कल्लू, फिरोज अंसारी, अनिल पटेल, डॉक्टर इम्तियाज अहमद, कैला राय आदि मौजूद रहे।

## जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में रांची की गुमला के विरुद्ध जीत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में रांची ने गुमला के विरुद्ध धमाकेदार जीत के साथ लीग चरण में आपकी पांचवी जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर जगह बना ली है। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट में रांची ने गुमला के खिलाफ टॉस जीत कर बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 50ओवरो में 8विकेट के नुकसान पर 325रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आर्यन कुमार ने सर्वाधिक 85रनो की पारी खेली। अनुराग ने 71, तौहिद 63 व आदित्य लाल ने 44रनो की पारी खेली। गुमला की ओर से मयंक राज ने चार व निखिल बाखला ने तीन विकेट अर्जित किये। रोहिश को एक विकेट मिला। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमला की टीम भर भरभरा गई और पूरी टीम महज 17.3 ओवरो में 65रनो पर सिमट गई। मयंक ने 17 रनों का योगदान दिया। रांची के सौरभ कुमार ने 5ओवर में 27रन देकर पांच विकेट अर्जित किया।

### डेंटल कॉलेज एवं मिशन होस्पिटल द्वारा मांडू में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

## 55 जरूरतमंदों के दांत व स्वास्थ्य का हुई मुफ्त जांच

**बैठक**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा मांडू प्रखण्ड के राधा नगर स्थित मोती कृष्णा स्कूल में दिन सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डेंटल कॉलेज द्वारा जरूरतमंदों का निशुल्क दांत का जांच एवं मिशन होस्पिटल द्वारा जरूरतमंदों का निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य का जांच हुआ। जिसमें कुल 55 जरूरतमंदों का मुफ्त जांच हुई। चिकित्सकों ने जरूरतमंदों का उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया। निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश एवं टूथ पेस्ट वितरण भी किया गया।

इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधि-व्यवस्था में अपना सरहानीय योगदान दिया। वहीं मिशन होस्पिटल द्वारा निशुल्क ओपीडी परामर्श में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, आरबीएस एवं ईसीजी का जांच मुफ्त हुआ। जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया गया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह डेंटल कॉलेज सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंच रहा है। बुनियादी उपचार जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं।

## लोहरदगा से लोकसभा चुनाव के लिए चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र भरे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** आसन्न लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के लियें आज गुमला उपायुक्त सह आसन्न लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कच्छ में चार विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये, पहला नामांकन पत्र महेंद्र उरांव सीपीआई पार्टी ने नामांकन पत्र दाखिल किये, दूसरा नामांकन पत्र, मनी मुंडा, भागीदार पार्टी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, तीसरा नामांकन पत्र स्टेफन किण्डो, स्वतंत्र पार्टी (निर्दलीय) और चौथा नामांकन पत्र - बिहारी भगत, पीपल' एस पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) ने चौथ नामांकन पत्र दाखिल किया। विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों में अपने-अपने विभिन्न स्थानों से एक जुलूस के शक्ल में अपने अपने पार्टी समर्थकों के साथ गाजे बाजे के साथ निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा निर्धारित निश्चित स्थान तक पहुंचे और उपयुक्त गुमला सह निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष में पहुंच कर अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये ।

## राष्ट्रपति पदक से सम्मानित वैली क्युएटी कमांडो विवेक तिवारी ने बुजुर्गों के साथ मनाया शादी की वर्षगांठ

**हर्ष**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** जहां एक और हर कोई अपनी शुभ दिन पर पार्टी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करता है तो वही हजारीबाग जिले के निवासी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित वैली क्युएटी कमांडो विवेक तिवारी ने अपनी शादी की दूसरी वर्षगांठ शहर के एसपी कोठी स्थित ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के संग बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया बुजुर्गों के साथ केक काटकर शादी की वर्षगांठ जैसी महत्वपूर्ण दिन को मनाया। साथ ही बुजुर्गों के बीच

फल, नाश्ता का वितरण किया। बुजुर्गों से वैवाहिक जीवन के सुख मय पाल के लिए आशीर्वाद लिया। सभी बुजुर्गों ने दोनों हाथों से विवेक तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी स्नेहा उपाध्याय को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप दोनों सदैव खुश रहे, आपके जीवन में ईश्वर का आशीर्वाद सदैव बरसता रहे। इस अवसर पर विवेक तिवारी, उनकी धर्मपत्नी स्नेहा उपाध्याय, उनकी माताजी अनुराधा देवी, अनुराग उपाध्याय विधि तिवारी, हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर विवेक तिवारी ने कहा कि जीवन के हर एक दिन में हम अपने मौज मस्ती में रहते हैं पर ऐसे दिनों में यहां पर आने से मन काफी प्रश्न और प्रभावित होता है मैं सभी से आग्रह करता हूं कि अपने जन्म दिवस शादी के वर्षगांठ जैसे महत्वपूर्ण दिन पर यहां अवश्य आए और बुजुर्गों की सेवा करें उनकी सेवा करने से अपार आशीर्वाद प्राप्त होता है भविष्य सुख में होता है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रांची रेफर

**पदमा :** पदमा चौक स्थित पुराना बैंक ऑफ इण्डिया के समीप रविवार देर रात को सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की पहचान पदमा चौक निवासी अमित कुमर साहू उम्र 35, पिता स्व चंदर साहू के रूप मे बताया जा रहा हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक रात्रि करीब 9 बजे खाना पीना खा कर अपने घर के समीप खड़ा था, इसी दौरान इटखोरी से आ रही तेज रफतार बोलेरो ने युवक को जोरदार टककर मरते हुए नव दो ग्यारह हो गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को वहां मौजूद लोगों ने तुरंत इलाज हेतु हजारीबाग सदर अस्पताल ले गये जहां उसकी स्थित गंभीर बताते हुए रांची रेफर दिया गया।

## मारवाड़ी युवा मंच ने महावीर जयंती में पर पानी व जूस बांटा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** भगवान महावीर के 2550 में जन्म कल्याणक निर्वाण महोत्सव रविवार को हजारीबाग में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया प्रात ; 5:00 से प्रभात फिर भी निकल गई पूरे शहर में भगवान महावीर के संदेश का जयकारा लगाया गया इस शुभ अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच (हजारीबाग शाखा) ने भगवान महावीर जयंती के सुअवसर पर निकली शोभायात्रा के सदस्यों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया साथ मे सभी को पानी एवं जूस पिला कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा विभिन्न चौक चौराहों पर स्टॉल लगाया गया। मंच के सदस्यों द्वारा शामिल महावीर जयंती पूरे उत्साह के साथ संपन्न किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सी ए विनीत अग्रवाल ने बताया की मारवाड़ी युवा मंच सभी कार्यकर्म मे बढ़ चढ़कर सहयोग करता है हमारे लिए सभी वर्ग एक रूपी है। सभी पर्व हमारी पूरी सदस्य आगे बढ़कर कार्य करती है। आगे भी निरंतन कार्य करती रहेगी। कार्यकर्म मे कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन, धीरज जैन, दीपक खंडेलवाल उर्फ मोनू, सौरव गोयल, अमन चौधरी बादल गोयल, अमित अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, रितेश खण्डेलवाल, बिनीत जैन, शुभम अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, विनीत मुनका, राहुल अग्रवाल, रोहन जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## 15वीं वित योजना की राशि भुगतान को लेकर बीडीओ और मुखिया के बीच हुई नोक-झोंक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारु :** प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ के कक्ष मे बीडीओ और मुखियाओं के बीच 15वीं वित योजना की राशि का भुगतान नही करने को लेकर सोमवार को बेहद तीखी नोकझोंक हो गयी। इस बारे मे मुखिया संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार देव ने बताया की हम सभी मुखिया बीडीओ मोहम्मद् हारुन-रसीद से मिलने उनके कक्ष मे गये और 15 वी वित योजना की राशि का भुगतान नही होने के बारे मे बीडीओ से बात करने गये। इसी दौरान बीडीओ अचानक से

भड़क गये और मुखिया संघ के अध्यक्ष को तमीज से बात करने की नसीहत दिया। बीडीओ के इस तरह के ब्यवाहर से महिला मुखिया सहित अन्य सभी मुखिया काफी नाराज हो गये और दोनो तरफ से तीखी नोकझोंक होने लगी जिसकी आवाज प्रखंड मुख्यालय मे कार्यरत कर्मी और मौजूद लोगों ने सुना। इस मामले मे नोकझोंक होने के बाद सभी मुखिया बीडीओ कक्ष से बाहर आ गये। मुखिया संघ के लोगों का कहना था की पूर्व से स्वीकृत और काम किये गये योजना का बीडीओ भुगतान करने मे काफी दिनों से आनकानी कर रहे थे जिसके लेकर वे बात करने गये थे पर बीडीओ ने उनसे कहा की वे पिछले ग्यारह वर्ष से बीडीओ का पद पर विभिन्न प्रखंडो मे कार्य कर चुके है इसलिए उनपर अनावश्यक दबाब नही दे वे सब मिलकर उनका तबादला वे प्रखंड से बाहर जाने को तैयार है। इस बारे मे बीडीओ मुख्यालय के कर्मियों ने बताया की बीडीओ ने सभी कार्यायोजना के कागजात को दुरुस्त करने के बाद ही भुगतान करने का निर्देश दिया है और कागजात पूर्ण नहीं होने के कारण भुगतान मे बिलम्ब हो रहा है। इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष के साथ मुखिया अनिता देवी, सुनील कुमार, पिंकी देवी, महेन्द्र मुर्मू, भोला तुरी, राजेश कुमार मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलनकारी स्टीफन किंडो ने नामांकन पत्र भरा

**गुमला :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला के तत्वावधान में लोहरदगा संसदीय सीट से झारखंड आंदोलनकारी स्टीफन किंडो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व जशपुर रोड स्थित करैन्धी बगीचा से बड़ी संख्या में परंपरागत वाद्य यंत्रों के साथ झारखंड आंदोलनकारियों ने जुलूस निकालकर हजारों की संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर आंदोलनकारियों ने बेहतर झारखंड राज्य बनाने, लोहरदगा गुमला जिला को विकास का मॉडल बनाने, क्षेत्र से पलायन विस्थापन को रोकने के लिए खनिज आधारित एवं कृषि आधारित उद्योग लगाने का संकल्प लिया। राज्य में समता जजमेंट लागू करने के प्रति आंदोलनकारी ने अपनी प्रतिबद्धता दुहराये। नामांकन कार्यक्रम के दौरान झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह दक्षिण छोटा नागपुर प्रजामंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की केंद्रीय संयोजक सरोजिनी कच्छप, गुमला जिला अध्यक्ष सीताराम उरांव, जिदन कोल, सोमारी उरांव, विजय इसाक तोप्पो, सुजात टोप्पो, प्रतिमा कुजूर, छेदी अंसारी, अश्रीता कुर्जु, महेंद्र उरांव, जुबैर अंसारी, सुधीर उरांव, दिलमोहन मुंडा, पंचस उरांव सहित बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी गण उपस्थित थे।

# आम के पौधे लगा कर लिया धरती बचाने का संकल्प

पृथ्वी दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : ग्रीन लाइफ झरिया एवम यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पृथ्वी दिवस पर प्राथमिक विद्यालय खास झरिया के प्रांगण में आम एवं मेहगुनी के कई पौधे लगाये गये। सभी लोगों ने एक-एक पौधा लगा कर पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लिया। ज्ञातव्य हो कि पृथ्वी दिवस के दिन हवा, पानी, धरती, नदी, तालाब, वृक्ष जैसे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा एवं बेहतर कल के प्रयासों में एकजुट होने का आग्रह करते हैं। ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ. मनोज सिंह ने कहा कि यह पृथ्वी हमें पूर्वजों से

विरासत में नहीं मिली, बल्कि भावी पीढ़ी से उधार में मिली है। अतः यह धरती हमें आनेवाली पीढ़ी को सुरक्षित लौटाने के लिए इसकी रक्षा जरूरी है। डॉ. मनोज ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ ही वृक्षों की रक्षा करनी होगी। रोजगार के लिए ही मानव ने जंगलों को नुकसान पहुंचाया है, अब समय आ गया कि पेड़ लगाने की प्रवृत्ति को स्वरोजगार से जोड़ा जाये। यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि कोयलांचल में व्याप्त वायु प्रदूषण जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। हमारी भावी पीढ़ियां अधिक गर्मी, अधिक ठंढा एवं अधिक बरसात से प्रभावित होंगी। अखलाक ने कहा कि कोयला खनन की गलत नीतियों पर यदि रोक नहीं लगायी जाती है, तो यहां वायुमंडल में इतना ऑक्सीजन की कमी होगी कि लोगों को पीठ पर ऑक्सीजन बैग ले कर चलना होगा। शिवचरण शर्मा एवं श्रीकांत अम्बष्ठ ने कहा कि यदि आज हम पर्यावरण की रक्षा नहीं किये, तो भावी पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। अतः प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक वृक्ष जरूर लगायें।

कार्यक्रम में प्रधान शिक्षक भूपेन्द्र सिंह, डॉ. मनोज सिंह, अखलाक अहमद, श्रीकांत अम्बष्ठ, शिवचरण शर्मा, राजेश राउत, मो. फिरोज, मो. चांद, अजय कुमार, मो. सोहेल, चादनी प्रवीण, मुस्कान प्रवीण, साहिबा प्रवीण, कायनात प्रवीण, फलक प्रवीण आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## संत जेवियर्स स्कूल फुसबंगला ने मनाया पृथ्वी दिवस

**जोड़ापोखर (धनबाद)** : संत जेवियर्स स्कूल फूसबंगला के प्रांगण में सोमवार को बच्चों ने प्राचार्य पुनीत पीटर शाह कि अगुवाई में पृथ्वी दिवस के अवसर पर अलंकृत आकृतियों कि झांकियां प्रस्तुत कर पृथ्वी बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान जूनियर क्लास के बच्चे एलकेजी से स्टैंडर्ड 5 के बच्चे ग्रीन थीम ड्रेस पहनकर पृथ्वी बचाने को लेकर तरह तरह के आकृतियों से अलंकृत किए तथा स्लोगन लिखे पोस्टरों कि तख्तियां लेकर लोगों को पृथ्वी बचाने को जागृत किया। नंदनी कुमारी श्वेता विश्वकर्मा, प्रिंसी राज, शिफा जन्नत, रुद्र प्रताप सिंह सूफियान, सम्राट इत्यादि बच्चों ने अपनी अपनी कलाकृति से अभिभावकों का मन मोह लिया कइस क्रम में आयशा कुरैशी, सरवानी मजूमदार, कोमल, प्रीति, पंपा गुहा, ममता मिश्र आदि शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। स्कूल के प्राचार्य पुनीत पीटर शाह ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी, तथा पेड़ पौधों को उगाने और डिफोरेस्टेशन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बच्चों ने निकाली अनोखी रैली, जगह-जगह किया पौधरोपण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)** : पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल के अवसर पर झरिया कोयला क्षेत्र के बच्चों ने सोमवार को एक अनोखी जागरूकता रैली निकाली। संबंधित अधिकारियों से पृथ्वी को ओपन कास्ट कोयला खनन से होने वाले अत्यधिक नुकसान से बचाने की अपील की।

कार्यक्रम झरिया स्थित शैक्षणिक एवं सामाजिक परियोजना कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेज, झरिया द्वारा संचालित किया गया था। सोमवार की सुबह बच्चे सिर में ग्लोब मॉडल और हाथ में तख्तियां लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए मोहिरबांध, कुजमा, घुनुडीह क्षेत्र में घूमें। इस दौरान 'पेड़ लगाओ खुद को बचाओ' नारा भी लगा रहे थे।

70 साल की बुजुर्ग महिला प्रेमा देवी और कोलकाता के लुब्धक चटर्जी ने केंदुआ में पेड़ लगाए। कार्यक्रम में अतिथि प्रबुद्ध मुखोपधाया, बापी दास के साथ डिनोबिली स्कूल के भी छात्र सौमिल थे, क्लास 12 के सौमिल दे, सौम्यदीप रॉय, अनंगारी रॉय, एमए की छात्रा सावित्री कुमारी भी उपस्थित थीं। सभी ने कहा कि अब हमें खुद को बचाने के लिए पेड़ लगाना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता और कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेज के संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा कि ऐसी रैली के माध्यम से हम सरकार के सामने अपील करना चाहते हैं कि झरिया को अंधाधुंध कोयला खनन से होने वाले प्रदूषण से बचाया जाए, यह अगली पीढ़ी का उद्घोष है'। रैली का नेतृत्व पिनाकी रॉय, शिक्षिका मौसमी रॉय व छात्रा सुमन कुमारी ने किया। झरिया के छात्र पंकज कुमार, सोनू कुमार, रिंकी कुमारी, संजना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिकेत कुमार, अभिषेक कुमार, नंदनी झा, तानिया कुमारी, नंदनी कुमारी, अंजनी कुमारी, नंदन कुमार, गुंजन कुमारी आदि और केंदुआ के बच्चे दुर्गा कुमारी, प्रेम कुमार, चांदनी कुमारी, राजवीर कुमार, राजू कुमार, नीलम कुमारी, वर्षा कुमारी आदि मौजूद थे।

## रेलवे ट्रैक पर कटा मिला युवक का शव, फैली सनसनी

**पाथरडीह (धनबाद)** : पाथरडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत भाटडीह बस्ती के समीप पाथरडीह रेलवे ट्रेक के सिंग्नल एस2 पोल संख्या 3/50 और 3/51 के बीच एक युवक का शव रेलवे पटरी के बीचो बीच धड ट्रेक से काटा मिलने से सनसनी फैल गई। लेकिन घटना के लगभग 12 घंटो बीत जाने के बावजूद रेल पुलिस या जीआरपी पुलिस द्वारा संज्ञान नही ली गई। वहीं, घटना की जानकारी पाथरडीह थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक को मिलते ही एसआई आरके पांडे के साथ दलबल सहित घटना स्थल पहुच घटना की छानबीन में जुट गये। शव की पहचान 25 वर्षीय जीतन मोदी छः नम्बर धौड़ा बस्ती निवासी के रूप में की गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।

## तीन दिवसीय चंडी पाठ का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : तीन दिवसीय चंडी पाठ का आयोजन किया गया। रविवार को दिगम्बर बाउरी अपने परिवार समेत लिलोरी स्थान से कलश में जलभरनी कर पूजा अर्चना आरंभ हुई। आपको बता दे की दिगम्बर बाउरी जरलाही बस्ती में लगभग दो-तीन वर्षों से भव्य चंडी पाठ का आयोजन कर रहे हैं। जिसमें प्रथम दिन कलश में जल भरनी कर पूजा अर्चना एवं हवन का कार्यक्रम हुआ। दूसरे दिन पूजा अर्चना तथा तीसरे दिन पूर्णाहुति के बाद महाभोग वितरण करेंगे। महाभोग का लाभ श्रद्धालु दूर-दूर से उठाने आते हैं। आचार्य- मनोज पाण्डे द्वारा पूजा किया जा रहा है, जिसमें सहपरिवार रसराज बाउरी, दिगम्बर बाउरी, बब्लू बाउरी, जगनाथ बाउरी, चन्द्रशेखर आजाद बाउरी, विक्की बाउरी, राहुल बाउरी, यशराज बाउरी, अभयराज बाउरी, विजय राजवार, राजू बाउरी, पंकज सिंन्हा आदि थे।

## फलेरिया मरीजों को मिला एमएमडीपी किट

कार्यशाला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद)** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया की ओर से सोमवार को जयरामपुर में 45 फलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पिरामल फाउंडेशन एसडीसी के सुनिल साव और एमपी डब्ल्यू के वरुण बाउरी की ओर से दिया गया। कार्यक्रम में एएनएम चंदना चटर्जी और सहिया साथी रेखा भटृ उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि कट के माध्यम से मरीज को बताया गया कि इसका उपयोग कैसे करें किट में प्लास्टिक का टव, सावुन, तौलिया, जग, सेवलोन,

मलहम, गल्पस के अलावा कई सामग्री थे। वही मरीज को बताया गया कि कैसे इसका उपयोग करें नियमित उपयोग करने से बीमारी नहीं बढ़ेगी समय-समय पर डॉक्टर से सलाह जरूर ले, सहिया दिदि घर-घर जाकर जो जानकारी देती है और जो दवा देती है इसका नियमित सेवन करें। सही तरीके से देखभाल करें ताकि रोग बड़े नहीं मच्छरदानी का प्रयोग जरूरी है मच्छर काटने से बीमारी पनपत्ति है, अपने घर के आसपास साफ सुथरा रखें किसी भी प्रकार का दिक्कत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से जरूर सलाह ले। जानकारी ही बचाव है हम लोग जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आए हैं। मौके पर शांति देवी, सुलेखा देवी, रानी देवी, शांति, प्रिया, संजू, पूनम देवी, सरिता देवी, रेखा साहनी, पुष्प, लता देवी, मनोरमा गुप्ता आदि थी।

## चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**गुमला** : हर साल 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ-डे यानी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण को लेकर जागरूक करना है। वर्ष 2024 में विश्व पृथ्वी दिवस का थीम था 'प्लेनेट बनाम प्लास्टिक'। धरती को जननी कहते हैं। धरती जानवरों से लेकर इंसानों तक को जीवन देती है। जिंदा रहने के लिए श्वास, जल और भोजन देती है। हालांकि इंसान पृथ्वी से प्राप्त तत्वों का भरपूर दोहन कर रहे हैं और उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। दिन पर दिन पृथ्वी और इसका वातावरण दूषित हो रहा है। ऐसे में विश्व प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को अर्थ डे यानी पृथ्वी दिवस मनाता है। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य वातावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करना है।

## बीआईटी सिन्दरी में आईईईई द्वारा सेमिनार आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)**: बीआईटी सिंदरी मे आई ईईई स्टूडेंट चैप्टर द्वारा सरकार के साथ क्यों और कैसे काम किया जाए इस विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

विद्युत विभाग में आयोजित सेमिनार में अमेरिका के आई ईईई के प्रबंध निदेशक रसेल हैरिसन ने व्याख्यान दिया। हैरिसन ने कहा कि सरकारी संस्थानों और विभागों के साथ काम करना आवश्यक है ताकि समाज मे प्रगति और विकास में हमारी सीधे भागीदारी हो और समाज का विकास हमारा उत्तरदायित्व हो और हम समाज के विकास से जुडे रहें तथा समय समय पर समाज और विकास की आवश्यकतानुसार विकास की योजनाओं में बदलाव कर सकें, इस प्रकार काम करने के लिए हमें एक बृहत प्लेटफार्म मिलता है। उन्होने कहा कि बीआईटी सिंदरी एक संस्थान है और यह तकनीक शिक्षा और अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान देता है, इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों की विश्वसनीयता उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध है, इसी उत्कृष्टता का लाभ समाज के विकास में प्राप्त होगा। इस आनलाइन सेमिनार का प्रबंधन विद्युत विभाग के हेड डॉ. एमडी अबुल कलाम, निदेशक डॉक्टर पंकज राय, परामर्शक विनीत शेखर, अमित कुमार चौधरी ने किया।

## सांसद सीपी चौधरी की जीत सुनिश्चित है : सदानंद महतो

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**तोपचांची (धनबाद)** : सोमवार को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत शिव मंदिर प्रांगण में आजसू पार्टी तथा ग्रामीणों की एक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अमर भारती ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि सदानंद ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड आंदोलन की पार्टी है,यह पार्टी गिरिडीह लोकसभा को संभालने का काम करेंगी। सांसद सीपी चौधरी की जीत सुनिश्चित है। इस बैठक में सवसमिति से अमर भारती को पंचायत के युथ प्रभारी बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से बेसल राज, विक्की भारती, शिवनारायण भारती, मीना देवी, आशा देवी, किरण देवी, कंचन देवी, शकीला खातून, समलोति देवी, कलावती देवी, साधुवाली देवी, मेनका देवी, सुंदरी देवी, महिमा कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

## चासनाला बीसीकेयू कार्यालय में कॉमरेड लेनिन की मनायी गयी जयंती

**पाथरडीह (धनबाद)** : चासनाला स्थित बीसीकेयू चासनाला कार्यालय में सोमवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) पूर्वी झरिया लोकल कमेटी द्वारा महान मजदूर नेता कॉ० लेनिन का जयंती समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से बीसीकेयू के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कॉ० सुंदरलाल महतो, केंद्रिय सचिव कॉ० योगेंद्र महतो, कार्तिक ओझा, समीर मंडल, अरुण यादव, मनोज कुमार, अखिलेश साहू, रज्जक अंसारी, महावीर दास, पदो रजक, प्रेमा दास, राजू दास, गुहीरम महतो, चक्रधर बाउरी के साथ-साथ काफी मजदूरों ने तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया।

## जदयू ने लोस चुनाव में लिया ढुल्लू महतो को जिताने का संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वान पर लोकसभा चुनाव 2024 में धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीतने का संकल्प लिया गया। यह निर्णय सोमवार को हीरक रोड स्थित द रीत होटल में एक बैठक में की गई। बैठक के पश्चात संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह ने सभी से आह्वान किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए घटक भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ढुल्लू महतो को हर हाल में जितना है।

चुनाव

उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय कमेटी ने यह निर्णय लिया है की धनबाद लोकसभा सीट से ढुल्लू महतो को हर हाल में जितना है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हबीब खान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह कुशवाहा, प्रदेश सचिव राजू सिंह, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, वरिष्ठ नेता सकलदेव राय, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष शिवचरण महतो, स्मृति कांत सिंह, अशोक सिंह, विजय सिंह तथा जिला महासचिव जयपुर सिंह आदि शामिल थे।

### भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के विरोधी अशोक महतो से मिले सरयू राय

**बाघमारा (धनबाद)** : लोकसभा चुनाव 2024 का तापमान अब धीरे-धीरे मौसम की तरह चरम पर पहुंचने लगा है। सोमवार को विधायक सरयू राय यकायक भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के विरोधी अशोक महतो के बाघमारा स्थित आवास पहुंचे। उनसे विधायक ढुल्लू महतो से संबंधित विवाद के कारणों को जाना। सभी पत्र देखने के बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इन मामले का संज्ञान पदाधिकारी से लेंगे इनके साथ बियाड़ा के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय कुमार झा उदय सिंह, गौतम मंडल और कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, टुंडू के मुखिया विनोद नापित के अलावे किरण महतो उपस्थित थी। विदित हो कि अशोक महतो परिजनों के साथ हाल ही में धनबाद रणधीर वर्मा चौक पर विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ लगातार धरना पर बैठे थे, बाद में यह मामला शांत हुआ और वह धरना तोड़ दिए।

धनबाद संसदीय सीट से सरयू ने फिर दिया चुनाव लड़ने का संकेत

# भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही हो सकती है धनबाद में परेशानी

चुनाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद संसदीय सीट पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा का हमला लगातार जारी है। इस पार्टी के संरक्षक जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने एक बार फिर हमला बोलते हुए कहा है कि सोमवार तक उनकी पार्टी का धनबाद से चुनाव लड़ने के बारे में अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा। लेकिन इसमें प्रत्याशी कौन होगा इस मामले में उन्होंने अब तक मामला गोपनीय रखा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक इस मामले में पार्टी सर्वसम्मत निर्णय ले

लेगी। एक प्रश्न के जवाब में उनका कहना था कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह उनसे मिलने आयी थी। बेटी बहू को आशीर्वाद देना हमारी संस्कृति है लेकिन उन्होने व्यक्तिगत रूप से सिर्फ आशीर्वाद दिया है। उसके पार्टी की टिकट का कोई संबंध नहीं। विश्वास सूत्रों का मानना है कि अगर सरयू राय धनबाद से चुनाव लड़ते हैं तो इसका खामियाजा भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल को होना तय है। सरयू राय ने एक बार फिर पूर्व की तरह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ जमकर आग उगला। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी भी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही सजा हुई है। जबकि वर्ष 2022 में धनबाद एसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दी थी जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है उन्होंने बताया की लंबित मामलों में कई संगींन धाराएं भी हैं जिसमें 5 से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

### विधायक सरयू राय कुसुंडा के खरिकाबाद पहुंच कर लोगों की समस्याओं से हुए अवगत

**धनबाद** : जमशेदपुर विधायक सरयू राय ने खास कुसुण्डा खरिकाबाद 10 न.पहुँच कर समाजसेवी युवा आंदोलनकारी दिनेश कुमार धारी से सोमवार को मुलाकात कर स्थानीय लोगों की समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान रेल अधिकारियों से मोबाइल से बात कर इनकी समस्या को अविलंब समाधान करने की मांग की। लोगों ने रेलवे द्वारा आम लोगों की आवागमन के रास्ते में रेलवे लाइन से अवरोधक को हटाने की मांग की, तथा बस्ती में एमपीएल की कोयला परिवहन वाहनों से उत्पन्न हो रहे प्रदुषण से निजात दिलाने,तालाब में पानी देने की मांग किया। इस दौरान सरयू राय ने कहा कि निगम के इस क्षेत्र में विकास पुरी तरह से अवरुद्ध है, प्रदुषण के रोकथाम के लिए कोई वैज्ञानिक उपाय नही किए गए हैं। इस पर ठोस कार्रवाई नही होने से लोगों में स्थानीय कंपनी के प्रति रोष हैं। इन पर दबाव बनाया जाएगा। रेल अधिकारियों ने अवरोध हटाने के लिए आश्वासन दिया है। धनबाद से चुनाव लड़ने के संबंध में कहा कि इसका निर्णय पार्टी की बैठक में ली जाएगी। जिसके लिए आज धनबाद मे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। कांग्रेस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह को बहु के रूप मे आशीर्वाद दिया है समर्थन नहीं। मौके पर उदय कुमार सिंह, अरविन्द सिंह, दीपक कुमार केशरी, भोलानाथ राम, नागेन्द्र सिंह, मुन्ना खान, संजय कुमार, आदि मौजूद थे।

## एक झलक

### मैट्रिक परीक्षा में अव्वल रही सुरभि को लोगों ने दी बधाई

**पाथरडीह (धनबाद)** : डीएवी + 2 उच्च विद्यालय पाथरडीह की 10 वीं की छात्रा सुरभि कुमारी का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा। सोमवार को पूर्व पार्षद बिरेंन गोराई भाटडीह स्थित सुरभि के घर पहुंचे और सुरभि को गुलदस्ता भेंट कर व मिठाईयां खिलाकर बधाई दी। बताते हैं कि सुरभि का पिता संतोष कुमार ठेका मजदूरी में काम करते है और मां गायत्री देवी गृहणी है। सुरभि ने सफलता का श्रेय मां गायत्री देवी पिता संतोष कुमार एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार पांडे को दिया।

### कांग्रेस धनबाद लोकसभा से प्रत्याशी अनुपमा सिंह को बनाये जाने का विरोध

**पुटकी (धनबाद)**: सोमवार को प्रेम नगर के दर्जनों युवाओं ने हाथ में तख्तियां लेकर राजेश ठाकुर मुदार्बाद के नारे लगायें। वहीं, लोगों ने कहा कि हम सब खानदानी कांग्रेसी हैं पिछले चुनाव से लेकर अभी तक धनबाद लोकसभा में कांग्रेस का बाहरी प्रत्याशी दिए जाने का हम लोग विरोध करते आ रहे हैं, जिस कारण पिछले चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी की हार हुई थी, इस बार भी अनुपमा सिंह को टिकट दे दिया गया जिससे हम लोगों को आघात पहुंची है। कहा कि हम चाहते हैं कि स्थानीय को प्रत्याशी बनाया जाए हम सब बाहरी प्रत्याशी अनुपमा सिंह का विरोध करते हैं। कांग्रेस आला कमान पुनर्विचार कर स्थानीय प्रत्याशी दे।

### धर्माबांध में बीसीसीएल ने स्क्रैप को उठा कर स्टोर में रखा

**बाघमारा (धनबाद)** : धर्माबांध ओपी के समीप बीसीसीएल के पुराने लोहे के पुल का लोहा रविवार को बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्रीय प्रबंधन ने नदी से जेसीबी मशीन के माध्यम से उठा कर स्टोर में ले गयी। भारी मात्रा में लोहा नदी में पड़ा हुआ था। सुबह कंपनी के मशीन के साथ कई कर्मचारी व ओपी प्रभारी कमलेश कुमार अपने टीम के साथ वहां पहुंचे और लोहे को अपनी निगरानी में उठाकर कंपनी के स्टोर में भेजवा दिया।

बीसीसीएल का पुराना पुल को तोड़ कर विशेष प्रमंडल की ओर से करीब दो करोड़ की लागत से नया पुल बनाया जा रहा है।तोड़े गये पुराने पुल से भारी मात्रा में स्क्रैप निकला है। सूत्रों की माने तो कुछ स्क्रैप धारकिरो के तिवारी के डीपो में भेजा गया। अखबार में खबर प्रकाशित होते ही, आनन-फानन में पुल बनाने वाले संदेवक अजय सिंह ने स्थानीय ओपी में अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। इसके बाद बीसीसीएल प्रबंधन रेस हुई और बाकी बचे स्क्रैप को अपने साथ उठाकर स्टोर ले गई।

### 24 घंटे बाद भी नहीं पहचान हो सकी क्षेत्र में मिले शव की

**तिसरा (धनबाद)** : घनुडीह ओपी क्षेत्र के मोहरीबाधं के समीप रविवार की देर शाम एक अधेर व्यक्ति का शव मिला, 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकती है।

ओपी प्रभारी अपने स्तर से इसकी पहचान के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं, पर अभी तक कहीं से भी कोई सुराग नहीं मिला है। इसकी तस्वीर को कई ग्रुप में भी डालकर लोगों से जानकारी मांगी गई है। प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि 72 घंटे तक हम इसका इंतजार करेंगे की कोई उसे पहचान ले ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। हालांकि देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि बीमार किस्म का व्यक्ति था और कहां से भटकता हुआ आया है यह अभी तक पता नहीं चल पाई है, 72 घंटे के बाद इसे धनबाद भेजा जायेगा और वरीय अधिकारी के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी ने कहा कि किसी को भी जानकारी हो तो पुलिस को सुचित करें, पुलिस हर संभव मदद करेगी। चोट या किसी तरह का शरीर में खरोच का कोई भी निशान नहीं है।

## सम्पादकीय.....

# इस्लामिक आतंक और दुनिया की चुप्पी

**म्यांमार** में इस्लामिक आतंकवादी समूहों ने 1600 से अधिक हिंदुओं और 120 बौद्धों को बंधक बनाकर रखा है। दुखद यह है कि इन पर हो रहे मानवीय अत्याचार के खिलाफ अब तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय संस्था की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यूएन एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं तो छोड़िए, जिनका काम ही मानवाधिकारों की रक्षा करना है, उसके हित में काम करना है और जो छोटी-छोटी बातों को भी कई बार तूल देकर वैश्विक रूप देने एवं किसी के भी खिलाफ माहौल बनाने में महारत रखती हैं, वह संस्थाएं भी इस विषय पर चुप्पी साधकर बैठी हैं, जैसे कि हिन्दू और बौद्धों के साथ होनेवाला यह अत्याचार कोई खबर ही न हो! देखा जाए तो पहले भी जब 2017 में रोहिंग्या आतंकी समूहों ने रखाइन राज्य में महिलाओं और बच्चों सहित 99 हिंदुओं का नरसंहार किया था, तब भी यह खबर तुरंत सामने नहीं आ सकी थी, किंतु रोहिंग्याओं ने इस घटना को अंजाम देते वक्त जिन हिन्दू महिलाओं और बच्चों को जबरन कलमा पढ़वाकर इस्लाम में कन्वर्ट किया और इन्हीं में से कुछ किसी तरह से भागने में कामयाब रहीं, तब इन महिलाओं की दुखद कहानियों से दुनिया को पता चला था कि ये रोहिंग्या इस्लाम को हर हाल में अधिक से अधिक फैलाने के लिए काम करनेवाले और दूसरे धर्मों के प्रति कितने क्रूर हैं। म्यांमार की सरकार ने रोहिंग्याओं द्वारा एक के बाद एक अनेक हत्याकांडों को अंजाम देने और बढ़ते अत्याचार को देखते हुए अपने देश में सख्त कानून बनाए और उन्हें सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया, जिसमें प्रमुख तौर पर विवाह, परिवार नियोजन, आंदोलन की स्वतंत्रता, रोजगार, शिक्षा, धार्मिक पसंद-नापसंद पर बने कानूनों को देखा जा सकता है। अब इन कानूनों के पालन में ये रोहिंग्या फिट नहीं बैठ रहे थे तो इन्होंने यहां से पलायन करना आरंभ किया और इस पर पूरा आरोप म्यांमार की सरकार पर थोप दिया कि वह इन्हें यहां रहने नहीं दे रही है। फिर दुनिया भर में इनकी दयनीय तस्वीरें छपने लगीं। ये रोहिंग्या, शरणार्थी का दर्जा लेकर और कई देशों में अवैध तरीके से घुस गए। फिर देखते ही देखते कई अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़ी संस्थाएं स्यापा करने लगीं कि हाय, इन रोहिंग्याओं के साथ म्यांमार की बौद्ध सरकार कितना बुरा बर्ताव कर रही है। लेकिन, हकीकत यही है कि अपनी आदत की मुताबिक ये जहां भी गए, वहीं इन्होंने अराजकता और हिंसा फैलाना जारी रखा है। वास्तव में म्यांमार में दमन के बाद करीब एक दशक में रोहिंग्या मुस्लिम भारत, नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया, पाकिस्तान समेत 18 देशों में पहुंचे। एशिया में जिन देशों में इनकी घुसपैठ हुई, उनमें से छह देशों की सरकारों के लिए ये परेशानी का सबब बने हुए हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण आज भारत है । यहां भारत में यह हिंसा, अपराध और आतंकवादी गतिविधियां कर रहे हैं। वर्तमान में भारत का कोई राज्य नहीं बचा, जहां इनकी घुसपैठ न हो । दिल्ली से सटे हरियाणा के मेवात (नूंह), उत्तराखण्ड के हल्द्वानी, बनभूलपुरा इलाके में हुए दंगों को अभी बहुत समय नहीं बीता है, इस हिंसा में रोहिंग्या मुसलमानों के हाथ होने की बात सामने आ चुकी है। नूंह की हिंसा में शामिल दो रोहिंग्या युवकों सैफुल्ला और महबूब समेत कई अन्य अब तक एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं। प्रतिबंधित कट्टरपंथी पीएफआई संगठन से इनके संबंधों की तस्दीक हो चुकी है। बेंगलुरु में भी इनकी अवैध बसाहट संकट पैदा कर रही है। अभी हाल ही में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीस) ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन से बांग्लादेशी नागरिक मो. राशिद अहमद को अरेस्ट किया है। राशिद फर्जी दस्तावेज तैयार कर बंग्लादेशी और रोहिंग्याओं की भारत में घुसपैठ कराता था।

# मतदान में गिरावट लोकतंत्र के लिए अशुभ

विशेष | योगेश कुमार सोनी

हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं। लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते।

**चुनाव** के महासंग्राम लोकसभा 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवालों का सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नही ले रहे। इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं। लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनाव में दर्ज नहीं करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है। चूंकि हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। इसके अलावा इतिहास व वर्तमान को समझने के लिए तुरंत गूगल भी किया जा सकता है लेकिन इन बातों के लिए राजनीति में रुचि लेना बहुत जरूरी है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तभी आप समझ पाएंगे अन्यथा सब व्यर्थ है। बहरहाल जैसा कि सात चरणों में होने वाले इस लोकसभा चुनाव में अभी 6 चरण बचे हैं, मेरी युवाओं व अन्य से अपील है कि वे अपने मत का गंभीरता समझें और वोट जरूर देने जाएं। देश की तस्वीर बदलने के लिए उपस्थिति दर्ज कराना उतना ही अनिवार्य है जितना सब्जी में नमक डालना। इसके अलावा घर के बड़े-बुजुर्ग भी युवाओं व बाकी सदस्यों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें जिससे उनकी वोट के प्रति रुचि बनी रहे। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं तो वह इसलिए वोट नहीं डालते लेकिन उनको समझना होगा कि वोट डालने से वह राजनीतिज्ञ नहीं बन जाते। एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज व कर्तव्य होता है वोट डालना जिसका उसे जरूर प्रयोग करना चाहिए।

# चुनाव में फसूकर डालती रानी-महारानी

गौरतलब | राकेश अचल

सिंधिया परिवार के सदस्यों के प्रति इलाके के मतदाताओं में आकर्षण आज भी बरकरार है। आपको बता दूँ कि सिंधिया पिछले चुनाव में एक लाख बीस हजार वोटों से हारे थे।गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया की दादी राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने 6 और पिता माधवराव सिंधिया ने 4 चुनाव जीते थे। खुद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना को लगातार चार बार जीता था। मध्यप्रदेश में दूसरा दिलचप चुनाव राजगढ़ में हो रहा है। यहां से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं।

**अठारहवीं** लोकसभा में जाने के लिए चुनाव लड़ रहे मध्यप्रदेश के राजा हों या महाराजा अपनी जीत को लेकर एकदम बेफिक्र नहीं हैं। इसीलिए राजा हों चाहे महाराजा उन्हें जिताने के लिए उनके बीबी-बच्चे तक चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे है। बुंदेलखंड में इसे फसूकर डालना भी कहते हैं।

मध्यप्रदेश की 29 में से दो सीटें गुना और राजगढ़ इन दिनों सुर्खियों में है। गुना से सिंधिया राजघराने के प्रमुख केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में है। 2019 में इसी सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में भाजपा ने उन्हें करारी शिकस्त दी थी और उनके पास से अजेय होने का तमगा छीन लिया था। 2024 में वे भाजपा के ही प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें जिताने की जिम्मेदारी भी भाजपा की ही है लेकिन ज्योतिरादित्य को शायद भाजपा के फौज-फांटे पर यकीन नहीं है इसलिए उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में अपनी पत्नी महारानी श्रीमती प्रियदर्शनी राजे ,बेटे महाआर्यमन को भी मैदान में उतार दिया है।

सिंधिया परिवार में मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने परिजनों का इस्तेमाल करने की हालाँकि बहुत पुरानी परम्परा है। राजमाता विजया राजे सिंधिया के चुनाव में उनके बेटे माधवराव सिंधिया 1971 से पहले भीड़ को आकर्षित करने के लिए युवा महाराज के रूप में उतारे जाते थे। 1984 के चुनाव के बाद खुद माधवराव सिंधिया के चुनाव में उनकी पत्नी श्रीमती माधवी राजे और बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी चुनाव प्रचार में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। उस समय ज्योतिरादित्य सिंधिया की उम्र कुल १४ साल की थी। इस चुनाव में माधवराव सिंधिया ने भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी बाजपेयी को पराजित किया था। पिछले चुनाव में पराजय का सामना कर चुके ज्योतिरादित्य सिंधिया हालाँकि इस बार सत्तारूढ़ भाजपा के प्रत्याशी हैं किन्तु उन्हें भाजपा कार्यकताओं पर पूरा भरोसा नहीं है ,क्योंकि भाजपा ने निवर्तमान सांसद केपी यादव का टिकिट काटकर उन्हें प्रत्याशी बनाया है। सिंधिया को यादवों में विद्रोह की आशंका है। इसीलिए उन्होंने गुना संसदीय क्षेत्र के आदिवासी बहुल इलाकों में अपनी पत्नी प्रियदर्शनी राजे और बेटे महाआर्यमन सिंधिया को मैदान में उतारा है। दोनों इलाके में दीवार लेखन से लेकर मतदाताओं से प्रत्यक्ष सम्पर्क करने में दिन-रात एक कियेहुए हैं।

## आज का इतिहास

- स्वीडन और पोलैंड के बीच 1660 में ओलिवा समझौते पर सहमति बनी।
- ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स द्वितीय का 1661 में लंदन में राज्याभिषेक।
- ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल गिल्बर्ट एलियट मिंटो का 1751 में जन्म हुआ।
- ब्रिटिश कमांडर कर्नल चैपमेन ने 1774 में रोहिला सेना को हराकर रोहिलाखंड पर कब्जा किया।
- सन 1891 में रुस की राजधानी मास्को से यहूदियों को निकाला गया।
- जर्मनी, डेनमार्क, ब्रिटेन, स्वीडन, हालैंड और फ्रांस के बीच 1908 में उत्तरी अटलांटिक संगठन संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- यूरोपीय देश पोलैंड ने 1935 में संविधान अपनाया।
- सोवियत यूनियन ने 1981 में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट किया।
- वैज्ञानिकों ने 1984 में एड्स के वायरस के बारे में पता लगाया।
- कोल्ड ड्रिंक्स कंपनी कोकाकोला ने 99 साल बाजार में रहने के बाद 1985 में एक नए फामूर्ले के साथ नया कोक मार्केट में लाया।
- नामीबिया 1990 में सं.रा. संघ का 160वां सदस्य बना।
- चेचेन्या के अलगाववादी नेता दुदायेव का 1996 को हुए एक हवाई हमले में मौत हो गयी थी।
- सन 2005 में यूट्यूब पर पहला वीडियो अपलोड हुआ।
- रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस निकोलाइएविच ऐल्तसिन का 2007 में निधन।
- वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने 2013 में क्रिकेट इतिहास का सबसे तेज शतक मात्र 30 गेंदों में जड़ा।
- लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में 2014 में हुई एक भीषण ट्रेन दुर्घटना में तकरीबन 60 लोगों की जान गयी और 80 से अधिक लोग घायल हो गए।
- सिखों के दूसरे धर्मगुरु अंगद का 1504 में जन्म।
- ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल गिल्बर्ट एलियट मिंटो का 1751 को जन्म हुआ।

## ● किसने क्या कहा

आपकी मेहनत की कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास

**जेपी नड्डा**
**भाजपा अध्यक्ष**

## अंकजाल - 7526

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 18 | 16 | 27 | 21 | | 14 | 19 | 23 | |
| 25 | 6 | | 9 | | | | 2 | | 14 |
| 20 | | 4 | | 2 | | 7 | | 8 | 20 |
| 25 | 7 | | 3 | | 2 | | 7 | | 10 |
| | | | | 2 | | 2 | | 7 | 27 |
| 35 | 8 | | 2 | | 8 | | | | |
| 13 | | 7 | | 3 | | 4 | | 2 | 20 |
| 14 | 5 | | 3 | | 4 | | 8 | | 27 |
| 19 | | 8 | | | | 6 | | 7 | 25 |
| | 24 | 32 | 9 | | 31 | 24 | 21 | 17 | |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

### अंकजाल 7525 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 12 | 13 | 24 | 18 | 20 | | 25 | 32 | |
| 31 | 5 | 8 | 5 | 4 | 9 | | 2 | 7 | 9 |
| 25 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | | 7 | 3 | 10 |
| | | | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 34 |
| 14 | 2 | 5 | 7 | | 2 | 5 | 7 | 8 | 22 |
| 22 | 9 | 2 | 3 | 8 | | 5 | 6 | 7 | 18 |
| 25 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 5 | | | |
| 9 | 6 | 3 | | 4 | 7 | 8 | 8 | 5 | 32 |
| 14 | 8 | 6 | | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 26 |
| | 28 | 22 | | 21 | 15 | 40 | 15 | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## कर्म का फल हैं योनियां

**जीवों** में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है। यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है। एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है।

## सुविचार

धन बर्बाद करके आप निर्धन होते हैं, लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते हैं।

**अज्ञात**

जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते हैं, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है।

**मैक्स लर्नर**

# ईवीएम की आड़ में अपनी हार की पेशबंदी करने लगा विपक्ष

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**मोदी** विरोधी मोर्चा के नेता आजकल एक और कैंपेन कर रहे हैं। वो कह रहे हैं कि मोदी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की वजह से जीतते हैं। वैसे ईवीएम को गलत ठहराने वाला राग तो पुराना है। 17 अप्रैल को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया कि अगर ईवीएम से छेड़छाड़ न हो तो भाजपा 180 सीटों पर सिमट जाएगी। जो राजनीतिक दल और नेता पिछले पांच साल तक जमीन पर उतरे नहीं, आज जब उन्हें अपनी हार साफ तौर पर दिख रही है तो उन्होंने ईवीएम की हार में पेशबंदी शुरू कर दी है। आखिरकार अपनी गलतियों, कमियां और कमजोरियों का ठीकरा किसी के सिर तो फोड़ना ही है, ऐसे में बेजुबान ईवीएम से बेहतर विकल्प कोई दूसरा नहीं हो सकता।

देश में आम चुनाव के पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। करोड़ों देशवासियों ने उन्हीं ईवीएम का बटन दबाकर अपना वोट दिया है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। ईवीएम की शुरूआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही कार्यकाल में हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं और चार लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनाव और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। इसी ईवीएम के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में तीन बार और पंजाब में एक बार चुनाव जीता। 2012 में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला। बहुजन समाज पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला और कांग्रेस ने 2023 में तेलंगाना जीता। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। वर्तमान में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही सत्तासीन हुई हैं। अगर विपक्ष को लगता है कि ईवीएम में हेरफेर किया गया है, तो वो प्रचार करने ही क्यों जाता है? विपक्ष उन राज्यों में चयनात्मक आलोचना करता है, जहां वो चुनाव हार जाता है। असल में विपक्ष को अपनी हार को स्वीकार करने और समझने की जरूरत है।

ईवीएम को लेकर अकसर प्रलाप मचाया जाता है और चुनाव आयोग को भी कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है, यह प्रवृत्ति दुराग्रह पूर्ण है। आयोग ने ईवीएम को हैक करने या उसके सिस्टम से छेड़छाड़ करने के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया था, कुछ दल गए भी, लेकिन कोई भी आपत्ति नहीं उठा सका या गड़बड़ी को साबित नहीं कर सका। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने निर्णय सुरक्षित रखा है। वास्तव में प्रश्न यह है कि विपक्ष का चरित्र इतना दोगला क्यों है? संवैधानिक व्यवस्था के ही विरुद्ध क्यों है? ईवीएम का प्रयोग छोड़कर बैलेट वाले मतदान के पाषाणकाल की ओर लौटना क्यों चाहता है? हालांकि बूथ छापने, लूटने और फर्जी मतदान के उस दौर को सर्वोच्च न्यायालय पृथक कर चुका है।

## राशिफल

**मेष** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**वृष** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क** — शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**सिंह** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**कन्या** — संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**तुला** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**धनु** — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**मकर** — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**कुंभ** — कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मीन** — मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्धि होगा।

# हनुमान, भगवान शिव के ग्यारहवें रूद्रावतार हैं

गौरतलब | विजय केसरी

**अर्थात** हे नाथ ! तुम मुझे बल, बुद्धि, विद्या प्रदान कीजिए और हमारे अंदर जो क्लेश विद्यमान हैं, उसे हर लीजिए। जो भी भक्त हनुमान जी की पूजा पवित्र मन से करते हैं, उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। हमारे मनीषियों का कथन है कि नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने से इसके भक्त इसी धरा में रहकर स्वर्ग के समान सुख प्राप्त करते हैं। जब वे इस धरा से विदा होते हैं, तब उनके प्राण निकलने का कोई कष्ट नहीं होते हैं। वे मोक्ष गामी होते हैं। हनुमान की भक्ति से भक्तों के अंदर कोई डर - भय नहीं रहता हैं। वे धीरे - धीरे कर माया के सभी बंधनों से मुक्त हो जाते हैं।

**हिन्दू** धर्म ग्रंथो के अनुसार भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का प्रादुर्भाव आज से अन्ठावन हजार एक सौ सोलह वर्ष पूर्व हुआ था। लोक मान्यताओं के अनुसार त्रेतायुग के अंतिम चरण, चैत्र पूर्णिमा, मंगलवार की सुबह में हुआ था। यह हम समस्त झारखंडवासियों का सौभाग्य है कि हनुमान जी का जन्म इसी प्रांत के गुमला जिले के आंजन नाम के छोटे से गांव पहाड़ी गुफा में हुआ था। भक्त हनुमान जी के विषय में हमारे शास्त्रों में वर्णन है कि वे भगवान शिव जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हैं। भक्त हनुमान की आराधना से भक्तों के समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही साधकों को हनुमान जी के संग भगवान राम और शिव की भी कृपा प्राप्त होती हैं।

रामचरितमानस में वर्णन है कि भगवान राम जब माता सीता की खोज में जंगलों में भटक रहे थे, तभी उनका भक्त हनुमान से मिलन हुआ था। देखते ही देखते भक्त हनुमान राम के हृदय में बस गए थे और हनुमान के हृदय में राम बस गए थे। भगवान राम ने हनुमान जी को अपने छोटे भाइयों के समान ही दर्जा प्रदान किया था। जब राम लंका विजय कर अयोध्या लौटे थे, तब उनके साथ वानर सेना सहित काफी संख्या में लंका से अतिथि आ गए थे। वे सब काफी दिनों तक अयोध्या में रह गए थे। जब भगवान राम ने सबों को विदा किया था,तब विदाई लेकर एक -एक कर अतिथि जा रहे थे। राम ने हनुमान को भी विदाई देना चाहा तब हनुमान ने विदाई के स्वरूप में उनके ही चरणों में रहने का वरदान प्राप्त किया था। इसीलिए भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की तस्वीर में एक साथ,दास के रूप में हनुमान जी श्री राम के चरणों में बैठे दिखते हैं।

भक्त हनुमान का जीवन राम की भक्ति में बीता । ऐसी मान्यता है कि भक्त हनुमान को अमरता का वरदान प्राप्त हुआ था। इसलिए आज भी वे इस धरा पर मौजूद है। वे राम की भक्ति में लीन है। आज हनुमान की पूजा पूरे विश्व भर में होती है। जहां भी हनुमान जी को मानने वाले भक्त निवास करते हैं। किसी न किसी रूप में प्रतिदिन हनुमान जी को याद कर ही लेते हैं । ऐसी लोक मान्यता है कि संकट के समय जो भी भक्त - साधक उन्हें याद करते हैं । उसके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो विपत्ति से लड़ने की ताकत मिल जाती है। संत तुलसीदास ने हनुमान चालीसा के चालीस पदों में हनुमान जी का संपूर्ण जीवनी बखान किया है। हनुमान के भक्त हनुमान जी को कई नामों से पुकारते हैं। हनुमान अपने हर नाम में गहरे अर्थ के साथ बंधे हुए हैं। हनुमान, बजरंगबली, पवन पुत्र, मारुति नंदन, अंजनी पुत्र, केसरी नंदन, कपीश, शंकर सुवन आदि विविध हनुमान के ही नाम है। इनके हर नाम में गहरा अर्थ बता छुपा हुआ है । इसे इनके नामों के उच्चारण से ही समझा जा सकता है। पवन पुत्र अर्थात पवन के पुत्र। अंजनी पुत्र अर्थात माता अंजनी के पुत्र। संत तुलसीदास ने हनुमान चालीसा में दर्ज किया है कि 'बल बुद्धि विद्या देऊ मोहि, हरहु क्लेश विकार'।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0

## एक झलक

### मां चंद्रघंटा की आठवीं वर्षगांठ पर निकली भव्य कलश यात्रा

**महुआडांड/लातेहार :** रूमहुआडाड प्रखंड के ग्राम चटकपुर में सोमवार को मां चंद्रघंटा की आठवीं वर्षगांठ को लेकर चटकपुर दुर्गा मंदिर से अध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर भ्रमण कर चटकपुर छठ घाट पहुंची जहां मंत्रोच्चारण कर कलश में नदी का जल भरा गया।इस दौरान जय माता दी के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस कलश यात्रा में सैंकड़ो की संख्या में सनातन धर्मावलम्बी महिला पुरुष शामिल हुए।

### बाराती स्कार्पियो में लगी आग

**लातेहार :** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन गांव के नवाटोली में बरातियों की स्कार्पियो में आग लग गई जिसमें वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि रविवार को हजारीबाग जिले के चितको गांव से सुनील गंझू की बारात माल्हन गांव के नावाटोली आयी थी। आधी रात लगभग साढ़े 12 अचानक उस वाहन में आग लग गयी। आग लगने की कारणों का पता नहीं चल पाया है। कुछ लोग दबी जुबान से पटाखा से गाड़ी में आग लगने की बात कह रहे हैं। आग लगने के बाद बाराती और सराती दोनों पक्षों में अफरा तफरी मच गया। सूचना मिलने पर मुखिया जतरु मुंडा ने घटनास्थल पहुंचकर सरातियों एवं बरातियों को समझा बुझा कर मामला को शांत करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तपा पहाड़ में लगी आग, जंगल व वन्य जीवों को हो रहा नुकसान

**लातेहार :** शहर पूर्व दिशा में स्थित तापा पहाड़ में पिछले 48 घंटे से आग लगी है। वन विभाग के अधिकारियों को सूचना रहने के बावजूद भी इसे बुझाने का कोई सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहा है। आग लगने के कारण जंगल में कई छोटे . बड़े पौधे जल कर नष्ट हो गये हैं। बताया जाता है कि महुआ चुनने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा यह आग लगाई गई है। जो धीरे .धीरे पूरे पहाड़ को चारों तरफ फैल गई है। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो जंगल में लगे पेड़ पौधों को काफी नुकसान होगी। इस सम्बन्ध में रेंजर नंदकुमार महतो ने कहा कि आग लगने की सूचना मिली है। एक दिन पहले भी कर्मी द्वारा आग को बुझाया गया था। उन्होंने कहा कि महुआ चुनने के दौरान जंगल में आग नहीं लगाने को लेकर ग्रामीणों को जागरुक भी किया जाता है।

### पीएम केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक में नामांकन के लिए किया ऑनलाइन लाटरी

**लातेहार :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक में नामांकन के लिए सोमवार को ऑनलाइन लाटरी किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप ठाकुरए शिक्षक अविश कुमार व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आशीष टैगोर मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में कक्षा एक के 32 सीटो के लिए कुल 245 आवेदन आये थे। इनमें शिक्षा के अधिकार कानून के तहत आठ छात्रों का कक्षा एक में नामांकन के लिए चयनित किया गया है। केंद्रीय सर्विसेस के बच्चों के नामांकन के लिए कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होने बताया कि सामान्य जाति 44ए ओबीसी. सीएल के 15ए ओबीसी .एनसीएल के 113ए एससी के 32 व एसटी के छात्रों के नामांकन के लिए 41 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें लड़कों की संख्या 139 व लड़कियों की संख्या 106 है। उन्होने बताया कि चयनित छात्रों के अभिभावकों को मोबाइल पर सूचना दी जायेगी। इसके अलावा लिस्ट विद्यालय के सूचनापट्ट एवं आफिसियल वेबसाईट पर भी जारी की गयी है। मौके पर अभिभावक रौशन कुमारए विशाल कुमारए आयुष कुमार व सुनील प्रसाद व संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# इंडिया गठबंधन की बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** इंडिया गठबंधन के समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह को कोडरमा से विजयी बनाने को लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दल युद्ध स्तर पर चुनावी तैयारियों में जुटे है। चुनावी तैयारी को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक सोमवार को विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में हुई। अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के संयोजक रामधन यादव ने किया। बैठक में कोडरमा जिला में प्रचार प्रसार तेज करने और प्रत्याशी विनोद सिंह का जनसंपर्क अभियान को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में 28 अप्रैल को इंडिया गठबन्धन का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शिव वाटिका में करने का निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर इंडिया गठबन्धन के सभी घटक दलों को जिम्मेवारी दी गयी। वहीं कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर नगर परिषद,झुमरीतिलैया, नगर पंचायत/कोडरमा/डोमचांच एवं सभी प्रखण्ड के गठबंधन के नेतृत्व साथियों को तैयारी बैठक करने का निर्णय लिया गया। इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि भाजपा हार की आहट से बौखला गयी है।जनता और मीडिया को काम की उपलब्धि बता पाने में असमर्थ हो रही है। झारखण्ड बनने के बाद से भाजपा के ही सांसद रहें है। इसके बाबजूद कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में ग्रासरूट पर कोई काम नही हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जनता का ध्यान बांटने के लिए इधर-उधर की बात कर गुमराह कर रही है। भाजपा से जनता मालिक 5 साल का हिसाब मांग रही, लेकिन भाजपा हिसाब देने से कतरा रही है। इस चुनाव में जनता संविधान बचाने और भाजपा की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले रही है।अन्य वक्ताओं ने कहा कि सांसद ने काम किया होता तो जनता आक्रोशित नही होती। जनता के सवालों पर भाजपा सांसद ने कभी भी सड़क और सदन में लड़ाई नही लड़ी। इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह झारखण्ड विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक है और सदन से सड़क तक हर मुद्दे पर संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि कोडरमा के लिए शर्मनाक है कि भाजपा सांसद कोडरमा में विकास की उपलब्धि गिनाने में भी असमर्थ हो रहें है। जनता काम के आधार पर सांसद का आंकलन कर रही है, काम के मामले में झारखण्ड की सबसे फिसड्डी सांसद कोडरमा से है।कोडरमा की जनता बदलाव की ओर बढ़ चली है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नियमित वाहनों की जांच करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त ने जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित वाहनों की जांच करें एवं नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। बैठक में उप विकास आयुक्त ने हिट एंड रन मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट की जानकारी साझा की। उप विकास आयुक्त ने सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट में दुर्घटना रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने परिवहन पदाधिकारीए विभिन्न थाना प्रभारियों को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुमार्ना करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जांच में हेलमेट ना पहननेए गाड़ी के कागजात समेत शराब पीकर गाड़ी चलाने की भी जांच करने तथा कारवाई करने का निर्देश दिया गया।

## अनियंत्रित कार पेड़ में टकराई, एक की मौत, महिला समेत दो घायल, रिम्स रेफर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के मनिका थाना क्षेत्र के एनएच.39 देवबार मोड़ के पास अनियंत्रित कार ;जेएच 01 बीएम.9480द्ध पेड़ से टकरा गई। जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि महिला समेत दो घायल हो गए। मृतक की पहचान सरयू प्रसाद केसरी ;विश्रामपुर गढ़वाद्ध के रूप में की गई। जबकि घायलों में राहुल कुमार केसरी ;कमड़ेएरांचीद्ध व कबूतरी देवी ;विश्रामपुरए गढ़वाद्ध शामिल है। जानकारी के अनुसार सभी एक शादी समारोह से शामिल होकर एक कार से बिश्रामपुर से रांची जा रहे थे। इस दौरान देवबार मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ में जाकर टकरा गई। जिससे एक की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि कार में बैठे महिला व चालक राहुल केशरी गंभीर रूप से घायल हो गए । स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायलों का सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर अखिलेश्वर प्रसाद ने प्राथमिक इलाज किया। इलाज के बाद दोनों घायल की स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि महिला को पैर टूट गया है। जबकि राहुल को भी गंभीर चोट आई है।

## 24 घंटे के अंदर रोड़ किनारे से हटा लें सभी प्रकार के बिल्डिंग मैटेरियल्स, नहीं तो लग जायेगा जुर्माना

**लातेहार :** शहरी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क किनारे भवन निर्माण के लिए गिराए गए सामानों को 24 घंटें के अंदर हटाने का आदेश नगर पंचायत के द्वारा दिया गया है। उक्त आदेश लातेहार नप प्रशासक राजीव रंजन के द्वारा दिया गया है। इसी आदेश के अनुपालन कराने के लिए आज नगर पंचायत के नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, सहायक अभियंता कुमार रवि, कनीय अभियंता संजीव कुमार एवं कर संग्रहकर्ता राजू प्रसाद द्वारा स्टेशन रोड एवं डुरूआ के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण के दौरान उन्होंने अशोक कुमार, नानू यादव आदि को 24 घंटे के अंदर रोड से बालू हटाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि निर्देश पालन नहीं किया जाता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ जुमार्ना लगाया जाएगा। प्रावधान अनुसार 500 का फाइन है। साथ ही उनके द्वारा शहरी क्षेत्र के आमजनों से अपील की है कि यदि वह रोड के किनारे बिल्डिंग मैटेरियल्स गिराए हैं तो उसे 24 घंटे के अंदर हटा ले ताकि किसी प्रकार के दुर्घटना से बचा जाए।

उपायुक्त ने की डीआरडीए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

## मनरेगा कार्य की गति को देख जतायी नाराजगी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में डीआरडीए से संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में अबुआ आवास योजनाए मनरेगाए पीएम आवासए समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई एवं वर्तमान प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। अबुआ आवास योजनाए मनरेगा से संचालित योजनाओं की गति को देख कर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया एवं निर्देश दिया गया कि 15 दिनों के अंदर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लंबित कार्यों को गुणवतापूर्ण तरीके से पूर्ण करें। साथ ही समय से योजना पूर्ण नहीं होने पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारीए ब्लॉक को ऑर्डिनेटरए बीपीओ पर विभागीय कार्रवाई करने की बात कही गई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाए बिरसा हरित ग्राम योजनाए वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना एवं अन्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु उप विकास आयुक्त के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए समयावधि में योजना को पूर्ण करने हेतु सभी पदाधिकारीयोंध् कर्मचारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना बद्ध तरीके से काम करने का निर्देश दिया गया।

## इंडिया गठबंधन की बैठक में आम आदमी पार्टी का नामोनिशान नहीं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आम आदमी पार्टी राजनीतिक दलों में नयी जरूर है, मगर देश भर में जनाधार में किसी भी दल से कमजोर नहीं है।ना ही कमजोर है उनके नेतृत्व अरविंद केजरीवाल जी की तस्वीर। दो राज्यों में हमारी बहुमत की सरकार है। ये इंडिया गठबंधन के साथियों को गठबंधन की मयार्दा भूलनी नहीं चाहिए। पलामू में भी आम आदमी पार्टी का झाड़ू सबका सूपड़ा साफ करने के लिए पर्याप्त है। ये नाराजगी भरे शब्द है आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी का, जिन्होंने पलामू लोकसभा प्रत्याशी ममता भूईंया के समर्थन में मेदिनीनगर के दो नंबर टाउन स्थित राजमहल मैरिज हॉल में बुलाई गई इंडिया गठबंधन की बैठक में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व का फोटो, बैनर में चुनाव चिन्ह छाप नहीं देकर आक्रोशित हो गए। आप के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की जमीनी हकीकत इन सभी दलों से अलग है।बैठक में आने के सवाल पर राकेश तिवारी ने बताया कि गठबंधन धर्म का पालन कर लोकतंत्र की स्वतंत्रता छिनने वालों के खिलाफ हमारे नेता अरविंद केजरीवाल ने बिगूल फूंका है।

## जी. एस. पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डोमचांच :** डोमचांच स्थित जी. एस. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया जहां बच्चों ने इस अवसर पर ड्रॉइंग कम्पटीशन में भाग लिया व एक से बढ़कर एक पेंट बनाते हुए अच्छे संदेश देने का कार्य किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने संबोधन में कहा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं- आज के समय में बढ़ती आबादी के कारण हर दिन पेड़ों की कटाई हो रही है इसके साथ ही हर दिन ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ते जा रही है इसलिए जरूरी है कि आप अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और लोगों को इसके बारे में जागरूक करें। उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए कहा बच्चों में पढ़ाई के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता देखने को मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित उपनिदेशक नीरज सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा कि हर साल 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ-डे यानी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद है, कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझकर अपने आसपास के पर्यावरण को अच्छा बनाने के लिए काम करें। यह मौका पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी की बिगड़ती सेहत को लेकर लोगों को सचेत करने का है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के वर्ग प्रथम से पंचम तक के बच्चे भाग लिए जिसमे सभी ने बेहतर प्रदर्शन कर अच्छे संदेश दिए। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया क्या जिसमें दिव्या कुमारी, राखी कुमारी, आयुष कुमार, परी कुमारी, रियांश राज, मानसी कुमारी, एंजेल कुमारी, अलीना, स्मृति रानी, रितिका रानी, अनिका यादव, राधिका कुमारी,दिव्या भारती, प्रीति कुमारी शामिल हैं।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

कोडरमा : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी बचाओ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023 - 2025 के प्रशिक्षुओं के द्वारा अपनी कलात्मक कलाओं का शानदार प्रदर्शन करते हुए उक्त विषय पर पोस्टर बनाए गए ।इस अवसर पर *महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारी पृथ्वी के वातावरण में बहुत अधिक परिवर्तन आ गया है । जिसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। अतः हम सभी को अपनी पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ी को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिससे हम शुद्ध वातावरण में रह सके।

## शराबी बेटे ने पिता समेत परिवार के तीन सदस्यों की कर दी हत्या

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू/लातेहार :** गारू थानाक्षेत्र के चोरहा पंचायत के डबरी गांव में सनकी युवक रंजन उरांव ने रविवार की रात पिता समेत अपने परिवार के ही पांच लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में तीन लोगों नें मौके पर जान गवा दिया।वहीं दो लोग घायल है। मृतकों में आरोपी के पिता सूरज उरांवए चचेरी भाभी अनुपमा देवी तथा मंसूरिया देवी शामिल हैं।जबकि घायलों में आरोपी के चचेरे भाई अमलेश उरांव और उनकी पत्नी हीरामनी देवी शामिल हैं।स्थानीय लोगों की माने तो डबरी गांव निवासी रंजन उरांव मानसिक रूपसे विक्षिप्त और सनकी व्यक्ति है। रविवार की रात करीब आठ बजे घर में शराब पीकर आया। इसी दौरान घर में रखे धारदार कुल्हाड़ी से वार कर अपने पिता सूरज उरांव की हत्या कर दिया।हत्या की सूचना के बाद चचेरी भाभी अनुपमा देवी व मंसूरिया देवी सामने आई। इसी दौरान युवक को उनलोगों के साथ कहासुनी हो गई। जिसके बाद रंजन उरांव ने दोनों चचेरी भाभियों को भी कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दिया। जिससे मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। इस सम्बन्ध में गारू थाना प्रभारी सोनू कुमार नें बताया की अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज करके हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे उन्होंने बताया की अभियुक्त पुलिस में भी हमला करने का प्रयास कर रहा था। काफी मशक्कत के बाद पुलिस बल पकड़ने में सफल रही।

## एसवीएम लातेहार में पृथ्वी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के धर्मपुर पथ स्थित स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में पृथ्वी दिवस के मौके पर सोमवार को पर्यावरण आधारित कई कार्यक्रम कराए गए।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि पर्यावरण को बचाकर ही पृथ्वी को बचाया जा सकता है तभी सभी मानव का जीवन सुखमय होगा उन्होंने भैया ध्बहनों को पर्यावरण के साथ आत्मीय संबंध बनाने पर जोर दिया। इसके तहत शिशु वर्ग ;2.5द्ध के बिच 40 भैया बहन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम. भैया दुर्गेश. 4ए एद्वितीय. भैया उत्कर्ष द्द 5ए एतृतीय. भैया पार्थ पांडे . 5 बी।बाल वर्ग ;6.8द्ध रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम .खुशी और ग्रुपएद्वितीय .कोमल और ग्रुप व तृतीय. अमोली और ग्रुप।जबकि किशोर वर्ग ;9.10द्धनिबंध प्रतियोगिता में प्रथम बहन शिप्रा सौरव 9 बी एद्वितीय. प्रतिभा कुमारी 10 बीएतृतीय . बहन आस्था राज 9 बी रहे। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्या रजनी नाग ने कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण है इसमें ऊर्जा संरक्षणए जल संरक्षण एपेड़ पौधे का संरक्षण शामिल है।

## भगवान महावीर की जन्म जयन्ती के अवसर पर पालना झुलाना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** भगवान महावीर जन्म जयंती के अवसर पर पानी टंकी रोड स्थित जैन मंदिर में संध्या में भगवान महावीर का पालना झूलाना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी जैन मंदिर पहुंची वहां पर मंदिर का दर्शन किया भगवान महावीर की आरती की एवं पालना झुलाया समाज के पदाधिकारी एवं महिला समाज की अध्यक्ष नीलम सेठी सचिव आशा गंगवाल प्रेम झाझंरी सरिता काला पार्षद पिंकी जैन ने माननीय सांसद महोदया का स्वागत अभिनंदन किया समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा समाजसेवी सुरेश झाझंरी ने स्वागत भाषण दिया इस मौके पर स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सभी श्रद्धालु भक्तों और देशवासियों को भगवान महावीर जन्म जयंती की शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत और आदर्शों पर चलकर ही राष्ट्र महान बन सकता है पूरे विश्व में उन्होंने सत्य अहिंसा और शांति का अलख जलाया जिसकी आज सबसे अधिक जरूरत है भगवान महावीर त्याग तपस्या की प्रति मूर्ति थे मनुष्य उनके जीवन चरित्र को अपनाकर ही अपना जीवन सुखमय बना सकता है उनके दिव्य संदेश जियो और जीने दो को अपनाकर ही विश्व मैत्री स्थापित किया जा सकता है रात्रि में महिला संगठन के द्वारा भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य भजन आदि किया गया जिसमें महिला समाज की सदस्यों ने संयुक्त रूप से भाग लिया कार्यक्रम का सफल बनाने में मुख्य रूप से आशा गंगवाल सुबोध गंगवाल कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जैन काला भंडारी सुनील जैन सेठी ने अपना योगदान दिया।

हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गयी शोभायात्रा

# श्री हनुमान संकीर्तन मंडल ने किया आयोजन, सुंदरकांड की गूंजी चौपाइयां

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का 43 वां वार्षिकोत्सव सह हनुमान जन्मोत्सव समारोह सोमवार को भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। अड्डी बांग्ला रोड स्थित केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री से हनुमान दरबार की निकली सुसज्जित वाहन को स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में मंडल के सदस्यों व श्रद्धालुओं ने राम नाम की पट्टी लगा रखी थी। यात्रा स्टेशन रोड से निकलकर झंडा चौक राजगढ़िया रोड होते हुए विद्यापुरी रांची पटना रोड ब्लॉक रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री पहुंचकर समाप्त हुई। दो दिवसीय

कार्यक्रम के पहले दिन आयोजन स्थल में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों की प्रस्तुति राम, लक्ष्मण व हनुमान की जीवंत झांकी के साथ भजन मंडलियों द्वारा गाए जा रे भजनों से पूरा शहर गुंजयमान होता रहा। पूजा अर्चना के बाद सवा 25 घंटे की अखंड ज्योत, अलौकिक श्रृंगार व लाल परिधानों में शामिल सुंदरकांड पाठ में शामिल कतरास से आए पंकज शर्मा के नेतृत्व में हुआं। महिलाओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ के साथ संगीतमय भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न देवी देवताओं की दरबार के साथ फूलों का भव्य श्रृंगार सजाया गया। मौके पर खीर चूरमा बुंदिया एवं पेडे का सवामणि प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा अर्चना पंडित अनिल मिश्रा ने कराई। जबकि यजमान में नवीन सिन्हा व ललिता सिन्हा शामिल हुए। सुंदरकांड में हिमांशु केडिया, प्रीति केडिया अखंड ज्योत महेश पेड़िवाल के द्वारा प्रचलित की गई।यात्रा में भारत विकास परिषद के नारायण सिंह, ए.आर. इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अभिषेक पांडेय, सुषमा सुमन, प्रदीप सुमन, मंडल सचिव विक्की केसरी, अरविन्द चौधरी, सत्येंद्र सिन्हा, संजय बनर्जी, ज्योति पहाड़ी, राहुल सिंह, नितिन मिश्रा, लखन सिंह, पीयूष सिंह, सत्येंद्र सिन्हा विजय सिंह गौतम पांडे य,सहित दर्जनों मंडल के सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेरणा शाखा की सारिका अग्रवाल, श्रेया केडिया, मंडल के संरक्षक मधुसूदन दारूका, अनिल अग्रवाल के अलावा चन्द्रशेखर जोशी, भैरो प्रसाद, मनोज जोशी, गौतम पांडेय, आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**श्री राम जानकी बैठे हैं कि प्रस्तुति ने बांधा समां**

दो दिवसीय इस कार्यक्रम में धनबाद से आए भजन गायक दीपक अरोड़ा, अनिता अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत भजन हनुमान जी हमारे श्री राम जी के प्यारे हम पर दया करो...,श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...., कार्यक्रम में समा बांध दी। अनीता अरोड़ा द्वारा भजन प्रस्तुत भजन तेरे लिए मैं प्यारी प्यारी चुनरिया लाल लाई हूं....,पर श्रद्धालु भक्त गोते लगाते रहें।

## लोकसभा चुनाव जीतेंगे कार्यकर्ताओं के दम पर : बीडी राम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा प्रत्याशी बीडी राम की प्रचंड बहुमत से जीत होगी।चुनाव को लेकर जिला कार्यालय गढ़वा में बैठक हुई।इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में प्रत्याशी बीडी राम को जिताने को लेकर रणनीति बनायी गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के दम पर लोकसभा चुनाव में पलामू लोकसभा प्रत्याशी बीडी राम की प्रचंड बहुमत से जीत होगी।विपक्षी दलों के लोग जनता के बीच तरह-तरह का भ्रम फैला रहे हैं, लेकिन आम जनमानस मोदी सरकार के साथ है।भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ऐतिहासिक मतों से चुनाव जीतेंगे।मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जनहित की कई योजनाएं बनायी हैं।इसका सीधा लाभ आम जनता को मिला है। सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास जैसे मूल मंत्र को लेकर काम करने वाली पार्टी है।लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत तय है।भाजयुमो पलामू लोकसभा प्रभारी रामाशीष तिवारी ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता बूथ स्तर पर युवाओं से लगातार जनसंपर्क चला रहे हैं। झामुमो, कांग्रेस एवं राजद का भ्रष्टाचार देखकर जनता इनको नकार देगी।भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत 25 अप्रैल से 11 मई तक लगातार युवाओं के बीच जनसंपर्क करते हुए बाइक रैली, युवा चौपाल, सम्मान समारोह व युवा सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित इस बैठक में भाजपा नेता सुरेन्द्र विश्वकर्मा, भाजयुमो जिला मंत्री संजय जायसवाल, सोशल मीडिया प्रभारी बिपिन तिवारी, मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, महेंद्र यादव, ज्ञानरंजन चौबे, अलख निरंजन प्रसाद, अनित तिवारी, आलोक साह, प्रिंस तिवारी व सुरेन्द्र यादव मौजूद थे।

## एक नजर

### सेंट्रल पब्लिक स्कूल में मना पृथ्वी दिवस

**आदित्यपुर।** सोमवार को सेंट्रल पब्लिक स्कूल आदित्यपुर में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर मिडिल विंग के विद्यार्थियों ने सीड बॉल्स तैयार करने में भाग लिया। विद्यालय के माली फागो हांसदा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने बीजों को मिट्टी और खाद के मिश्रण में लपेटा और बीज के गोले को अंकुरित होने के लिए विद्यालय परिसर में रखा। इसके अलावा विद्यार्थियों ने स्कूल के ग्रीन जोन में कुछ पौधे लगाए और पौधों को पानी भी दिया। इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी खूब आनंद उठाया। स्कूल के प्राचार्य घोष ने कहा कि यह हमारे आसपास को हरा-भरा बनाने और छात्रों में, प्रकृति के प्रति प्रेम पैदा करने की दिशा में, एक छोटा सा कदम है।

### होटल संचालक गांजा के साथ गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** कोवाली थाना अंतर्गत बालीडीपा दांव स्थित एक होटल में गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे सुकू महाकुड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुकू के पास से कुल 1।64 किलो गांजा बरामद किया है। सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोवाली थाना अंतर्गत बालीडीपा गांव के एक होटल में गांजा की खरीद-बिक्री हो रही है। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और सुकू महाकुड़ को गिरफ्तार कर लिया। सुकू के पास से पुलिस ने 1।64 किलो गांजा बरामद किया जिसकी बाजार में कीमत 50 हजार रुपये है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पूछताछ में गांजा के तस्कर के बारे में पता चला है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। अब तक ग्रामीण क्षेत्र से 40 लाख नकद और 10-12 लाख की शराब को जब्त किया गया है।

### संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में वसुंधरा दिवस का आयोजन

**घाटशिला।** संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में सोमवार को वसुंधरा दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से लेकर पंचम वर्ग के बच्चों ने पृथ्वी को बचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत की। आज का सुविचार छात्र संचित एवं मोनिका चटर्जी ने भाषण के माध्यम से बच्चों को पृथ्वी बचाने का संदेश दिया। कक्षा चतुर्थ एवं पंचम के छात्र- छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत गीत के माध्यम से सभी के बीच भविष्य में होने वाली समस्याओं जैसे- पानी बिजली, प्लास्टिक, ग्लोबल वार्मिंग आदि के बारे में अवगत कराया गया और साथ ही इससे बचने के कई सुझाव दिए गए। इस मौके पर विद्यालय प्रशासिका शोभा गनेरीवाल, विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसेनजीत कर्मकार, एवं प्राइमरी इंचार्ज सुजाता वर्मा उपस्थित थे। विद्यालय की प्राचार्या नीलकमल सिन्हा ने बच्चों को पृथ्वी का ध्यान बिल्कुल अपनी मां की तरह रखने को कहा। साथ ही पानी बचाने, पेड़ लगाने तथा पृथ्वी की महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए वसुंधरा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सदानंद सदन की जेनिफर सिंह, सौमिता सनातनी, पल्लवी साहा मौमिता मदीना एवं सोमनाथ दे ने अहम भूमिका निभाई। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने भरा नामांकन पर्चा

**संवाददाता**

**चाईबासा।** सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने सोमवार को नॉमिनेशन किया। उनके साथ झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और जेबी तुबीद भी मौजूद थे। नामांकन के दौरान हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल हुए। नामांकन के पश्चात चाईबासा के खूंटकटी मैदान में एक रैली का भी आयोजन किया गया। जहां प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संबोधित कर कार्यकर्ताओं के बीच जोश भरा।

इसके पहले चाईबासा गांधी मैदान से गीता कोड़ा हजारों कार्यकताओं के साथ जुलूस की की शक्ल में डीसी कार्यालय पहुंची और नॉमिनेशन किया। नॉमिनेशन के बाद गीता कोड़ा ने कहा कि जोबा मांझी चुनाव लड़े या मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इन सब पर

मोदी सरकार की 10 साल की गारंटी भारी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सफल नहीं होगा। आपस में ही गुट बाजी चल रही है। गीता कोड़ा ने कहा कि भाजपा की नीति सिद्धांत से आम जनता प्रभावित है। इस बार भी जनता उन्हें संसद में भेजने का काम करेंगे। चुनावी जंग का एलान हो चुका है। चुनावी मैदान में डटकर मुकाबला करने को तैयार हैं।

**लोकसभा क्षेत्र के कोने-कोने से भाजपा कार्यकर्ता चाईबासा पहुंचे**

भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के नामांकन पर्चा जमा होने की साक्षी बनने के लिए सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के कोने-कोने से भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे। हजारों की संख्या में चाईबासा लोगों का आवागमन होता रहा। इस दौरान चाईबासा के मुख्य सड़क पर रैली निकालते हुए डीसी कार्यालय पहुंचे जहां उपायुक्त के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दिया।

**सड़कों पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया**

चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन भी सक्रिय से अपना काम कर रही है। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल होने के लिए दूर दराज से भाजपा कार्यकताओं का आवागमन चाईबासा होता रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी कई जगह पर जांच अभियान भी चलाया। जहां चार चक्का वाहन को रोककर डिक्की तक जांच किया गया।

## स्वस्थ समाज गढ़ने के लिए घनश्याम दे रहे निःशुल्क योग शिक्षा

**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड मुख्यालय रघुनाथपुर में योग प्रशिक्षक घनश्याम महतो प्रतिदिन लोगों को निःशुल्क योग प्रशिक्षण दे रहे हैं। वे लोगों को अपने शिविर में सूर्यनमस्कार, आसन, प्राणायाम आदि का प्रशिक्षण देकर स्वस्थ्य समाज निर्माण के प्रति प्रोत्साहित कर रहे है। उनका कहना है कि वर्तमान के रासायनिक खाद के कारण खाद्य पदार्थ में पौष्टिक तत्व काफी कम मात्रा में पाया जाता है। जिसके कारण लोग रोगग्रस्त हो रहें हैं। विभिन्न प्रकार की बीमारी तेजी से अपना पांव पसार रही है। समाज में शूगर की बीमारी तेजी से बढ़ी है। ऐसे में लोगों को जैविक खेती से उपजाए गए फसल का ही सेवन करना चाहिए और प्रतिदिन योग, आसन और प्राणायाम करना चाहिए। प्राकृतिक चिकित्सा से लोग रोगमुक्त रह सकते हैं। योग करने के कई लाभ है। योग, आसन एवं प्राणायाम एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा बिना एलोपैथी, होमियोपैथी व आयुर्वेदिक दवा के बिना रोग मुक्त रहा जा सकता है। इस बात को अब पूरी दुनिया मान रही है। उन्होंने बताया कि अमेरिका के प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डा एलेना हेलेन के अनुसार योग विज्ञान नीरोग रहने का सशक्त माध्यम है। उनके द्वारा 100 रोगियों के उपर तीन महीने तक एक प्रयोग के द्वारा योग, आसन, प्राणायाम एवं प्राकृतिक चिकित्सा से 99 लोग पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हो गए हैं। जिसमें 72 लोग गंभीर रोग से ग्रसित थे। योग करने से जहां लोग शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहते हैं। वहीं विद्यार्थियों में एकाग्रता बढ़ता है, जिसके उनको पढ़ाई में लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि उनके शिविर में लोग पहुंचते हैं और स्वस्थ्य रहने के गुर सीखकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

## ईचागढ़ पहुंची इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय

**संवाददाता**

**चांडिल।** रांची लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय टिकट मिलने के बाद सोमवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंची। कांग्रेस पार्टी ने रविवार को ही रांची संसदीय क्षेत्र के लिए उनके नाम की घोषणा उम्मीदवार के रूप में किया था। रांची सीट से उम्मीदवार घोषित होने के दूसरे दिन ही उन्होंने अपने पिता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर अपनी भावी योजनाओं के बारे में बताया और समर्थन मांगा। लोगों से मिलने के दौरान उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में

बेरोजगार युवाओं की समस्या, महिलाओं के साथ हो रही अन्याय, अत्यचार और कमर तोड़ मंहगाई जैसे मुद्दों पर अपनी बातों को रखा। इंडिया गठबंधन की साझा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को दिऊड़ी मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के बाद अपना प्रचार अभियान शुरू किया। सबसे पहले ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के टीकर पहुंची। टीकर में भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना करने के बाद चुनाव-प्रचार अभियान का श्रीगणेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले दस साल से देश की जनता मोदी सरकार का दंश झेल रही है। अब आम जनता मोदी के जुमलों से छुटकरा पाना चाहती हैं। कांग्रेस की सरकारों ने जनता के लिए जो सुविधाएं दी है, उनका एक प्रतिशत भी मोदी सरकार नहीं दे सकी है। मोदी सरकार सिर्फ प्रचार करने में ही कांग्रेस की सरकार से आगे है। उन्होंने सोमवार को टीकर में लोगों से मिलने और चर्चा करने के बाद चिपड़ी में ग्रामीणों से बात की। इस दौरान चिपड़ी में महिलाओं ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। यशस्विनी सहाय ने मिलन चौक में भी प्रचार अभियान चलाया। इस दौरान उनके पिता व पूर्व कंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी साथ थे। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के युवा व महिला उम्मीदवार यशस्विनी सहाय अपने पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का विरासत को संभालने मैदान में उतरी है।

## महिला समूह ने दो लड़कियों का बाल विवाह होने से रोका

**किरीबुरु।** किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह की अध्यक्ष यशोदा गुप्ता, सचिव प्रतिमा सिंह, पारा लीगल रीना दास आदि महिलाओं ने बेहतर कार्य करते हुये दो गरीब नाबालिग बच्चियों का बाल विवाह होने से रूकवा दिया। दोनों बच्ची सहेली हैं और अपने घर से भागकर प्रेमी के घर रह रही थी। दोनों युवती की उम्र लगभग 12-12 वर्ष के करीब है। इस बाबत रीना दास ने बताया कि किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह को जानकारी मिली कि मेन मार्केट की दो नाबालिग लड़की बीते मंगला उषा पर्व के समय से अपने-अपने घर से भागकर प्रेमी के घर रह रही हैं। दोनों शादी करने वाली हैं। इसमें से एक लड़की के पिता की मौत हो चुकी है। उसकी मां दूसरी शादी कर अन्यत्र रहती है। यह लड़की अपनी गरीब व वृद्ध नानी घर रहती थी। यह पढ़ी-लिखी भी नहीं है। दूसरी लड़की के माता-पिता है एवं वह पांचवीं कक्षा तक पढ़ी है। वह इससे पहले भी कई बार घर से भाग चुकी है। इस कारण उसके माता-पिता भी परेशान रहते हैं। रीना दास ने बताया कि दोनों लड़की के प्रेमी के परिजन इन्हें स्वीकार कर अपने घर में रखे हुये थे। इसमें से दोनों लड़कियों को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। लेकिन माता-पिता को डर है कि वे कहीं फिर न भाग जायें। दोनों लड़कियों के बाबत महिला समूहों ने परिवार के साथ मिलकर यह निर्णय लिया कि जो अशिक्षित लड़की है, उसका नामांकन नोवामुंडी स्थित कैम्प स्कूल में कराया जायेगा। इसके बाद कस्तूरबा विद्यालय में। दूसरी लड़की का कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन कराया जायेगा। इसके अलावे डालसा से जरुरी कानूनी व अन्य मदद ली जायेगी। इस दौरान किरीबुरू क्लस्टर की अध्यक्ष यशोदा गुप्ता, सचिव प्रतिमा सिंह, पैरालीगल रीना दास, जेंडर सीआरपी हीरामणि बारला, अनिता पान, ग्रेस बोदरा, नीलिमा लागुरी, नमिता हेंब्रम, निशा सांडिल आदि अन्य महिलाएं शामिल थी।

## गैंगस्टर अखिलेश सिंह बरी

**संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र में पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग करने के मामले में सोमवार को फैसला आया है। कोर्ट ने अखिलेश सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। हालांकि मामले में आरोपी मनोरंजन सिंह लल्लू, बंटी जायसवाल और रितेश राय के खिलाफ अदालत में मामला अलग से चल रहा है। बता दें कि साकची थाना क्षेत्र में 20 मार्च 2008 को जेल चौक के निकट बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने आरपी रवि को गोली मारी थी। इससे जख्मी पूर्व जज का इलाज टीएमएच में हुआ था। इस संबंध में पत्नी बीरा प्रसाद के बयान पर केस दर्ज कर पुलिस ने अखिलेश समेत अन्य को आरोपी बनाया था। बीरा प्रसाद ने पुलिस को बताया कि आरपी रवि फल लेकर घर लौट रहे थे। आबकारी विभाग के पास पहुंचकर सड़क पार कर रहे थे, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उनपर फायरिंग शुरू कर दी थी। इस घटना में आरपी रवि घायल हो गए थे।

## अफीम तस्करी के तीन दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा

**संवाददाता**

**किरीबुरु।** कोर्ट ने अफीम तस्करी करने के तीन दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई है। इनपर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। तीनों दोषियों के नाम पांडा बोदरा, एसी बिरसा और सुबोध प्रजापति हैं। इनपर कराईकेला थाना कांड संख्या झ 17/2022 तीन सितंबर को धारा झ 18 (बी)/25 एनडीपीएस एक्ट लगाया गया था। इनके खिलाफ अफीम रखने और वैध कागजात के बिना परिवहन करने का मामला दर्ज किया गया था। टेबो थाना अन्तर्गत चिंगिदा गांव में 3 सितम्बर 2022 को दोपहर करीब 12 बजे एरिया डोमिनेशन करते हुए लौटने के क्रम में नवादा बस्ती की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवक आ रहे थे। संदेह होने पर पुलिस कर्मियों द्वारा युवक को रोक कर तलाशी ली गई तो झोला से 2 किलो अफीम बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम पाण्डा बोदरा बताया। अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा उक्त तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया। इसके आधार पर उक्त काण्ड का विचारण के क्रम में न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चाईबासा के न्यायालय ने तीनों अभियुक्तों को एनडीपीएस एक्ट में 10-10 साल की कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है।

## गुमला पॉलिटेक्निक में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

गुमला : हर साल 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ-डे यानी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण को लेकर जागरूक करना है। वर्ष 2024 में विश्व पृथ्वी दिवस का थीम था प्लेनेट बनाम प्लास्टिक। धरती को जननी कहते हैं। धरती जानवरों से लेकर इंसानों तक को जीवन देती है। जिंदा रहने के लिए श्वास, जल और भोजन देती है। हालांकि इंसान पृथ्वी से प्राप्त तत्वों का भरपूर दोहन कर रहे हैं और उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। दिन पर दिन पृथ्वी और इसका वातावरण दूषित हो रहा है। ऐसे में विश्व प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को अर्थ डे यानी पृथ्वी दिवस मनाता है। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य वातावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। इस दिन को मनाने की शुरूआत अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में की थी। पर्यावरणीय खतरे को कम करने के लिए लोगों को पृथ्वी द्वारा प्रदत्त चीजों के लिए धन्यवाद देना चाहिए और पृथ्वी दिवस पर

प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। गुमला पॉलिटेक्निक में भी आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही सेमिनार के माध्यम से संस्थान के कर्मचारियों और छात्रों को पृथ्वी के संरक्षण हेतु क्या क्या कदम उठाने चाहिए, उसकी विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गयी। साथ ही शपथ भी दिलाई गई। प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़ते हुए संस्थान के निदेशक श्री अभिजीत कुमार ने वातावरण पर प्लास्टिक के घातक प्रभाव पर प्रकाश डाला साथ ही सभी को प्लास्टिक कम से कम उपयोग करने की सलाह दी।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः प्रिया कुमारी (इलेक्ट्रिकल ब्रांच), लक्ष्मी कुमारी (सिविल ब्रांच) और करीना टोप्पो (माइनिंग ब्रांच) रहे। साथ ही निबंध प्रतियोगिता में आकांक्षा गुरिया (इलेक्ट्रिकल ब्रांच), लक्ष्मी कुमारी (सिविल ब्रांच), अजित ताना भगत (ऑटोमोबाइल ब्रांच) क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के शिक्षक अयाज शाह, शुभम झा, केशव देव, अमृत कुमार पाठक, सैरिश सब्नम, रूबी कुमारी, मलमा कुशवाहा और सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

## पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**संवाददाता**

**चांडिल।** शिवानंद विद्यापीठ प्लस टू उच्च विद्यालय चेलियामा में पृथ्वी दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला व अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। शिविर में प्राधिकार के पीएलवी शुभंकर महतो ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संतुलन, प्लास्टिक के दुष्परिणाम सहित विधिक सेवा कार्यो और अधिक से अधिक पौधारोपण करने, जलाशयों को प्रदूषित होने से बचाने व प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षण करने लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त पीएलवी ने विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी के साथ कानूनी पर्ची व पुस्तिका का वितरण किया। इस अवसर पर शिक्षक राजेंद्र कुमार नायेक, शिवजी प्रमाणिक, विजय सिंह, कृष्णा सिंह, कविता सिंह, पुष्पा रानी सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे। प्राधिकार के पीएलवी शुभंकर महतो ने बताया कि 22 अप्रैल को प्रतिवर्ष पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है।

### अवैध शराब के कारोबारी को बड़ाजामदा पुलिस ने भेजा जेल

**नोवामुंडी।** बड़ाजामदा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री करने वाले वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को बड़ाजामदा थाना प्रभारी विकास कुमार ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर चाईबासा जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि बड़ाजामदा क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा जोरों पर चल रही है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर बड़ाजामदा क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत बड़ाजामदा ओपी कांड संख्या 12/24, धारा 272/273 भादवी एवं 47 ए एक्साइड एक्ट के तहत वीरेंद्र कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय शिवमुनी प्रसाद गुप्ता फुटबॉल मैदान बड़ाजामदा को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## झारखंड स्टेट कैडेट जूनियर व सीनियर कराटे चैंपियनशिप खेल गांव में संपन्न

# पश्चिम सिंहभूम के कराटेकारों का 8 पदकों पर कब्जा

**संवाददाता**

**चाईबासा।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वधान में झारखंड स्टेट कैडेट, जूनियर एवं सीनियर कराटे चैंपियनशिप रांची के खेल गांव में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस चैंपियनशिप में वेस्ट सिंहभूम चाईबासा की ओर से 8 चयनित कराटेकारो ने इस चैंपियनशिप में शामिल हुए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 8 पदको पर कब्जा जमाया। जिसमें 3 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक एवं 2 कांस्य पदक शामिल है। इस चैंपियनशिप में जितने वाले गोल्ड मेडलिस्ट

कराटे कारों को 8 मई से लेकर 12 मई तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा। स्टेट कराटे चैंपियनशिप के अवसर पर अध्यक्ष हंसी मानस सिंहा कार्यकारी सचिव सेंसाई एजाज असदक सेंसाई शशि पांडे, सेंसाई नरेंद्र सिंहा, सेंसाई रंजीत मेहता, सेंसाई पंकज कुमार सिंह, सेंसाई धनंजय श्रीवास्तव, सेंसाई दुर्गा प्रसाद, सेंसाई मदन एवं अन्य स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के ऑफिशियल भी उपस्थित थे। यह जानकारी स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ वेस्ट सिंहभूम के अध्यक्ष सेंसाई पंकज कुमार सिंह ने दी। चैंपियनशिप में पदक प्राप्त करने वाले कराटे कारों का नाम इस प्रकार है। जूनियर बालिका काता वर्ग में सृष्टि पाट पिंगुवा ने स्वर्ण पदक एवं इसी वर्ग के कुमीते वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। अंडर 21 बालिका कुमीते वर्ग में सरेशवी जारिका ने रजत पदक प्राप्त किया। अंडर 21 बालक - 67 केजी कुमीते वर्ग में राजा घोष ने स्वर्ण पदक एवं सीनियर- 67 केजी पुरुष कुमीते वर्ग में राजा घोष ने रजत पदक प्राप्त किया। सीनियर- 45 केजी पुरुष वर्ग में ऋतिक देवगम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 45 केजी महिला वर्ग कुमीते में स्नेहा सलोमी बालमुचू ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस सफलता पर स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ वेस्ट सिंहभूम के पदाधिकारी गन एवं अन्य गनमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी एवं हर्ष व्यक्त किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय,
रामगढ़।
(मीडिया कोशांग)
दूरभाष : 06553-296306 (0) Email ID: ramgarhdpro@gmail.com

::–सूचना–::

एतद् द्वारा सभी राजनितिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक–491/Paid News/2019 Communication दिनांक–25/02/2019 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–885 दिनांक 07.03.2024 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निश्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification and Monitoring Committee) गठित है जो प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक/सोशल/केबल नेटवर्क मीडिया एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के प्रचार समाग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व एवं या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से सात दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोशांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को इलेक्ट्रोनिक/सोशल मीडिया/केवल नेटवर्क के माध्यम से कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र Annexute-A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोशांग को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनके द्वारा दिये गय व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविश्ट किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु Annexute-B में अनुमती प्रदान की जाएगी।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु (MCMC) का अनुमति अनिवार्य है।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्व अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगा उसका विवरण।
- आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनितिक दल/प्रत्याशी के द्वारा बिना (MCMC) कोशांग से अनुमति लिए किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित समाग्री का प्रकाशन/प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- (MCMC) कोशांग, रामगढ़ सूचना भवन रामगढ़ में कार्यरत है जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24X7 संचालित रहेगी।
- प्रचार–प्रसार की अनुमति के लिए प्रारूप रामगढ़ ramgarh.nic.in पर उपलब्ध है।

ह०/–
वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोशांग
–सह– जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 323977 Election(24-25)D

# परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं लोग : सीएम

एजेंसी

**भागलपुर :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को भागलपुर के गोराडीह प्रखंड स्थित मुक्तापुर उच्च विद्यालय के प्रांगण में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार का नाम लिए बिना कहा कि हमारी मूर्खता से वह आ गया था। उसमें हमारा भी सहयोग था। फिर वह गड़बड़ करने लगा। हमें भी लगा कि गड़बड़ करता है ।लालू यादव को जब सात साल के बाद पद छोड़ना पड़ा तो अपने पत्नी को भी मुख्यमंत्री बना दिया। सीएम नीतीश ने कहा कि पति-पत्नी दोनों बन गए। उसके बाद बेटा, बेटी, बाल बच्चा यही सबके फेरा में लगा रहता है। जदयू

ऐसी पार्टी है इसके लोग इधर-उधर नहीं करते हैं। अपने परिवार के लिए कुछ नहीं करते हैं। मैं इतने दिनों से पार्टी में हूं। अपने परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया। अपने परिवार के लिए नहीं कुछ किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की तरक्की की बात करते हुए कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे। तो महिलाओं की उत्थान के लिए कमेटी बनाया गया था। उसे राष्ट्रीय नियम में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण की बात हुई थी। हम उसमें सदस्य थे। नीतीश कुमार ने कहा कि जब पहली बार 2005 में हमारी सरकार बनी तो मुखिया के चुनाव में हमने महिलाओं को आरक्षण दिया। फिर नगर निकाय में भी आरक्षण दिया। अब नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण है। हमने बेटियों के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना चलाई। बेटियां अब स्कूल जाने लगी है। स्कूल बनवा दिए हर तरफ महिलाएं आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी आंदोलन में हम जेल गए थे। हमारे समय में इंजीनियरिंग में नौकरी नहीं मिलती थी। इसलिए हमने इंजीनियरिंग के छात्रों को साथ लेकर आंदोलन किया और हम जेल गए थे। तब हम भागलपुर जेल में बंद थे। जब मुख्यमंत्री बन गए तो भागलपुर आते जाते रहे। जन्मभूमि से और भागलपुर से हमारा गहरा रिश्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। क्या हालत थी आप लोग जानते हैं। बिहार की अब हर तरफ तरक्की है। पहले हिंदू मुस्लिम का कितना झगड़ा होता था। अब किसी प्रकार का झगड़ा नहीं होता है। हमने 8 हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी करवा दी है और एक हजार कब्रिस्तान को चिन्हित किया गया है। उसकी भी घेराबंदी जल्दी ही कर दी जाएगी। पहले स्वयं सहायता समूह नहीं था। हमने स्वयं सहायता समूह बनाकर जीविका बनाई। अब बिहार में 10 लाख से ऊपर जीविका कार्य कर रही हैं। यह जीविका देश भर में आजीविका कहलाएगी। मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भागलपुर से जदयू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार अजय मंडल को भारी मत देकर जिताने के लिए लोगों से वोट मांगे। इस मौके पर राजीव कांत मिश्रा, राज्यसभा सांसद संजय झा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मंत्री विजय चौधरी, कहकशां परवीन, शाह फकरे आलम हसन ने सभा को संबोधित किया। जनसभा में अधिकांश महिलाओं के साथ लगभग 3000 से अधिक पुरुष नौजवान पहुंचे थे।

## एक झलक

### सड़क हादसा, चार की मौत, एक घायल

**पटना/ लखीसराय :** बिहार के लखीसराय में सोमवार तड़के सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति घायल है। यह जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस के अनुसार शादी समारोह से दो बाइक में लौट रहे पांच लोगों को मेदनीचौकी थाना क्षेत्र के एनएच 80 हैवतगंज के पास बेलगाम ट्रक ने रौंद दिया। कुछ लोगों ने हाइवे पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी। इस दौरान ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस कहना है कि घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मृतकों में पुग्गी यादव (22) पिता खुशीलाल यादव, नव टोलिया साध बाबा स्थान, लक्ष्मी महतो (45) पिता आशिक महतो, नव टोलिया साध बाबा स्थान, मनीष कुमार (22) पिता सहेन्द्र महतो, भवानीपुर और कुणाल कुमार (16), पिता अजय शर्मा, मिजार्पुर मुंगेर के निवासी हैं। घायल सूरज कुमार पिता अजय कुमार भवानीपुर का रहने वाला है

### घर में मिला 22 वर्षीय विवाहिता का शव

**फारबिसगंज/अररिया :** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के हरिपुर डाक वार्ड संख्या-4 में विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया और वहीं, पोस्टमार्टम होने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया। मृतिक की पहचान हरिपुर डाक वार्ड संख्या चार निवासी मोहम्मद जमशेद की 22 वर्षीय पत्नी नाजनी के रूप में हुई । वही, मृतक की मायके वालों ने पति, ससुर पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि जमशेद और नाजनी की 16 माह पहले शादी हुई थी ।स्थानीय पुलिस का कहना है कि मामलें की तह तक जांच कर रहे है ।

### घिबहा से दो देशी पिस्टल और कारतूस बरामद

**अररिया :** फारबिसगंज पुलिस ने घिबहा वार्ड संख्या दो सद्दाम के घर छापेमारी कर दो देशी पिस्टल,एक जिंदा कारतूस बरामद किया ।फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर छापेमारी दल का नेतृत्व एसबी इंस्पेक्टर अमरेन्द्र कुमार सिंह कर रहे थे ।हालांकि पुलिस को देखकर सद्दाम और उनके घर के सभी सदस्य मौके से फरार होने में कामयाब रहे ।जानकारी फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी। फारबिसगंज एसडीपीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फारबिसगंज रानीगंज मुख्य मार्ग में लुटिया पुल के समीप वाहन चेकिंग की जा रही थी ।इसी क्रम में घिबहा वार्ड संख्या दो स्थित सद्दाम के हथियार के अवैध कारोबार की जानकारी मिलने पर उनके घर में छापेमारी की गई तो घर की तलाशी के क्रम में कमरे में लगे चौकी के सिरहाने पर बिछावन के नीचे एक देशी पिस्टल और एक लोडेड पिस्टल के साथ बैंक का खाता मिला। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों को काफी भीड़ जमा हो गई थी लेकिन सद्दाम के खौफ के कारण मामले को लेकर कोई गवाह बनने को तैयार नहीं हुआ ।एसडीपीओ ने बताया कि मामले में फारबिसगंज थाना में प्राथमिकी कांड संख्या - 290/24 भादवि की धारा 25(1-बी)ए और 26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है ।केस के अनुसंधानकर्ता एसआई अवधेश कुमार सिंह को बनाया गया है ।एसडीपीओ ने सद्दाम के अवैध हथियार के कारोबार करने की बात करते हुए जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने की बात कही।

### बोलेरो की टक्कर से पति की मौत व पत्नी जख्मी

**पूर्वी चंपारण :** जिले के केसरिया थाना क्षेत्र में बाइक और बोलेरो कीटक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि हादसे में बाइक सवार पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी, जिसका इलाज चल रहा है। घटना चकिया-केसरिया मुख्य पथ पर राजपुर मोड़ के समीप की है।

## मिथुन यादव निर्विरोध चुने गए जिला परिषद अध्यक्ष

एजेंसी

**भागलपुर :** जिला परिषद अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को हुए चुनाव में मिथुन यादव निर्विरोध चुने गए। आज जिला परिषद अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें एक ही प्रत्याशी मिथुन यादव ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया था। उन्हें निर्विरोध जिला परिषद अध्यक्ष के लिए चुन लिया गया है। चुनाव प्रक्रिया के बाद जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने उन्हें प्रमाण पत्र दिया। मिथुन यादव के समर्थक काफी खुश दिखे और खुशी का इजहार उन लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाइयां बाँटकर किया। इस मौके पर मिथुन यादव ने कहा कि जिला परिषद अध्यक्ष पद पर मैं निर्विरोध चुना गया हूं। इसका मैं पूर्ण रूपेण कर्तव्य निष्ठा से पालन करूंगा

## पत्रकारिता में डॉ.अंबेडकर का योगदान अद्वितीय:सुनील

**पूर्वी चंपारण :** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के तत्वाधान में सोमवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पत्रकारिता में सामाजिक सांस्कृतिक चेतना विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजन किया गया। गोष्ठी के संरक्षक कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव थे। वही मुख्य वक्ता प्रो.सुनील महावर,विशिष्ट वक्ता आरएसएस के चंपारण विभाग के प्रचारक नीतीश कश्यप मौजूद थे। मुख्य वक्ता प्रो. सुनील महावर ने कहा कि देश की आजादी में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का योगदान गांधी जी से कम नहीं था। उनका योगदान केवल दलितों के लिए ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए था। उनके संविधान में विशेष योगदान को कभी नहीं बुलाया जा सकता है। उन्होंने समाज की तुलना

जहाज से करते हुए कहा कि जिस तरह जहाज के किसी एक हिस्से में छेद हो जाता है तो पूरा जहाज डूब जाता है, उसी प्रकार समाज के किसी एक जाति विशेष के साथ यदि अत्याचार होता है तो पूरे समाज को नुकसान उठाना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर का पत्रकारिता में अद्वितीय योगदान रहा है। उनके द्वारा प्रकाशित मूकनायक, बहिष्कृत भारत , समता ,प्रबुद्ध भारत जैसे पत्रिका ने देश की आजादी व समाज के कल्याण में बहुत ही अहम भूमिका निभाई। डॉ.अंबेडकर ने कहा था कि पत्रकारिता तार्किक, न्यायिक पक्षपात व सनसनी खेज रहित होनी चाहिए। विशिष्ट वक्ता नीतीश कश्यप ने कहा कि अंबेडकर को जानने के लिए उन्हें पढ़ना नहीं समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे समय में रह रहे हैं जहां हम पशु पक्षियों की तरफ भी प्रेम और सद्भावना दिखलाते हैं वहीं दूसरी तरफ अपने समान मनुष्य के साथ पशु से भी बुरा व्यवहार करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जिसके पास वेद ,पुराण ,उपनिषद जैसे महाकाव्य हैं,फिर यहां के लोगों का विवेकहीन होना शोभा नहीं देता। उन्होने कहा कि अंबेडकर और संघर्ष दो ऐसे शब्द हैं जिन्हें अलग नहीं किया जा सकता है। समाज में एकता से ज्यादा समता की जरूरत है। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवेंद्र सिंह तथा आरएसएस के जिला प्रचारक मनु शेखर व कई शेधार्थी छात्र व छात्राएं मौजूद थे।

## श्रमिक एक्सप्रेस में हुआ ब्लास्ट आरपीएफ जवान की मौत

एजेंसी

**पटना/मुजफ्फरपुर :** राज्य के मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह वलसाड से पहुंची श्रमिक एक्सप्रेस की बोगी में आग लगने के दौरान ब्लास्ट होने से आरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। रेलवे पुलिस के मुताबिक प्लेटफार्म संख्या पांच पर यात्रियों के उतरने के कुछ देर बाद एसी बोगी में आग लग गई और बोगी से धुंआ निकालने लगा। आग बुझाने के लिए आरपीएफ का एक जवान बोगी में चढ़ गया और आग बुझाने लगा। आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट कर गया, जिससे जवान को गंभीर चोटें आईं और उसका चेहरा झुलस गया। स्थानीय रेलवे पुलिस ने आनन-फानन में गंभीर रूप से जख्मी जवान को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## धर्मशीला गुप्ता ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बताया

एजेंसी

**अररिया :** भाजपा के राज्यसभा सदस्य धर्मशीला गुप्ता सोमवार को फारबिसगंज पहुंची, जहां भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। राज्यसभा सदस्य ने सक्रिय भाजपा कार्यकताओं के साथ मीटिंग भी की और भगवा गमछा ओढ़ाकर हौसला आफजाई की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर जाकर बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में आमजनों से भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने की अपील की। भाजपा की

राज्यसभा सदस्य धर्मशीला गुप्ता ने मौके परजानकारी देते हुए बताया कि इस बार का भाजपा का संकल्प पूरे देश में चार सौ पार और बिहार में सभी चालीसों सीट जीतने का है ।मतदाताओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में चलाए गए गए जनकल्याणकारी योजनाओं और सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ संकल्प पूरा किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी वर्गों का ख्याल रखा है और भारत को विकास के मामले में विश्व के विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया है। देश ही नहीं विदेशों में भी भारत का डंका बज रहा है। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह, भाजपा जिला महामंत्री प्रताप नारायण मंडल, राजेश रंजन, भाजयुमो नेता प्रवीण कुमार, शिवानी सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री के फारबिसगंज आगमन से भाजपा ज़िलाध्यक्ष ने की बैठक

**फारबिसगंज/अररिया :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा फारबिसगंज के हवाई मैदान में 26 अप्रैल को होनी है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम के प्रभारी बिहार सरकार के पीएचडी मंत्री नीरज सिंह बबलू , सह प्रभारी स्वदेश यादव, भाजपा प्रदेश नेता मृत्युंजय झा,पूर्व विधायक पदम पराग राय वेणु, पूर्व विधायक जयंती यादव, लोकसभा प्रभारी रोहित पांडे जी, नगर अध्यक्ष वीना देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री संतोष सुराणा, पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक भगत, अररिया भाजपा के सभी महामंत्री गण, सभी जिला उपाध्यक्ष गण, जिला मंत्री गण सहित एवं सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भोजन और पेयजल सेवा यात्रियों के लिए बनाया सुलभ : पूर्व रेलवे

**भागलपुर :** पूर्व रेलवे अपने यात्रियों विशेषकर सामान्य द्वितीय श्रेणी और शयनयान श्रेणी के डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा और संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, पूर्व रेलवे ने लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों के लिए पीने के पानी और बजट-अनुकूल भोजन तक आसान पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से कई योजनाएं लागू किया है। यात्रा के दौरान हाइड्रेटेड रहने और अच्छी तरह से भोजन करने के महत्व को समझते हुए, पूर्व रेलवे ने यात्रियों को पैकेज्ड पेयजल और जनता भोजन आसानी से उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय कदम उठाया है। इस पहल के अंतर्गत सामान्य द्वितीय श्रेणी और शयनयान श्रेणी

के डिब्बों के पास पेयजल की बोतलें रखना, साथ ही लंबी दूरी की ट्रेनों के डिब्बों के भीतर सीधे जनता भोजन और पैकेज्ड पेयजल का प्रावधान शामिल है। यात्रियों को अब ट्रेन के स्टेशन पर रहने के दौरान पानी और भोजन की तलाश करने की आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय, आईआरसीटीसी द्वारा नियुक्त विक्रेता अब किफायती भोजन विकल्प और पेयजल के पैकेट के साथ सामान्य द्वितीय श्रेणी और स्लीपर क्लास के डिब्बों के दरवाजे तक पहुंच रहे हैं। इन सेवाओं का उद्देश्य विशेष रूप से चिलचिलाती गर्मी के महीनों के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करना है।

## बिहार के पश्चिम चंपारण में आग लगने से सौ घर जलकर खाक

एजेंसी

**पटना :** बिहार में झुलसाने वाली पछुआ हवा और भीषण गर्मी की वजह से अग लगने की घटनाएं एक बार फिर से बढ़ गई हैं। हर दिन राज्य के अलग-अलग हिस्सों में आग का तांडव देखने को मिल रहा है। अगलगी की ताजा घटना पश्चिम चंपारण के बेतिया से सामने आई है, जहां खाना बनाने के दौरान लगी आग में 100 से अधिक घर जल गए। दपुलिस के मुताबिक जिले में बैरिया प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी पटजीरवा के वार्ड नंबर 13 निवासी भिखम यादव के घर में महिलाएं खाना बना रही थी। इसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। तेज पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे के बाद पूरे गांव में चीख पुकार मच गई। गांव के लोग अपना घर और जान बचाने की जद्दोजहद में जुट गए हालांकि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उसपर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर दमकल की चार गाड़ियां पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 13 में चार घरों में शादी थी ,जिसमें दो घरों में बारात आने वाली थी जबकि दो से बारात जाने वाली थी। शादी की तैयारियां जोर शोर से चल रही थीं

## डॉ. वन्दना गुप्ता को मिला पूनमलता सिन्हा स्मृति सम्मान

एजेंसी

**सहरसा :** शशि सरोजनी रंगमंच सेवा संस्थान द्वारा साहित्यकार हरिशंकर श्रीवास्तव "शलभ" एवं पुनमलता सिन्हा स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भूमि सुधार उप समाहर्ता ललित कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इससे पूर्व उपस्थित अतिथियों व कवियों को पुष्प गुच्छ, चादर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्थान द्वारा इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए डीसीएलआर सिंह ने कहा कि साहित्य हमारी सीख को तेजी से बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि साहित्यकार शलभ जी ने अपने जीवन काल में साहित्य को जो जिया है। उनकी कई शोध पुस्तके आयी है।

नाट्य निर्देशक कुंदन वर्मा के निर्देशन में आकांक्षा आजाद, चित्राक्षी चन्द्री,प्राश्री सिंह,सानवी कुमारी,स्वस्तिका सिंह ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। डॉ. शिवनारायण, पटना के साहित्यिक सेवा को साहित्यकार हरिशंकर श्रीवास्तव "शलभ" स्मृति सम्मान एवं डॉ. वन्दना गुप्ता, सिलीगुड़ी के साहित्यिक उत्कृष्टता को पूनमलता सिन्हा स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता साहित्यकार रामचैतन्य धीरज ने शलभ जी के साहित्यिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आरम्भिक दिनों में कविता लेखन उनकी मुख्य विधा थी।

## एनसीसी कैडेटों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**भागलपुर :** बिहार गर्ल्स बटालियन एनसीसी एवं 4 बिहार बटालियन एनसीसी के बहादुर एवं अनुशासित बालक और बालिका कैडेटों ने सोमवार को बड़े ही बुलंद आवाज में नाना प्रकार के नारों के साथ कर्नल दिनेश कुमार पाठक के दिशा निर्देशन में जिला समाहरणालय से मतदाताओं को जागरूक करते हुए रैली निकाली। रैली समाहरणालय से निकलकर सैंडिस कंपाउंड पहुंची। जहां रैली को जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने संबोधित किया। जिलाधिकारी ने श अपने संबोधन में सभी मतदाताओं को अपने कीमती और बहुमूल्य मत का सदुपयोग करने के लिए आह्वान

किया। इस रैली का प्रमुख उद्देश्य था कि भागलपुर की जनता 26 अप्रैल को होने वाले लोक सभा चुनाव के बारे में जागरूक हो जाएं तथा अधिक से अधिक संख्या में वोट देने के लिए अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर सफल मतदान करें और राष्ट्र के लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका और ज़िम्मेदारी अदा करें।

## मानव के सामूहिक प्रयास से ही बचेगी धरती

**पूर्वी चंपारण :** आज पूरी दुनिया में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है ।दरअसल इस दिन को याद करने का मुख्य उद्देश्य यह है,कि पूरी मानवता का पालन हार पृथ्वी(धरती) की रक्षा के प्रति लोगो को जागरूक किया जा सके ।वह भी उस स्थिति में जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्त्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में है और इसके कई बुरे परिणाम सुनामी,बाढ,अनावृष्टि,अतिवृष्टि,भयंकर तूफान और भूकंप के रूप में भी सामने आ रहे है। पृथ्वी को बचाने वाली ओजोन परत में छेद होने व उत्तरी ध्रुव पर स्थित ग्लेशियर के पिघलने के बाद वैश्विक स्तर पर पृथ्वी को बचाने

की कोशिश तेज कर दी गई है ।हालांकि वह प्रयास तब ही सार्थक हो पायेगा ।जब पृथ्वी पर रहने वाले हर मानव पृथ्वी को बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करे,क्योंकि आज पृथ्वी पर मौजूद जल,जंगल और जमीन के साथ ही पहाड़ और हिम शिखर भी गंभीर चुनौतियो का सामना कर रहा है। बढती जनसंख्या और धरती पर बढते क्रंकीट के जंगल(मकान ) के साथ धरती का दोहन कई स्तरो पर बदस्तूर जारी है। ऐसे में जरूरी है, कि धरती को बचाने के लिए सबका सामूहिक प्रयास हो। इसके लिए सबको अपने आसपास पेड़ लगाने की जरूरत है ।ताकि पर्यावरण स्वच्छ और संतुलित बना रहे। साथ ही इससे फल के साथ पशुओ के लिए चारा व ईधन भी प्राप्त हो सके ।पृथ्वी को बचाने के लिए पानी का सही इस्तेमाल जरूरी है ।क्योंकि पानी की कमी से आज लाखों लोग परेशान हैं। जैसे- ब्रश करते समय टैब को बंद कर देना चाहिए, नहाने के लिए शॉवर के बजाय बाल्टी का इस्तेमाल करें। ऐसे और भी कई छोटे-छोटे प्रयासों से हम पानी की बचत कर सकते हैं ।आम तौर पर ऐसा देखा जा रहा है

## चर्चित विशेश्वर ओझा हत्याकांड में दो दोषियों को उम्रकैद

**पटना :** बिहार के चर्चित विशेश्वर ओझा हत्याकांड में आरा कोर्ट ने दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एडीजे-8 की कोर्ट ने हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्रा को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 85-85 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। इनके अलावा अन्य पांच दोषियों को 10 साल एवं 35-35 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। नौ अप्रैल, 2024 को कोर्ट ने इस चर्चित हत्याकांड में नामजद अभियुक्त ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा समेत सात आरोपितों उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, बसंत मिश्रा, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह को दोषी करार दिया था जबकि साक्ष्य के अभाव में छह आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया था। ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा सगे भाई हैं। कोर्ट ने उन्हें इस हत्याकांड को अंजाम देने वाला करार दिया था। दोनों ने साथियों के साथ मिलकर भाजपा के तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष विशेश्वर ओझा को गोलियों से भून दिया था ।कोर्ट ने इन मामलों में पाया दोषीकोर्ट ने हरेश मिश्रा और उसके भाई ब्रजेश मिश्रा को हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले का दोषी पाया। उमाकांत, टुनी, बसंत, पप्पू औ हरेन्द्र सिंह को 307 आईपीसी एवं 27 आर्म्स एक्ट में दोषी पाया गया। कोर्ट ने इस कांड में आरोपित बनाये गये कुंदन, संतोष, विनोद, भृगु, मदन, बबलू को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया था।

**ये है पूरा मामला**

विशेश्वर ओझा 12 फरवरी, 2016 की शाम सफारी गाड़ी से ड्राइवर राकेश कुमार ओझा और चार अन्य समर्थकों के साथ बभनौली निवासी चंदेश्वर उपाध्याय के भतीजे की बारात में शामिल होने परसोंडा टोला स्थित मृत्युंजय मिश्रा के घर आये थे। वहां से एक दूसरी गाड़ी उनके काफिले में शामिल हो गई।

## एक झलक

### स्क्वैश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हारे रमित टंडन

**नई दिल्ली :** मिस्र में चल रहे एल गौना इंटरनेशनल ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी रमित टंडन का सफर समाप्त हो गया है। रमित तीसरे दौर में विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी पेरू के डिएगो एलियास से सीधे गेम में हार गए। रविवार को खेले गए तीसरे दौर के मुकाबले में रमित पूर्व विश्व नंबर एक एलियास को कोई चुनौती नहीं दे पाए और 35 मिनट तक चले मुकाबले में 11-2, 11-4, 11-2 से हार कर टूनामेंट से बाहर हो गए। विश्व के 40वें नंबर के खिलाड़ी रमित, जो अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं, ने टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में मिस्र के एली हुसैन को हराया था, इसके बाद उन्होंने दूसरे दौर में विश्व के 11वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के विक्टर क्रोइन को शिकस्त दी थी।

### एमएलएस लीग में मियामी ने नाशविले को हराया

**न्यूजर्सी :** स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के दो गोलों और सर्गियो बुस्कुवेट्स के एक गोल की सहायता से इंटर मियामी ने अमेरिका में जारी मेजर लीग फुटबाल (एमएलएस) में नाशविले एससी को 3-1 से हरा दिया। इससे पहले मेसी ने ओरलेंडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल किये थे। अब मेसी के इस लीग में कुल मिलाकर सात गोल हो गये हैं। इस मैच में मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में ही गलती से एक गेंद अपने ही गोल पोस्ट में मार दी। इस आत्मघाती गोल से नाशविले की टीम को शुरूआत में ही बढ़त मिल गयी पर मेसी ने लुईस सुआरेज के पास पर एक गोली कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने एक गोल दागते हुए अपनी टीम को 2-1 से बढ़त दिला दी। मेसी ने इसके बाद 81वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया।

### पंजाब ने बनाया 142 रन का स्कोर

**चंडीगढ़ :** इंडियन प्रीमियर लीग के 36वें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 143 रन का टारगेट दिया । होम टीम ने मुल्लांपुर में टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पंजाब 20 ओवर में 142 रन पर ऑलआउट हो गई।
गुजरात के 4 स्पिनर्स ने मिलकर 13 ओवर में 73 रन देकर 7 विकेट झटक लिए। साई किशोर ने 4 विकेट झटके। नूर अहमद और मोहित शर्मा को 2-2 विकेट मिले। एक सफलता राशिद खान को भी मिली। पंजाब से प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए।

### विनेश को पेरिस ओलंपिक टिकट मिला

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला पहलवान फोगाट को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश मिल गया है। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की लॉरा गनिक्यजी को 10-0 से हराकर ओलंपिक टिकट हासिल किया।फोगाट ने लॉरा गनिक्यजी के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 4 मिनट 18 सेकंड में ही मुकाबला जीत लिया। वह एशियाई और राष्ट्रमंडल में पदक विजेता भी रही हैं। विनेश को तीसरी बार ओलंपिक टिकट मिला है। विनेश ने इससे पहले आशंका जाहिर की थी कि उसे डोपिंग में फंसाया जा सकता है। उसका कहना था कि कुश्ती संघ पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के कहने पर ऐसा कर सकता है। विनेश ब्रजभूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रमुख पहलवानों में शामिल रहीं थीं।

### भुवनेश्वर ने टी नटराजन को मैच विजेता खिलाड़ी बताया

**नई दिल्ली :** सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार युवा तेज गेंदबाज टी नटराजन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक मैच विजेता खिलाड़ी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार जीत पर भुवनेश्वर ने कहा कि टीम को भारोसा है कि इसी प्रकार काफी सारे रन बनाने में सफल रहेगी।

# सीएसके और सुपर जाइंट्स में होगी कड़ी टक्कर

आईपीएल 2024

**चेन्नई :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2024 में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इससे पहले हुए मुकाबले में सीएसके को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही पिछली हार का हिसाब बराबर करना रहेगा। सीएके इस मैच को जीतकर अंकतालिका में भी ऊपर आना चाहेगी। पिछली बार दोनों टीमों का मुकाबला लखनऊ में हुआ था जिसमें सुपर जाइंट्स जीती थी। अभी दोनो ही टीमों के सात मैचों के बाद आठ अंक हैं। सुपर जाइंट्स के लिए इस मैच में सीएसके को हराना आसान नहीं रहेगा क्योंकि उसके पास एक से बड़कर एक खिलाड़ी हैं और पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी जबरदस्त लय में हैं। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतकर प्लेआफ के लिए अपनी दावेदार बनाने पर रहेंगी। सीएसके की कमजोरी उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का लय में नहीं होना है। अभी तक टीम की ओर से कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के प्रदर्शन में ही निरंतरता दिखी है। लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में इन दोनो के विफल रहने के बाद मध्यक्रम दबाव में टूट गया था जिससे मैच में उसके हाथ से जीत निकल गयी। उसके सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र भी अब तक अधिक रन नहीं बना पाये हैं। सीएसके ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में अजिंक्य रहाणे को पारी की शुरूआत करने भेजा था। वहीं रूतुराज तीसरे नंबर पर आये थे। अब इस मैच में देखना होगा कि वह किस नंबर पर उतरते हैं। ऑलाराउंडर रविंद्र जडेजा और धोनी के अच्छे फार्म में होने का भी टीम को लाभ मिलेगा। सीएसके इस मैच में शीर्ष क्रम से बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही है। गेंदबाजी की बात करें तो सीएसके के पास मथीषा पथिराना जैसा गेंदबाज है। पथिराना ने अबतक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। इसके अलावा जडेजा भी एक अच्छे स्पिनर हैं। दूसरी ओर सुपर जाइंट्स की बल्लेबाजी की जिम्मेदार कप्तान केएल राहुल और क्वींटन डिकॉक पर रहेगी। निकोलस पूरन ने भी अब तक अच्छा खेला है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव अगर फिट हुए तो इस मैच से वापसी कर सकते हैं। वह चोटिल होने के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर हैं।
वहीं तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नये खिलाड़ी मैट हेनरी भी इस मैच में बेहतर कर टीम में जगह बनाना चाहेंगे। स्पिन गेंदबाजी की कमान रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या संभालेंगे। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अंतिम ओवरों में बेहद आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें रोकना सुपर जाइंट्स के गेंदबाजाजों के लिए बेहद कठिन होगा। दोनो ही टीमों के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। वहीं अगर सुपर जाइंट्स के मयंक वापसी करते हैं तो उनकी रफ्तार का सामना सीएसके के बल्लेबाज किस प्रकार करेंगे ये देखना होगा।
दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।
लखनऊ सुपर जाइंट्सः केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस , मोहम्मद अरशद खान।

## धीमी ओवर गति के कारण कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर रविवार को ईडन गार्डन्स, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण जुमार्ना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) द्वारा रविवार देर रात जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ह्लआरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर 21 अप्रैल, 2024 को ईडन गार्डन्स, कोलकाता में केकेआर के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 36वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुमार्ना लगाया गया है। चूँकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, डु प्लेसिस पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। मैच की बात करें तो केकेआर ने इस बेहद रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को 1 रन से हरा दिया। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर (50 रन) के अर्धशतक और फिल सॉल्ट (48), रिंकू सिंह (24), आंद्रे रसल (नाबाद 27) और रमनदीप सिंह (नाबाद 24) की तेज पारियों की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 222 रन बनाए।

## विश्व शतरंज चैम्पियनशिप के इतिहास में सबसे कम उम्र के चैलेंजर बने

**टोरंटो :** भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व खिताब के सबसे कम उम्र के दावेदार बन गए, उन्होंने 40 साल पहले महान गैरी कास्परोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया। गुकेश ने 14वें और अंतिम राउंड में अमेरिकी हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और टूनार्मेंट में संभावित 14 में से नौ अंकों के साथ समापन किया, जो विश्व चैंपियन के लिए चुनौती तय करने के लिए आयोजित किया जाता है। यह जीत गुकेश को साल की आखिरी तिमाही में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ मुकाबले का हकदार बनाती है। चेन्नई

के इस किशोर ने कास्पारोव के रिकॉर्ड को काफी हद तक बेहतर कर दिया, क्योंकि रूस के कास्परोव जब 22 साल के थे जब उन्होंने 1984 में हमवतन अनातोली कारपोव के साथ भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था। गुकेश ने 88,500 यूरो (लगभग 78.5 लाख रुपये) का नकद पुरस्कार भी जीता। उम्मीदवारों की कुल पुरस्कार राशि 5,00,000 यूरो थी। वह महान विश्वनाथन आनंद के बाद यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय बने। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने 2014 में यह टूर्नामेंट जीता था।। पांच बार के विश्व शतरंज चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने सोमवार की सुबह सोशल मीडिया एक्स पर गुकेश को शुभकामनाएं दीं। आनंद ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ₹डी गुकेश को सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए बधाई। आपने जो किया है उस पर वाका शतरंज परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला, उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। इस पल का आनंद लें।

## हॉकी टीम के ग्रुप में जगह बनाने पर अपनी क्षमताओं पर भरोसा मरीना

**नई दिल्ली :** मिजोरम की युवा और ऊजार्वान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने हाल ही में 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम के कोर ग्रुप में जगह बनाई है, जो वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में प्रशिक्षण ले रही है। हॉकी मिजोरम की 22 वर्षीय मिडफील्डर मरीना ने पुणे में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने तीन गोल किए और इस तरह मैदान पर अपनी चपलता और रणनीतिक खेल से सबका ध्यान आकर्षित किया। मरीना ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2021 और 2019 में ऑस्ट्रेलिया में अंडर-21 तीन राष्ट्रों के आमंत्रण टूनार्मेंट में देश का प्रतिनिधित्व किया। अपने चयन पर मरीना ने

हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था, और मेरी आँखों में खुशी के आँसू भर आए। मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की। आगामी टूनार्मेंटों पर नजर रखते हुए, मरीना आगे की चुनौतियों के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मध्यक्रम को रन बनाने की जरूरत : चार्ल लैंगवेल्ट

**मुल्लांपुर :** गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ रविवार को 3 विकेट से मिली हार के बाद पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के गेंदबाजी कोच चार्ल लैंगवेल्ट ने कहा है कि उनके मध्यक्रम के बल्लेबाजों को रन बनाने की जरूरत है। पीबीकेएस अब अपने आठ में से छह मैच हार चुका है। गुजरात के खिलाफ मैच में स्टैंड-इन कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर इस्तेमाल की गई सतह पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। हालांकि पंजाब के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे, यहां तक कि इस बार शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा भी कुछ खास नहीं कर सके और पूरी टीम 142 रन पर सिमट गई। मैच के

बाद लैंगवेल्ट ने कहा, ₹निराशाजनक। खिलाड़ियों के साथ-साथ स्टाफ और प्रशंसक भी आहत हैं। हमने गेंद से काफी जज्बा दिखाया। तीन मैचों में पहली बार हमने बल्ले से पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन पारी के मध्य में उनके स्पिनर हमारे बल्लेबाजों पर हावी रहे और हमें संघर्ष करना पड़ा। हमें अधिक रन बनाने के लिए सिर्फ मध्यक्रम की जरूरत है। हम शायद इस विकेट पर 20 रन कम बना सके। गुजरात टाइटन्स के स्पिनरों ने 13 ओवर फेंके, जो इस सीजन में किसी भी टीम द्वारा सबसे अधिक है, और 7 विकेट लिए। आर साई किशोर ने अपने 4 ओवरों में 33 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में, पीबीकेएस को राहुल चाहर को बेंच पर बिठाना पड़ा, क्योंकि लगातार गिरते विकेट के बीच हरप्रीत सिंह भाटिया को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में प्राथमिकता दी गई। लैंगवेल्ट ने कहा, ₹हम एक और स्पिनर राहुल चाहर को मौका दे सकते थे, लेकिन जाहिर तौर पर जब आप बल्लेबाजी कर रहे हों और विकेट गिर रहे हों तो रन बनाना बेहतर होता है। यह कुछ ऐसा है जिसे हम सुधारना चाहते हैं, बोर्ड पर अधिक रन बनाना चाहते हैं। हम अब और बेहतर बल्लेबाजी विकेटों पर खेलेंगे और इससे बल्लेबाजों को पिछले मैचों के मुकाबले थोड़ा अधिक आत्मविश्वास मिलेगा। हम हर मैच सेमीफाइनल और फाइनल की तरह लेते हैं। उन्होंने कहा, ₹बल्लेबाज निश्चित रूप से अगले स्थान (ईडन गार्डन्स, कोलकाता) को लेकर खुश होंगे। जब हम विभिन्न स्थानों, उच्च स्कोरिंग मैदानों पर खेलते हैं तो गेंदबाजों को भी आगे बढ़ने की जरूरत है। उम्मीद है कि हमारे बल्लेबाज हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## प्रियंका-अक्षदीप की भारतीय जोड़ी ने हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत की प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने रविवार को अंताल्या में 2024 विश्व एथलेटिक्स रेस वॉकिंग टीम चैंपियनशिप में मिश्रित मैराथन रेस वॉकिंग रिले स्पर्धा में 18वें स्थान पर रहकर पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। भारतीय जोड़ी ने 3:05.03 का समय निकालकर कोटा हासिल किया। यह स्पर्धा इटली के फ्रांसेस्को फोटुर्नाटो और वेलेंटीना ट्रैपलेटी ने जीती, जिन्होंने 2:56:45 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। यह जोड़ी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय भी है। उनके बाद जापान के कोकी इकेदा और कुमिको ओकाडा रहे, जिन्होंने 2:57:04 का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला।

कांस्य अल्वारो मार्टिन और लौरा गार्सिया-कारो की स्पेनिश जोड़ी ने जीता, जिन्होंने 2:57:47 में दौड़ पूरी की। रेस वॉक मिश्रित रिले चैम्पियनशिप रिले फॉर्मेट में टीमों के साथ आयोजित किया जाता है, जिसमें एक पुरुष और एक महिला एथलीट शामिल होते हैं, जो 42.195 किमी की पूरी मैराथन दूरी को कवर करते हैं। पुरुष पहले 12.195 किमी चलता है और फिर महिला 10 किमी चलती है, उसके बाद पुरुष 10 किमी चलता है और अंतिम 10 किमी महिला तय करती है। प्रत्येक चरण शुरू होने से पहले चेंजओवर के लिए 20 मीटर की दूरी है। ओलंपिक खेलों में मैराथन रेस वॉक मिश्रित रिले को पहली बार शामिल किया गया है और पेरिस में इस खेल का पदार्पण होगा, जिसमें वॉकिंग टीम चैंपियनशिप अंताल्या 24 नए अनुशासन के लिए मुख्य क्वालीफाइंग इवेंट था। अंताल्या में कुल 22 टीमों ने पेरिस के लिए स्थान सुरक्षित किया। पहली 22 टीमों में से पांच तक एक ही देश की दूसरी टीम हो सकती हैं, और जापान, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, चीन और कोलंबिया में से प्रत्येक की दो-दो टीमों ने क्वालिफाई किया।

## अय्यर ने अंतिम ओवर में मिली जीत को रोमांचक बताया

**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईपीएल लीग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मिली जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के करीबी मुकाबलों में धैर्य बनाये रखना ही सबसे मुश्किल होता है पर टीम की जीत से उन्हें राहत मिली है। इस मैच में केकेआर ने छह विकेट पर 222 रन बनाने के बाद आरसीबी को मैच की अंतिम गेंद पर 221 रनों पर ही रोक दिया। श्रेयस ने कहा कि इस दौरान भावनाएं हावी रहती हैं जिससे आप थक जाते हैं। ऐसे में संयम रखना कठिन होता है। इसके बाद भी मिली जीत से मैं खुश हूं। हमें 2 अंक मिले और यही अहम होता है। साथ ही कहा कि दबाव का सामना करना मुश्किल होता है। ऐसे में हर किसी को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिये। इस मैच में आंद्रे रसेल के ऑलराउंड प्रदर्शन की भी श्रेयस तारीफ करते हुए कहा कि उसने 20 गेंद में 27 रन बनाने के बाद तीन विकेट भी लिए जिससे जीत में असानी रही।। श्रेयस ने कहा कि रसेल ने मैच का पासा हमारी तरफ मोड़ दिया। टीम में इसी तरह के खिलाड़ी की जरुरत होती है। इस मैच के अंतिम ओवर में कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क की गेंदों पर 3 छक्के लगाकर आरसीबी को तकरीबन जीत के पास पहुंचा दिया था

## केकेआर ने सीएसके और हैदराबाद के रिकॉर्ड की बराबरी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच के दौरान, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद के सर्वाधिक 220 का स्कोर बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। तीनों ही टीमों ने 3-3 बार 220 का स्कोर बनाया है। विल जैक्स और रजत पाटीदार की शतकीय साझेदारी के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को रविवार को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सिर्फ एक रन से हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी के खिलाफ आईपीएल 2024 के 36वें मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली केकेआर ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 222 रन बनाए, जो आरसीबी के खिलाफ केकेआर का संयुक्त उच्चतम स्कोर है, इससे पहले केकेआर ने 2008 में शुरूआती आईपीएल मैच में आरसीबी के खिलाफ 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे। इसके अलावा 222 रनों के स्कोर के साथ केकेआर ने आईपीएल के इतिहास में सीएसके और एसआरएच के साथ तीन बार 220 रन बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। अन्य दो मौके जिन पर केकेआर ने 220 रन बनाए हैं, वे आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ थे, जहां उन्होंने 272/7 रन बनाए थे और दूसरा मौका 2013 में था, जहां नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 223/6 रन बनाए थे। सीएसके की टीम भी तीन मौकों पर 220 रन बनाने में भी सफल रही है। सीएसके ने सबसे पहले आईपीएल 2010 में राजस्थान के खिलाफ 5 विकेट पर 246 रन बनाए थे, इसके बाद 2008 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 5 विकेट पर 240 रन और इसके बाद 2023 में आरसीबी के खिलाफ 6 विकेट पर 226 रन बनाए थे। हैदराबाद एक अन्य टीम है, जिसने तीन बार 220 स्कोर करने की उपलब्धि हासिल की है। हैदराबाद ने तीनों ही बार आईपीएल के मौजूदा 17वें संस्करण में यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 287 बनाए है।

## आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन पर सैम करन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली :** पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन पर पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से रविवार देर रात जारी एक बयान में कहा गया, ह्लकरन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। मैच की बात करें

तो इस मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 142 रनों पर सिमट गई। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 21 गेंदों पर 3 चौकों और इतने ही छक्कों की बदौलत 35 रन बनाए। प्रभसिमरन के अलावा कप्तान सैम करन ने 20 और हरप्रीत बरार ने 29 रन बनाए। गुजरात के लिए साई किशोर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए

# चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड की जीत

**रावलपिंडी :** मार्क चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां खेले गये तीसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले खेलते हुए पाकिस्तान ने सैम आयुब के 32, कप्तान बाबर आजम के 37, रिजवान के 22, इरफान खान के 30 और शादाब खान के 41 रनों से कुल 178 रन बनाए थे। इसके बाद कीवी टीम ने ये लक्ष्य तीन विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। उसे टिम रोबिन्सन और टिम सेफर्ट ने अच्छी शुरूआत दी। इसके बाद मार्क चैपमैन ने 42 गेंदों पर ही 87 रन बनाकर 19वें ओवर में

ही टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में दोनों ही टीमें 1-1 से बराबरी पर आ गई है। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया थ जबकि दूसरा पाक ने जीता था। जीत के बाद न्यूजीलैंड के चैपमैन ने खुशी जताते हुए कहा कि सीरीज बराबर आने से उन्हें खुशी हुई है। पाकिस्तान के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है इससे लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। हमारे लिए 100 से अधिक रनों की साझेदारी करना लाभप्रद रहा। हम जानते हैं कि पाकिस्तान की डेथ ओवरों में गेंदबाज शानदार है इसके बाद भी हमारे बल्लेबाज सफल हुए।

शंघाई में फार्मुला वन रेस में जीत के बाद ट्रॉफी के साथ रेड बुल के मैक्स वर्सटेपन।

## एक झलक

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य घटकर 87 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.67 डॉलर यानी 0.77 फीसदी की गिरावट के साथ 86.62 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.66 डॉलर यानी 0.79 फीसदी लुढ़ककर 82.48 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नयी दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के लिए पिछला कारोबारी सत्र लगातार दबाव वाला सत्र बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स पिछले सत्र के दौरान 0.88 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,967.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 319.49 अंक यानी 2.05 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 15,282.01 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर फिलहाल 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,052.61 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। हालांकि कारोबार के आखिरी चरण में खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से एफटीएसई इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,895.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक गिरावट के साथ 8,022.41 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 100.04 अंक यानी 0.56 प्रतिशत टूट कर 17,737.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक में बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.29 प्रतिशत टूट कर 19,471.07 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,039.40 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# सेंसेक्स व निफ्टी ने लगायी मजबूत छलांग

### निवेशकों को 1 दिन के कारोबार से 4.80 लाख करोड़ का मुनाफा

**नयी दिल्ली :** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही घरेलू शेयर बाजार जोश में नजर आया। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में मुनाफावसूली का दबाव भी नजर आया लेकिन दोपहर 11 बजे के बाद से ही तेजड़िये पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए, जिसकी वजह से शेयर बाजार लगातार ऊपर चढ़ता गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.77 प्रतिशत और निफ्टी 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट की वजह से बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। फार्मास्यूटिकल, बैंकिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयरों में आज जोरदार खरीदारी होती रही। इसी तरह एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, आईटी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और मेटल इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.26 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बाजार में आई उछाल के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 398.25 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 393.45 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.80 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,057 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,622 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,281 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 154 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,237 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,640 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 597 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर बढ़त के साथ और 5 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 44 शेयर हरे निशान में और 6 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

## रिलायंस जियो का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 13 प्रतिशत बढ़ कर 5,337 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता कम्पनी रिलायंस जियो का एकल आधार पर शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ कर 5,337 करोड़ रुपये रहा। कम्पनी की परिचालन आय चौथी तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़ कर 25,959 करोड़ रुपये रही। रिलायंस जियो ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 13.16 प्रतिशत बढ़ कर 5,337 करोड़ रुपये रहा, जो इससे वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 4,716 करोड़ रुपये था। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कम्पनी का शुद्ध लाभ इससे पूर्व वित्त वर्ष के मुकाबले 12.4 प्रतिशत बढ़कर 20,466 करोड़ रुपये हो गया। आलोच्य वित्त वर्ष में रिलायंस जियो की आय साल भर पहले की तुलना में 10.2 प्रतिशत बढ़कर 1,00,119 करोड़ रुपये हो गयी।

## वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गुरुग्राम में मेगा जॉब फेयर-2024 में 2600 को नौकरी के लिए किया शार्टलिस्ट

**गुरुग्राम :** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फरुखनगर, गुरुग्राम के प्रांगण में मेगा जॉब फेयर-2024 का आयोजन में 71 कंपनियों ने भाग लिया। वर्ल्ड कॉलेज के रजिस्ट्रार युद्धवीर सिंह लांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेगा जॉब फेयर-2024 में युवाओं ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । करीब 4160 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जिसमें से 2600 अभ्यर्थियों को विभिन्न सेक्टर की कंपनियों द्वारा शार्टलिस्ट किया गया। मेगा जॉब फेयर में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित मल्टी नेशनल कम्पनियों जैसे योकोहामा, कृष्णा मारुति, कपारो मारुति, मुंजाल शोवा लिमिटेड,जे.बी.एम, ऐक्सिस बैंक, टैलब्रोस इंजीनियरिंग लिमिटेड, अल्फा ऑटो, ईआरडी टेक्नोलॉजीज, पॉलिसी बाजार, माइक्रो प्रीसेशन प्रा. लिमिटेड, ड्रीमवेसल टेक्नोलॉजी, क्रिएटिव हाई टेक, इंस्पायर इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड, निफ्को, अल्फा ऑटो, मिडास कंसल्टिंग, चेतु, एक्सिओम कंसल्टिंग, एस्टुग्लोबल टेक, ऐप्ज ग्लोबल टेक प्राइवेट लिमिटेड, साइबरक्योर टेक्नोलॉजी, अर्बन मनी, सुप्रजित इंजीनियरिंग लिमिटेड आदि ने भाग लिया। मेगा जॉब फेयर में दिल्ली, नोएडा, गाज़ियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, झज्जर, रेवाड़ी, सोनीपत, चंडीगढ़, पंजाब, बिहार, हिमाचल व यूपी से विधार्थियों ने भाग लिया। मेगा जॉब फेयर में कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में, मैकेनिकल के क्षेत्र में, फाइनेंस के क्षेत्र में, रियल एस्टेट के क्षेत्र में, एचआर के क्षेत्र में और बैंकिंग के क्षेत्र में कई प्रतिष्ठित कंपनियां ने बी.टेक (सभी ब्रांच), बी.सी.ए, बी.बी.ए, एम. टेक, एमसीए, एमबीए और पॉलिटेक्निक के छात्रों को शार्टलिस्ट किया।

## एयर इंडिया के 'आसमान की रानी' बोइंग 747 ने आखिरी उड़ान भरी

**नयी दिल्ली :** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने अपने दिग्गज 747 बोइंग विमान को रिटायर कर दिया है। एयरलाइंस के आखिरी बोइंग 747 विमान ने सोमवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी। इसे कभी 'आसमान की रानी' भी कहा जाता था। एयर इंडिया ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि आज हम मुंबई से प्रस्थान करने वाली अपनी आखिरी 'आसमान की रानी', बी747 को अलविदा कहते हैं। शानदार उड़ानों के युग के लिए धन्यवाद। हम आपकी प्रतिष्ठित उपस्थिति को याद करेंगे। एयर इंडिया ने मुंबई हवाई अड्डे से विमान के प्रस्थान की तस्वीरें भी साझा की हैं।

## कमजोरी के बावजूद चेन्नई में सोना 75 हजार के पार

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि इस गिरावट के बावजूद देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 74 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर कारोबार कर रहा है, वहीं चेन्नई में इसकी कीमत आज भी 75 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी कमजोरी के बावजूद 68 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बना हुआ है। सोने की तरह चांदी भी आज मामूली कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा है। इस कमजोरी के कारण आज दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 86,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 74,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,2300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 74,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,100 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 74,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 74,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,280 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज मामूली कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 74,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 68,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## हांगकांग ने भी एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर लगाया प्रतिबंध

**नयी दिल्ली :** सिंगापुर के बाद हांगकांग की सरकार ने भी भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, इन दोनों कंपनियों की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र सरकार के खाद्य सुरक्षा केंद्र ने जारी बयान में कहा है कि जांच में इन दोनों मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। इसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद हांगकांग की सरकार ने इन मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। बयान में कहा गया है कि एमडीएच समूह के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में जांच में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी थी। इससे पहले सिंगापुर ने पिछले हफ्ते एवरेस्ट के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की थी, जिसमें एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा अनुमेय सीमा से अधिक होने का आरोप लगाया गया था। इससे पहले 2023 में अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने साल्मोनेला की मौजूदगी के चलते एवरेस्ट के उत्पादों को हटाने का आदेश दिया था।

## 'हनुमान जयंती' पर 'श्रीमद रामायण' में बाल हनुमान की शक्ति और भक्ति की ताकत देखें

सोनी की दिव्य गाथा, 'श्रीमद रामायण' में माता सीता को खोजने के प्रयास तेज हो गए हैं, क्योंकि भगवान हनुमान ने अपनी वानर सेना के साथ लंका की ओर कदमताल शुरू कर दिया है। इस सफर के दौरान, वे समुद्र के किनारे पहुंच जाते हैं, और उनकी उम्मीदों का बांध टूटना शुरू हो जाता है क्योंकि सेना के पास समुद्र पार करने का कोई साधन नहीं है। तभी जामवंत भगवान हनुमान के सामने पहुंचते हैं और उन्हें उनके जन्म और उन दिव्य शक्तियों का स्मरण कराते हैं, जिनसे उन्हें लंका में माता सीता को खोजने में मदद मिलेगी। अंजना और केसरी से जन्मे, भगवान हनुमान के पास अद्वितीय शक्तियां थीं, लेकिन इस कारण से वे काफी नटखट और शरारती भी हो गए। इतना कि एक दिन, अपने दोस्तों के साथ खेलते हुए, उन्हें एक लाल चमकता हुआ गोला दिखाई देता है जिसे वह फल मानते हुए उसे खाने के लिए निकल पड़ते हैं,

## 'टीएचडीसीआईएल, बुलंदशहर में सितंबर तक कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना चालू करने का लक्ष्य'

**ऋषिकेश :** उत्तराखंड के विद्युत क्षेत्र के अग्रणी उपक्रम, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने सितंबर- 2024 तक उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में अपने कोयला आधारित बिजली संयंत्र को चालू करने का लक्ष्य रखा है। इस बाबत कंपनी के निदेशक (पर्सनल) ने बताया कि इस लक्ष्य के साथ ही कंपनी घरेलू ताप विद्युत क्षेत्र में उतर जाएगी। निदेशक (पर्सनल) शैलेंद्र ने बताया कि टीएचडीसीआईएल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में 1,320 मेगावाट 2660 मेगावाट की अत्याधुनिक तापीय बिजली परियोजना एसटीपीपी स्थापित कर रही है। परियोजना की समय सीमा के बारे में पूछे जाने पर निदेशक ने बताया कि इसका काम पूरे जोरों पर चल रहा है। हमें 660 मेगावाट की पहली इकाई इस साल सितंबर तक और दूसरी इकाई मार्च 2025 तक चालू होने का अनुमान है। यह लगभग 12,000 करोड़ रुपये की परियोजना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उत्तराखंड स्थित इकाई की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता लगभग 1,587 मेगावाट है, जिसमें से 1,424 मेगावाट जलविद्युत, 113 मेगावाट पवन और 50 मेगावाट सौर है।

कंपनी के निदेशक (पर्सनल) ने बताया कि जनवरी-2024 तक बुलंदशहर जिले के खुर्जा में इस अत्याधुनिक तापीय बिजली संयंत्र के एसटीपीपी पर 9,428.30 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और लगभग 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि कंपनी खुर्जा एसटीपीपी में पर्यावरण-अनुकूल कार्बन कैप्चर तकनीक लागू करने की प्रक्रिया में है, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी। परियोजना का विवरण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परियोजना की आधारशिला 09 मार्च, 2019 को रखी थी। यह परियोजना 1,200.843 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है। उन्होंने बताया कि यह एक एकीकृत कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र है, जो मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में स्थित अमेलिया कोयला खदान से जुड़ा है। परियोजना पूरी होने पर संयंत्र 85 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर पीएलएफ के अनुरूप सालाना 926.4 करोड़ यूनिट बिजली पैदा करेगा। विद्युत मंत्रालय के बिजली आवंटन के अनुसार, उत्पादित बिजली का 64.7 प्रतिशत उत्तर प्रदेश को आपूर्ति की जानी है और शेष अन्य लाभार्थियों को दी जायेगी।

## पेज एक के शेष

**दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, जवानों का हौसला बढ़ाया...**

उन्होंने जवानों से कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए आप अपना सब कुछ न्योछावर कर देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। आपका राष्ट्रप्रेम हम सब भारतीयों के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। राजनाथ सिंह ने सियाचिन ग्लेशियर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए तैनात सभी जांबाज सैनिकों को नमन किया।

इससे पहले उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने फॉरवर्ड फील्ड अस्पताल की परिचालन तैयारियों और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन के आगे के क्षेत्रों का दौरा किया। सेना कमांडर ने प्रताप पुर सैन्य स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ ग्रीन स्टेशन पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने चुनौतीपूर्ण और कठिन परिस्थितियों में उनके सम्पूर्ण व्यावसायिकता और अनुकरणीय कार्य के लिए सभी रैंकों की सराहना की।

**कांग्रेस की नजर आपकी मेहनत की कमाई पर...**

रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अलीगढ़ के लाखों लोगों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज की सुविधा मिल रही है। मोदी ने गारंटी दी है कि आपके परिवार के 70 साल से अधिक उम्र के लोगों की चिंता यह बेटा (मोदी) करेगा। मोदी ने कहा कि गरीब को घर मिला, राशन मिला, इलाज मिला। यह सब आपके एक वोट ने किया। इस अच्छे कार्य का पुण्य आपको भी मिल रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सरकार की तमाम योजनाओं का भी जिक्र किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अलीगढ़ से सतीश गौतम और हाथरस से अनूप बाल्मीकि को जिताने की अपील की। मोदी ने कहा कि आप यह वोट भले ही यहां सतीश गौतम या अनूप बाल्मीकि को देंगे, लेकिन जब कमल का बटन दबायेंगे, तो यह वोट सीधे मोदी को मिल जायेगा।

**पीएम की सभा में आने के लिए अक्षत देकर दिया जायेगा आमंत्रण...**

देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। विधानसभा और प्रखंडवार टोली में बैठक के साथ पूरे जिले में जोर-शोर से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मंत्री नीरज कुमार बबलू ने बताया कि प्रधानमंत्री की 26 अप्रैल को पहली सभा फारबिसगंज में होगी। उसके बाद वे फारबिसगंज से मुंगेर में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अररिया में प्रधानमंत्री के दौरे से कार्यकताओं में खासा उत्साह है और न केवल भाजपा, बल्कि पूरे एनडीए के कार्यकर्ता एकजुट हैं। जो भी कार्यकर्ता में मनमुटाव है, उसे चुनाव आते-आते दूर कर दिया जायेगा।

मौके पर मंत्री नीरज कुमार बबलू के अलावा कार्यक्रम के सह प्रभारी सुदेश यादव, मृत्युंजय झा, जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, पंचायती राज प्रकोष्ठ के भुवन कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक भगत उर्फ बमशंकर भगत, संतोष सुराना, बिमल सिंह, राकेश विश्वास, प्रताप नारायण मंडल, चेयरमैन वीणा देवी सहित अन्य भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

**वेंकैया नायडू, डॉ. पद्मा सुब्रमण्यम व बिंदेश्वर पाठक समेत कई हस्तियां पद्म पुरस्कारों से सम्मानित...**

श्रेणियों में दिये जाते हैं। इनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों या क्षेत्रों में दिये जाते हैं। इनमें कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा आदि शामिल हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

**पूर्व जस्टिस गांगुली ने मांगा ममता का इस्तीफा...**

वास्तविक पात्र नौकरी चाहनेवाले इतने लम्बे समय से वंचित हैं। आशा है, उनके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जायेंगी।₹ अभिजीत ने कहा, ₹योग्य उम्मीदवारों को वंचित कर दिया गया है। वंचितों में हिन्दू और मुस्लिम भी शामिल हैं। राष्ट्रपति शासन के तहत चुनाव होने चाहिए।₹ हाई कोर्ट के जज रहते हुए जस्टिस अभिजीत गांगुली ने ही शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामलों की सीबीआई जांच के आदेश दिये थे। उनके कई फैसलों पर लगातार खंडपीठ की रोक लगी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट तक पत्र लिख कर खंडपीठ के उन जजों पर उन्होंने सवाल खड़ा किया था, जो रोक लगा रहे थे। आखिरकार देश की शीर्ष अदालत में उन्हीं के फैसले को हरी झंडी देते हुए मामले की सीबीआई जांच जारी रखने के आदेश दिये थे। इसी की वजह से आज यह फैसला आया है।

**नाबालिग रेप पीड़िता को 30 हफ्ते का गर्भ गिराने की मिली इजाजत...**

इसके खिलाफ सलाह दी जाने पर लड़की पर सम्भावित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों के सम्बन्ध में एक रिपोर्ट मांगी थी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया था, जिसकी रिपोर्ट अगली सुनवाई यानी 22 अप्रैल को कोर्ट के सामने पेश करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने सत्र के दौरान, यह पता चला कि नाबालिग वर्तमान में 28 सप्ताह की गर्भवती है और मुंबई में है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मामले में सरकार की तरफ से पेश हुए। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत, विवाहित महिलाओं और विशेष श्रेणियों के लोगों के लिए 24 सप्ताह तक गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति है, जिसमें बलात्कार पीड़िताएं और अन्य कमजोर समूह जैसे कि विकलांग और नाबालिग शामिल हैं।

**रामलला के दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त...**

राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल शामिल रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किये गये थे।

दर्शन करनेवाले प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन, चीन गणराज्य (ताइवान), ताजिकिस्तान, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका इत्यादि देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी के भोजन की व्यवस्था दिल्ली के समाजसेवी गोपाल गर्ग ने की।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 23 अप्रैल को डॉ. जौली की पहल पर 156 देशों व 07 महाद्वीपों के नदियों व समुद्रों के जल से राम मंदिर में अभिषेक किया गया था। मौके पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश, उज्बेकिस्तान के व्यवसायी अशोक के. तिवारी (प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित), भूपेन्द्र कंसल (महामंत्री हिमालय परिवार) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए : अर्जुन मुंडा...**

रुकता।

**भुईहरी जमीन को हड़पने वाले आदिवासियों का विकास क्या करेंगे ?**

**राज्य** सरकार पर हमला करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भुईहरी की जमीन को हड़पनेवाले न आदिवासियों का विकास करेंगे और न उनकी रक्षा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन को दलालों को देने के लिए ही इस सरकार ने सीएनटी एक्ट में बदलाव का भी प्रयास किया। तत्कालीन मंत्री मथुरा महतो के पास सीएनटी में संशोधन वाली फाइल अब भी पड़ी है। मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासियों खासकर खूंटी को काफी सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू कोई प्रधानमंत्री नहीं गया था। द्रौपदी मुर्मू पहली राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने उलिहातू जाकर धरती आबा को नमन किया। मुंडा ने लोगों का आह्वान किया कि 13 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव में सभी कोई भाजपा के पक्ष में वोट देकर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें। भाजपा नेता ब्रजेंद्र हमेरोम ने अतिथियों का स्वागत किया।

**नेत्रहीन मांदर वादक से प्रभावित हुए अर्जुन मुंडा**

उड़ीकेल गांव में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान गांव के ही नेत्रहीन मांदर वादक सूरदास मुंडा की प्रतिभा से अर्जुन मुंडा काफी प्रभावित नजर आये। उन्होंने सूरदास से हाथ मिलाया और कुछ दूर उसका हाथ पकड़ कर साथ लेते गये। इस मौके पर शिवशंकर मिश्रा, दिलीप शर्मा, तोरपा विधानसभा प्रभारी अरुण चंद्र गुप्ता, विष्णु सोनी, राजेन मुंडा, जिला परिषद सदस्य जोरोंग आईंद, मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, सुधीर सिंह, मोहनलाल पाठक, अश्विनी शर्मा, बिट्टू शर्मा, मनोज मिश्रा, जगरनाथ साहू, कृष्णा हेमरोम, महादेव गोप, रावण गोप, महावीर गोप, सीमा देवी, प्रीति देवी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

**मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया : अमित शाह...**

की बात की है। मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, आदिवासियों का नहीं। जिस पार्टी की नजर देशभर के मठ और मंदिरों की सम्पत्ति पर है, उसके बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह सम्पत्ति कहां जायेगी। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीब, आदिवासी, दलित और पिछड़ा समाज का है। नॉर्थ ईस्ट हो, कश्मीर हो या नक्सल प्रभावित क्षेत्र हो, मोदी जी ने पूरे देश को एकजुट करने और अखंड बनाने का काम किया है। शाह ने कहा कि जबतक नक्सलवाद है तब तक आदिवासी क्षेत्र

## एक झलक

### सरकार एक साथ 09 अध्यादेश लायी

**नेपाल :** इस महीने के अंत में होने वाले निवेश सम्मेलन के मद्देनजर सरकार एक ही बार में 9 अध्यादेश लेकर आई है। बताया गया है कि विदेशी निवेशकताओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से सरकार ये अध्यादेश लेकर आई है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में निवेश सम्मेलन को प्रभावित कर सकने वाले विभिन्न 9 कानूनों में परिवर्तन करने के लिए सरकार ने अध्यादेश जारी करने का फैसला किया है। कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री वर्षमान पुन ने बताया कि निवेशकताओं की सहूलियत के लिए ये अध्यादेश लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन अध्यादेशों के जरिए नेपाल में विदेशी निवेशकों को कानूनी अड़चनें नहीं आएंगी और निवेशक बेझिझक यहां निवेश कर पाएंगे।

### ईरान के राष्ट्रपति इस्लामाबाद पहुंचे

**इस्लामाबाद :** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। इस दौरे के मद्देनजर राजधानी में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। यह जानकारी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी का विमान से उतरते हुए फोटो जारी किया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मुमताज जहरा ने एक बयान में कहा कि ईरान के राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी और विदेश मंत्री तथा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि इस यात्रा का समापन बुधवार होगा। इस दौरान दोनों मुस्लिम पड़ोसी इस साल अभूतपूर्व सैन्य हमलों के बाद संबंधों को सुधारने की कोशिश करेंगे।

### इजराइल सैन्य खुफिया प्रमुख का इस्तीफा

**तेल अवीव :** इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले के सिलसिले में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा हमले की विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा के पद से इस्तीफा देने की सूचना आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर साझा की है। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं।

### इजराइल के हमलों में 22 लोगों की मौत

**गाजा पट्टी :** गाजा के दक्षिणी शहर रफह में रातभर इजराइली हमलों में 18 बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने रफह पर लगातार हवाई हमले किए हैं। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने कहीं और रहने के लिए शरण मांगी है। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने शनिवार को 26 अरब अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी दे दी थी जिसमें गाजा के लिए लगभग नौ अरब अमेरिकी डॉलर की मानवीय सहायता शामिल है।

### अमेरिकी सहायता पैकेज की सराहना

**कीव :** अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा से पारित यूक्रेन के लिए सहायता पैकेज की यूक्रेन और पश्चिमी देशों ने सराहना की जबकि रूस ने आगाह करते हुए कहा है कि विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद यूक्रेन 'और तबाह' होगा तथा और ज्यादा मौतें होंगी। प्रतिनिधि सभा ने शनिवार को विशेष सत्र के दौरान अमेरिका के सहयोगी देशों यूक्रेन, इजराइल व अन्य के लिए 95 अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी सहायता को तत्काल मंजूरी दे दी।

# ट्रांसओशनिक अभियान के बाद गोवा लौटीं दो महिला अधिकारी

- ट्रांसओशनिक अभियान की उपलब्धि हासिल करने वाला भारत पहला देश बना
- नौसेना कर्मियों ने मॉरीशस तटरक्षक बल के कर्मियों के साथ प्रशिक्षण उड़ान भरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना नौकायन पोत (आईएनएसवी) तारिणी लगभग दो महीने के ऐतिहासिक ट्रांसओशनिक अभियान के बाद गोवा में अपने बेस पोर्ट पर विजयी होकर लौट आया है। यह अभियान भारतीय नौसेना की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा अधिकारी ने डबल-हैंडेड मोड में चलाया। महिला अधिकारियों की यह असाधारण यात्रा मील का पत्थर है, क्योंकि ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला भारत पहला देश बन गया है।

यह अभियान 28 फरवरी को गोवा से हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया था। हिंद महासागर के माध्यम से 22 दिनों की यात्रा के बाद आईएनएसवी तारिणी 21 मार्च को पोर्ट लुइस, मॉरीशस पहुंची। इस ऐतिहासिक क्षण को कई कार्यक्रमों के साथ मनाया गया, जहां अधिकारियों को मॉरीशस तटरक्षक और भारतीय उच्चायोग के सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत करने का मौका मिला। जहाज के नौसेना कर्मियों ने मॉरीशस तटरक्षक बल के कर्मियों के साथ एक प्रशिक्षण उड़ान भी भरी, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ दोनों समुद्री देशों के बीच सद्भावना को बढ़ावा मिला।

अपने अभियान के दौरान आने वाली चुनौतियों से घबराए बिना अधिकारियों ने साहस की भावना को मूर्त रूप देते हुए असाधारण समुद्री कौशल का प्रदर्शन किया। पोर्ट लुइस में कार्यक्रम के बाद लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा अधिकारी 30 मार्च को गोवा की वापसी यात्रा पर निकलीं। प्रस्थान करते समय महिला अधिकारियों को तेज हवा, प्रतिकूल समुद्री स्थितियों और समुद्र से उत्पन्न लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद अदम्य भावना और दृढ़ संकल्प ने उन्हें आगे बढ़ाया और 21 अप्रैल को आईएनएसवी तारिणी को सुरक्षित रूप से गोवा वापस पहुंचाया।

उत्तरी गोवा के नौसेना स्टेशन कमांडर और आईएनएस मंडोवी के कमांडिंग ऑफिसर ने लौटने पर आईएनएसवी तारिणी का स्वागत किया। इस मौके पर आईएनएस मंडोवी के नाव पूल पर नौसेना कर्मियों और मंडोवी स्टेशन के परिवार मौजूद थे, जो भारतीय नौसेना के भीतर सामूहिक उपलब्धि और सौहार्द का प्रतीक है। दोनों महिला अधिकारी आईएनएसवी तारिणी के साथ अब 'विश्व परिक्रमा' की तैयारी कर रही हैं, जो इस साल सितंबर में शुरू होने वाली है। यह यात्रा भारतीय नौसेना में कर्मियों की भावी पीढ़ियों को चुनौतीपूर्ण समुद्री साहसिक गतिविधियों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी।

## हुबली की घटना पर भाजपा हमलावर, मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा

**नयी दिल्ली :** हुबली में एक कांग्रेस नेता की बेटी की हत्या पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखा हमला करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की है। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि हुबली की घटना दिल दहला देने वाली थी। पूरा देश एक साथ आया कि इस पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के दबाव में मुख्यमंत्री ने पद की शपथ भुला दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'न्याय' की बात करती है, लेकिन इस पीड़ित परिवार को 'न्याय' कब मिलेगा?

# गर्मी बढ़ते ही धधकने लगे जंगल 300 गुना बढ़ीं आग की घटनाएं

**अर्थ डे**

- सीएम धामी ; बोले जिस क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं हों, वहां के अधिकारी की जिम्मेदारी तय हो

एजेंसी

**देहरादून :** 22 अप्रैल को अर्थ डे मनाया गया। पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में कई काम किए जा रहे हैं। वहीं उत्तराखंड के जंगल लगातार जल रहे हैं। गर्मी का मौसम आते ही जंगलों की आग भड़कने लगी है। प्रदेश में 15 फरवरी से अभी तक 300 से ज्यादा घटनाएं जंगल में आग लगने की हो चुकी हैं। एक सर्वे में बताया गया है कि पिछले साल में इसी सीजन में जंगल में आग लगने की 85 घटनाएं सामने आई थी। आग लगने की घटना में 300 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। उत्तराखंड में अपर प्रमुख वन संरक्षक ने बताया कि तापमान में बढ़ोत्तरी और सूखा पड़ने की वजह से जंगल में आग लगने की घटना में तेजी आई है। खेतों में पराली जलाया जाना भी एक वजह है। अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए है। सुरक्षा बरतते हुए ग्रामीणों को भी जागरूक रखने का अभियान चलाया जा रहा है। उत्तराखंड में 38 हजार किलोमीटर का जंगल है जो भौगोलिक क्षेत्र का 71 फीसदी हिस्सा है। अधिकारियों के अनुसार जंगल के पास इंसानों की बढ़ती आबादी की वजह से भी आग की घटनाएं अधिक हो रही हैं।

## हुबली मर्डर केस की सीआईडी करेगी जांच

**बेंगलुरु :** हुबली के बीवीबी कॉलेज कैंपस में 18 अप्रैल को फैयाज खोंडुनाईक ने नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। सोमवार को कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने मामले की जांच सीआईडी को सौंप दी है। उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई के लिए स्पेशल कोर्ट भी बनाई जाएगी। नेहा, एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। आरोपी फैयाज उसका पूर्व क्लासमेट था। पुलिस ने उसे वारदात के एक घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में उसने बताया था कि नेहा उसके साथ रिलेशनशिप में थी। कुछ दिनों से अचानक वह उससे दूर रहने लगी थी। इसलिए उसने घटना को अंजाम दिया।

## पिथौरागढ़-एंचोली के अडोली में वाहन खाई में गिरा, चार की मौत

एजेंसी

**देहरादून/पिथौरागढ़ :** उत्तराखंड के पिथौरागढ़-एंचोली क्षेत्र में अंडोली के पास सोमवार सुबह बोलेरो ((यूके 05 टीए- 2683 ) अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित शादी समारोह से बोलेरो से वापस लौट रहे थे। यह जानकारी पुलिस ने दी।

पुलिस के अनुसार, यह खाई 200 मीटर गहरी है। बोलेरो में कुल आठ बाराती सवार थे। जिला नियंत्रण कक्ष पिथौरागढ़ से हादसे की सूचना एसडीआरएफ को दी गई। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने स्थानीय पुलिस और लोगों से समन्वय स्थापित कर चार लोगों के शव खाई से बाहर निकाल कर जिला पुलिस के सुपुर्द किए। घायलों के नाम चमाली निवासी 49 वर्षीय जगदीश, 19 वर्षीय हिमांशु, 18 वर्षीय प्रियांशु और 42 वर्षीय राजेंद्र हैं। मृतकों में अजय कुमार (32) पुत्र होशियार, पवन कुमार (40) पुत्र जगत राम, अंगद कुमार (34) पुत्र जगत राम और कैलाश कुमार (48) पुत्र शोबन राम हैं।

# लोकसभा चुनाव : सूरत से मिली भाजपा को पहली सीट, मुकेश दलाल निर्विरोध विजयी

- सभी निर्दलीय और राजनीतिक दलों ने वापस लिया नामांकन पत्र
- कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन निर्वाचन अधिकारी ने किया था रद्द

एजेंसी

**सूरत :** लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा को पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल ने निर्विरोध जीत कर इतिहास रच दिया है। नाम वापस लेने के अंतिम दिन कुल 9 मान्य नामांकन में से 8 ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। इससे पहले रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी और सुरेश पडसाला के नामांकन रद्द कर दिए गए थे।

देश में 1951 से लेकर वर्ष 2019 में तक हुए 17 बार लोकसभा चुनाव में पहली बार कोई उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किया गया है। इस तरह भाजपा को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट के लिए भाजपा के मुकेश दलाल समेत 9 लोगों के नामांकन मान्य घोषित किए गए थे।

नाम वापस लेने के अंतिम दिन सोमवार को मुकेश दलाल को छोड़कर बाकी के सभी 8 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। शाम तक चुनाव अधिकारी की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में ममता सरकार को झटका

**कोलकाता :** शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग पैनल द्वारा की गई स्कूल शिक्षक भर्ती रद्द कर दी है। हाईकोर्ट ने 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया है और लगभग 24 हजार नौकरियां हाई कोर्ट ने रद्द कर दीं। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपये की घूस लेने तक की आरोप हैं। बता दें कि भर्ती घोटाले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कई तृणमूल पदाधिकारियों के साथ ही राज्य शिक्षा विभाग के कई अधिकारी सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद ईडी और सीबीआई दोनों कथित अनियमितताओं की जांच कर रही हैं।

# अरहान में कुछ आदतों को पसंद नहीं करती मलाइका

**मुंबई :** बॉलीबुड स्टार अरबाज और मलाइका भले ही अलग-अलग रह रहे हों, लेकिन बेटे अरहान खान की परवरिश का दायित्व मिलकर उठा रहे हैं। अरहान ने पिछले दिनों अपने दो दोस्तों के साथ एक पॉडकास्ट शो दम बिरयानी शुरू किया है। हाल ही में मलाइका इस शो में पहुंचीं। इस दौरान मलाइका-अरहान ने एक-दूसरे से रिलेशनशिप, मैरिज को लेकर खुलकर बातचीत की। साथ ही मलाइका ने ये भी बताया कि अरबाज और अरहान की ऐसी कौनसी कॉमन बातें हैं जो उन्हें बिल्कुल भी पसंद नहीं हैं। मलाइका ने कहा कि कई ऐसे गुण हैं, जो पिता के बेटे में आए हैं। मैं कभी-कभी दोनों के बीच की समानताएं देखकर हैरान रह जाती हूं। दोनों के कान खुजलाने का तरीका बिल्कुल सेम है, जो मुझे पसंद नहीं। अरहान काफी दुविधा में रहते हैं, जो उन्हें अरबाज से ही मिला है। अरहान शर्ट का कलर भी चूज नहीं कर सकते और ना ही ये डिसाइड कर पाते हैं कि उन्हें क्या खाना है। मलाइका को यह पसंद नहीं है कि अरहान अपने पिता की तरह अनिर्णायक बने। मलाइका ने कहा कि वैसे बाप-बेटे में एक बात बहुत ही अच्छी है कि दोनों को ही ये पता है कि किन चीजों में अति नहीं करनी है, दोनों अपनी जिंदगी में कुछ चीजों को लेकर बहुत ज्यादा क्लियर हैं। मां की बात सुनकर अरहान ने कहा कि मेरी दिनचर्या बहुत अच्छी है। इस बात का श्रेय लेते हुए मलाइका ने बेटे से कहा कि आप निश्चित रूप से ऐसा इसलिए करते हैं, क्योंकि यह आपको मुझसे मिला है।

# हनुमान जी भगवान राम से अधिक शक्तिशाली क्यों थे ?

**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

**हनुमान** जी का जीवन इसी बात का प्रतीक है कि भक्त भगवान से अधिक शक्तिशाली होते हैं। हनुमान जी श्री राम से अधिक शक्तिशाली थे, तभी तो वे राम जी के वनवास के समय उनकी मदद कर पाए। यदि आपके सहायक आपसे मजबूत न हों तो आपका सूटकेस कैसे उठा पायेंगे? और आपके साथ वाले आपसे कमजोर हैं तो क्या आपका मन भी करेगा कि अपना थैला उनके हाथ में पकड़ायें? आपका सूटकेस उठाने के लिए आपका आदमी भी तो मजबूत होना चाहिए न? ऐसे ही राम का काम करने वालों को राम से तो बलवान होना ही चाहिए। इसलिए कभी-कभी चेले गुरु से ज्यादा मजबूत होते हैं। और गुरु उन्हें मजबूती भी देते हैं ताकी वे उनका काम कर पायें। हनुमान जी यह बात जानते थे कि 'मेरा बल मुझसे नहीं राम जी से आया है। राम जी ने मुझे इतना बल इसलिए दिया है ताकि मै उनका काम कर पाऊं।' यही सहजता और सरलता ही हनुमान जी की खूबी है। तो एक बार श्री राम ने खुद हनुमान जी से पूछा कि तुम तो हमसे मजबूत हो हनुमान; हनुमान बन कर रहना कैसा लगता है? तब हनुमान जी बोले 'जब मैं देहबुद्धि वाला होता हूँ, तब मै आपका दास हूँ; जब मुझमें जीव बुद्धि आ जाती है तब मैं आपका एक अंश, एक टुकड़ा हूँ; मगर जब मैं आत्मबुद्धि में होता हूँ तब मेरी और आपकी आत्मा एक है। मै आपसे अलग नहीं हूँ, आप मुझसे अलग नहीं हैं। हम दो हैं ही नहीं।' यह प्रेम का लफ्ज है। जैसे मां बच्चे के साथ प्रेम करती है कि यदि कोई बच्चे को थोड़ा सा डांट भी दे तो माँ रोने लगती है। क्योंकि उसको यह लगता है कि बच्चा मेरा अपना लगता है। ऐसे ही बच्चे को भी लगता है।

अगर इस ब्रह्मांड में कुछ भी ऐसा है जिसे परिभाषित करना असंभव है, तो वह प्रेम है। यदि आप इसका वर्णन कर सकते हैं, तो इसका मतलब है कि आपने इसे नहीं जाना है। आप प्रेम को परिभाषित कर ही नहीं सकते। आप प्रेम में फूल देते हैं, गले मिलते हैं, उपहार देते हैं लेकिन फिर भी, कुछ ऐसा रह जाता है जिसे अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता। हम प्रेम की केवल एक झलक ही पा सकते हैं, इसे पूरी तरह से नहीं जान पाना संभव नहीं है। हनुमान जी भगवान राम से प्रेम करते थे। एक बार भगवान राम ने हनुमान जी से पूछाः 'बताओ तुम मुझसे कितना प्रेम करते हो?' हनुमान जी ने कहा- प्रभु, मैं आपके प्रति अपना प्रेम व्यक्त नहीं कर सकता, लेकिन यदि आप देखना चाहते हैं तो मैं अपना हृदय फाड़कर आपको दिखाऊंगा कि केवल आप ही मेरे हृदय में निवास करते हैं।' आप हनुमान जी की वह तस्वीर देख सकते हैं जिसमें वे अपना हृदय फाड़कर दिखाते हैं।

'हनुमान' का अर्थ है आपकी साँसें। 'राम' आपकी आत्मा हैं, 'सीता' मन का प्रतीक हैं, 'लक्ष्मण' सजगता का प्रतीक हैं और 'रावण' नकारात्मकता और अहंकार का प्रतीक है। जब रावण ने सीता का हरण कर लिया तब हनुमान जी की ही सहायता से भगवान राम और लक्ष्मण ने माता सीता को रावण से मुक्त कराया।

जब नकारात्मकता आपके मन पर हावी हो जाती है, तो आत्मा और सजगता को सांसों का सहारा लेना पड़ता है। तो इस तरह से आत्मारुपी राम और सजगतारुपी लक्ष्मण, सांसरुपी हनुमान के कंधे पर बैठकर लंका पहुँचते हैं और नकारात्मकतारुपी रावण पर विजय प्राप्त करते हैं और मनरुपी सीता को मुक्त कराते हैं।

अक्सर भक्ति और शक्ति को विपरीत माना जाता है। कुछ लोग समर्पित होते हैं लेकिन वे कमजोर होते हैं और जो ताकतवर होते हैं, ऐसा देखा जाता है कि वे अहंकारी होते हैं; लेकिन हनुमान जी ऐसे नहीं हैं। वे शक्ति के साथ समर्पण, प्रेम और भक्ति का प्रतीक हैं। हनुमान वीरता, शक्ति, ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ-साथ विनम्रता और सरलता के भी प्रतीक हैं।

## असदुद्दीन ओवैसी ने की मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग

- एआईएमआईएम प्रमुख ने बिहार के किशनगंज में रैली को किया संबोधित

एजेंसी

**किशनगंज :** ऑल इंडिया मज्लिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को दशार्ते हुए मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की। सांसद ओवैसी ने बिहार की मुस्लिम बहुल सीट किशनगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। आवैसे ने बिहार विधायक अख्तरुल ईमान को इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। दिवंगत नेता हुमेरा अजीज का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस ने एआईएमआईएम पर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के खिलाफ होने का झूठा आरोप लगाया है।

# भारत में दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी, जबकि पानी 04 प्रतिशत

**बड़ी चुनौती**

- रिपोर्ट में दावा- देश के 50 प्रतिशत जिलों में 2050 तक गंभीर हो सकता है जल संकट

एजेंसी

**नयी दिल्ली/चेन्नई :** दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भारत में जल संकट का गंभीर खतरा है। देश के कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2050 तक भारत के 50 प्रतिशत से ज्यादा जिलों में पानी का विकट संकट हो सकता है। डीसीएम श्रीराम और सत्व नॉलेज की एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2050 तक देश में प्रति व्यक्ति जल की मांग में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की संभावना है, जबकि देश की बढ़ती आबादी और जल संसाधनों की कमी के चलते प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता में 15 प्रतिशत की कमी आ सकती है। पानी की बढ़ती मांग और सप्लाई में कमी के चलते संतुलन बिगडने की संभावना है। इसी कारण 2050 तक देश के 50 प्रतिशत जिलों में पानी का भयंकर संकट खड़ा हो सकता है।

**कृषि सेक्टर में सबसे ज्यादा पानी इस्तेमाल होता है**

**रिपोर्ट** के मुताबिक देश में जल संकट के पीछे कृषि सेक्टर बड़ी वजह है। कृषि प्रधान देश होने के कारण देश के कुल जल का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा खेती में इस्तेमाल होता है। इसके बाद घरेलू उपयोग और इंडस्ट्री सेक्टर में जल का प्रयोग होता है। यह ट्रेंड 2025 से लेकर 2050 तक भी जारी रहने का अनुमान है।

**कुशल सिंचाई के द्वारा जल बचाने की जरूरत**

**भारत** के कुल फसल उत्पादन का 90 प्रतिशत हिस्सा 3 प्रमुख फसलों- धान, गन्ना और गेहूं का है। देश के अधिकांश किसान सतही सिंचाई का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें जल उपयोग की दक्षता 35 प्रतिशत ही होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर सिंचाई जल का दक्षता से उपयोग किया जाए, तो 20 प्रतिशत पानी को बचा सकते हैं। एडवांस वाटर इफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी है, लेकिन हमारे पास दुनिया के पानी के सिर्फ 4 प्रतिशत संसाधन ही हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले फ्लेंकेनमार्क इंडेक्स के मुताबिक प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाकों को जल संकट से ग्रस्त माना गया है। इस इंडेक्स के हिसाब से 76 प्रतिशत भारतीयों के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है।